CMYK


खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, शुक्रवार 3 अक्टूबर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 262 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

अधिकतम :31⁰ C
न्यूनतम: 19⁰ C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper



## संक्षिप्त समाचार

### पति की हत्या में दोषी ब्रिटिश पत्नी को मिली मौत की सजा उम्रकैद में तब्दील

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर जनपद के बंडा क्षेत्र के गांव बसंतापुर में नौ साल पहले एनआरआई सुखजीत सिंह की हत्या में दोषी पत्नी रमनदीप कौर को मिली मौत की सजा इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आजीवन कारावास में तब्दील कर दी है। वहीं पत्नी के प्रेमी गुरप्रीत को सुनाई गई उम्रकैद को बरकरार रखा है। रमनदीप कौर और गुरप्रीत सिंह की ओर से शाहज. हांपुर के ट्रायल कोर्ट के फैसले को चुनौती देते हुए अपील की गई थी। इस अपील पर न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह, न्यायमूर्ति मदन पाल सिंह की खंडपीठ ने फैसला सुनाते कहा कि वक्त अदालत को कल्पना और पूर्वाग्रह से दूर रहना चाहिए, ताकि फैसला तर्कसंगत हो। सुखजीत ने जालंधर की मूल निवासी और इंग्लैंड के डर्बी शहर निवासी रमनदीप कौर से सन 2000 में शादी की थी।

### राष्ट्रपति मोदी समेत विभिन्न नेताओं ने दी गांधी को श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई अन्य नेताओं ने गुरुवार को गांधी जयंती के अवसर पर बापू को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर श्रीमती मुर्मू, राधाकृष्णन और मोदी सहित कई अन्य नेता महात्मा गांधी की समाधि स्थल राजघाट पहुंचे और उन्हें पुष्पांज. लि अर्पित की। राष्ट्रपति राजघाट पर महात्मा गांधी की 156वीं जयंती के अवसर पर आयोजि सर्व धर्म प्रार्थना में भी शामिल हुईं। इससे पहले मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, गांधी जयंती, प्रिय बापू के असाधारण जीवन को श्रद्धांजलि देने का दिन है, जिनके आदर्शों ने मानव इतिहास की दिशा बदल दी।

# पीलीभीत में बुखार का कहर, चार की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**पीलीभीत।** पीलीभीत जनपद के बीसलपुर कोतवाली के गांव रसिया खानपुर में एक सप्ताह से बुखार का प्रकोप फैला हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार गांव में बुखार से चार लोगों की जान जा चुकी है। 100 से अधिक ग्रामीण बुखार की चपेट में हैं।

डेंगू की बात भी कही जा रही है। आरोप है कि जानकारी के बाद भी स्वास्थ्य टीम अब तक गांव नहीं पहुंची है। गांव के नाजिम हुसैन चिश्ती ने बताया कि उनके चाचा इज़रातुल्ला चिश्ती (65 वर्ष) पांच दिन पूर्व तेज बुखार की चपेट में आ गए थे। उन्हें बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां बुधवार सुबह उनकी मौत हो गई। इसी गांव के शौकत हुसैन ने बताया कि उनकी बहन तसर्रुम (18) चार दिन पूर्व तेज बुखार की चपेट में आ गई थी। उसे भी बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। बुधवार दोपहर उसकी मौत हो गई। गांव निवासी जान मोहम्मद का 20 दिन का बेटा भी काल के गाल समा गया। परिजन के मुता. बिक उसे भी बुखार था। रामआसरे की पत्नी सुनीता (47 वर्ष) की भी बुखार से मौत हो गई। पूर्व प्रधान ने बताया कि गांव के 100 से अधिक लोग बुखार की चपेट में है। हर घर में मरीज है। कुछ मरीजों का उपचार बीसलपुर और कुछ का बरेली के निजी अस्पतालों में चल रहा है।

### अपहरण के मामलों में गाजियाबाद और कानपुर से आगे निकला लखनऊ

**लखनऊ।** नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो ने राजधानी में वर्ष 2023 में अपराध के आंकड़े जारी किए हैं। इसमें देश के 19 मेट्रोपोलिटन शहरों में यूपी के तीन शहर शामिल हैं। आंकड़ों के मुताबिक राजधानी में गाजियाबाद और कानपुर से ज्यादा अपहरण के मामले दर्ज किए गए हैं, जो लखनऊ में अपराध की स्थिति बताने के लिए काफी है। खास बात यह है कि लखनऊ हत्या, लूट, दुष्कर्म के अलावा अपहरण जैसे संगीन मामले में भी गाजियाबाद और कानपुर से बहुत आगे है। आंकड़ों के मुताबिक राजधानी में गाजियाबाद से 20 गुणा से भी ज्यादा मामले दर्ज किए गए। वहीं, कानपुर से दोगुना मामले सामने आए। इन आंकड़ों ने राजधानी पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# बापू-शास्त्री के सपने साकार कर रही डबल इंजन सरकार

लखनऊ, वार्ता



■ जयंती पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने योगदान को किया याद

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दोनों विभूतियों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। गोरखनाथ मंदिर में दोनों महान विभूतियों के चित्र पर पुष्पार्चन करने के बाद मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपिता और पूर्व प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व और राष्ट्रहित में उनके योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार बापू और शास्त्री के सपनों को साकार कर रही है।

सीएम योगी ने कहा कि विदेशी हुकूमत की जड़ों को उखाड़ फेंकने के लिए सत्य व अहिंसा के मार्ग का अनुसरण करने के साथ स्वदेशी देशवा. सियों को एकता के सूत्र में बांधने का आलंबन बनी। बापू के सपनों को साकार करने को आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वदेशी देश और दुनिया के लिए मॉडल बन रही है। स्वदेशी से ही जुड़ी उत्तर प्रदेश सरकार की ओडीओपी (एक जिला एक उत्पाद) योजना सफलता की नई ऊंचाई को छू रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वदेशी केवल खादी तक सीमित नहीं है, बल्कि वर्तमान समय में भारत की दिनचर्या का हिस्सा बन रही है। पीएम मोदी के उद्घोष के अनुरूप स्वदेशी भारत में चिप से लेकर शिप तक आत्मनिर्भरता की गारंटी बन रही है।

### आज भारत का ब्रांड है स्वच्छता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महात्मा गांधी को स्वच्छता सर्वाधिक पसंद थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत मिशन के जरिए स्वच्छता को एक नई ऊंचाई दी है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत देश में 12 करोड़ शौचालय बनाए गए हैं। इससे नारी गरिमा को सम्मान मिला है, साथ ही बीमारियों से बचाव और लोगों को लोगों की आर्थिक बचत भी हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज स्वच्छता हमारी पहचान और भारत का ब्रांड है।

### दीपावली के पूर्व हर जिले में स्वदेशी मेला

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि स्वदेशी को और बढ़ावा देने के लिए उन्होंने दीपावली के पूर्व प्रदेश के प्रत्येक जनपद में उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो की तर्ज पर स्वदेशी मेला आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही आज से प्रदेश में खादी वस्तुओं के क्रय पर 25 प्रतिशत छूट का भी शुभारंभ हो रहा है। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि वे स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए खादी व अन्य स्वदेशी वस्तुओं का उपहार दीपावली में दें।

## बरेली बवाल: रडार पर आरोपियों के मकान

# मार्केट-बारातघर व सौ संपत्तियां चिन्हित

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ तौकीर रजा खां को शरण देने के आरोपी फरहत का घर किया जाएगा सील

**बरेली।** बरेली में बवाल के आरोपियों के मकान, मार्केट व बरातघर जिला प्रशासन के रडार पर हैं। अधिकारी उनका रिकॉर्ड खंगाल रहे हैं। बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) मानचित्र के विपरीत कराए गए निर्माण को चिह्नित कर रहा है। दशहरे के बाद उनको सील किया जा सकता है। अब तक गिरफ्तार हुए 82 आरोपियों और उनकी सौ से अधिक संपत्तियों की सूची अधिकारियों के पास है। इसी सूची के आधार पर आरोपियों के आवासीय भवन, मार्केट और बरातघर आदि की लोकेशन खंगाली जा रही है।

पुलिस से मिली सूची के आधार पर बीडीए ने आरोपियों और उनके मददगारों की सौ से अधिक संपत्तियों को चिन्हित किया है। मौके पर कराए गए निर्माण का मानचित्र से मिलान कराया जाएगा। मानचित्र की शर्तों का उल्लंघन या कोई अन्य कमी पाए जाने पर पहले स्थल को सील करेंगे, फिर नोटिस देकर संबंधित का पक्ष सुनेंगे। अवैध निर्माण की पुष्टि हुई, तो बीडीए उसके ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कर सकेगा। कुछ भवनों पर नोटिस चस्पा किए हैं। कुछ भवन ऐसे भी हैं, जो बिना नक्शा पास कराए बना दिए गए। बीडीए उपाध्यक्ष मनिकंडन ये पहले ही कह चुके हैं कि बवाल के आरो. पियों पर बीडीए ने भी कार्रवाई शुरू कर दी है। इसके लिए डिटेल स्टडी की जा रही है। विधिक पक्ष का भी आकलन किया जा रहा है। मौलाना तौकीर रजा खां को शरण देने के आरोप में जेल गए फरहत खां का फाइक एन्क्लेव स्थित तीन मंजिला मकान शुक्रवार को बीडीए सील करेगा। इससे पहले फरहत के परिजनों को मकान खाली करना होगा। बारादरी थाने की पुलिस ने बीडीए का नोटिस फरहत की पत्नी खुशनसीब को सौंपा है। बीडीए के सक्षम प्राधिकारी की ओर से फाइक एन्क्लेव निवासी फरहत खां के नाम जारी नोटिस में लिखा है कि 120 वर्गमीटर जमीन पर अवैध रूप से तीन मंजिला भवन का निर्माण किया गया है। इसके विरुद्ध नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम-1973 के तहत कार्रवाई करते हुए 30 सितम्बर को वाद दायर किया गया है। अधिनियम के तहत भवन को तीन अक्तूबर तक सील किया जाना प्रस्तावित है। इसलिए तीन अक्तूबर से पहले भवन को खाली कर दें। घर पर मिली फरहत की बहू शाहीन का दावा है कि उनकी सास खुशनस. ीब की तबीयत खराब हो गई है। उन्हें बेटी फिजा के साथ रिश्तेदारी में भेज दिया गया है। हमारा मकान अभी का नहीं है।

### बरेली में इंटरनेट बैन दो दिन और बढ़ाया चार जिलों में पुलिस बल तैनात

**बरेली।** उत्तर प्रदेश में बरेली मंडल के चार जिलों में दशहरा के मद्देनजर गुरुवार को पुलिस, पीएसी और आरएएफ के जवान सड़कों पर तैनात किए गए हैं। निगरानी के लिए ड्रोन हवा में उड़ान भर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि सरकार ने बरेली में 48 घंटे के लिए इंटरनेट सेवाएं बंद करने का भी आदेश दिया है। जिले में मोबाइल इंटरनेट, ब्राडबैंड और एसएमएस सेवाएं 2 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे से 4 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे तक बंद रहेंगी।

# पद्मविभूषण पं. छन्नूलाल मिश्र का निधन

मिर्जापुर/वाराणसी।



■ काशी के घाट पर हुआ अंतिम संस्कार

प्रख्यात शास्त्रीय गायक और पद्मविभूषण से सम्मानित पं. छन्नूलाल मिश्र का गुरुवार को लंबी बीमारी के बाद मिर्जापुर मएं निधन हो गया। वह अपनी बेटी नम्रता मिश्र के साथ मिर्जापुर स्थित आवास पर रह रहे थे। नम्रता मिश्र ने बताया कि अंतिम संस्कार गुरुवार शाम को काशी के मणिकर्णिका घाट पर किया गया।

पं. मिश्र पिछले कई महीनों से अस्वस्थ थे। 11 सितम्बर को उनकी तबीयत बिगड़ने पर उन्हें मिर्जापुर के एक अस्पताल मएं भर्ती कराया गया था। स्वास्थ्य में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने उन्हें बीएचयू रेफर किया। 13 से 27 सितम्बर तक बीएचयू में उनका इलाज चला। स्वास्थ्य में सुधार के बाद उन्हें मिर्जापुर लाया गया था। बीएचयू की मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार पं. मिश्र टाइप-2 डायबिटीज, उच्च रक्तचाप और फेफड़ों के संक्रमण सहित कई बीमारियों से पीड़ित थे। पं. छन्नूलाल मिश्र का जन्म 3 अगस्त 1936 को आजमगढ़ के हरिहरपुर गांव में हुआ था। उनके दादा गुदई महराज प्रख्यात तबला वादक थे, जबकि पिता बद्री प्रसाद मिश्र संगीत के विद्वान थे। पं. मिश्र ने अपने पिता और उस्ताद अब्दुल गनी से संगीत की शिक्षा प्राप्त की थी। वह ख्याल, ठुमरी, दादरा, चैती, कजरी और भजन गायन के लिए विख्यात थे। उनका होली गीत 'खेले मसाने में होली' विशेष रूप से लोकप्रिय रहा।



**सेंसेक्स** 80956.01
**निफ्टी** 24782.70



**सोना रु.** 117332
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 161000
प्रति किलो



# एटीएम-डेबिट कार्ड के लिए वार्षिक शुल्क नहीं

मुंबई, वार्ता



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) बुनियादी बचत बैंक जमा (बीएसबीडी) खातों के लिए नए निर्देश जारी करेगा, जिसमें एटीएम-डेबिट कार्ड पर वार्षिक शुल्क समाप्त करने की भी योजना है।

केंद्रीय बैंक ने निर्देश का प्रारूप अपनी वेबसाइट पर साझा किया है और इस पर आम लोगों तथा अन्य हितधारकों से राय मांगी है। इसमें कहा गया है कि सभी बैंकों के लिए बुनियादी बचत बैंक जमा खाते की सुविधा देना जरूरी होगा और इसे सामान्य बैंकिंग सेवा माना जाएगा, जो सभी ग्राहकों के लिए उपलब्ध होगी। इसके साथ ही आरबीआई ने इन खातों पर कुछ सुविधाओं की सूची भी जारी की है, जो बिना किसी शुल्क के और बिना न्यूनतम बैलेंस की अर्हता के उपलब्ध कराई जानी चाहिए। आरबीआई ने कहा है कि इन खातों पर एक महीने एटीएम, कैश डिपॉजिट मशीन और डिजिटल माध्यमों से लेनदेन की पूरी सुविधा होनी चाहिए। ग्राहक जितनी बार और जितना पैसा चाहे जमा करा सकता है, उस पर कोई सीमा नहीं होगी। एटीएम कार्ड और डेबिट कार्ड की सुविधा भी निःशुल्क होगी और बैंक एटीएम-डेबिट कार्ड पर कोई वार्षिक शुल्क या कार्ड जारी करते समय या रिन्यू करते समय कोई शुल्क नहीं लेंगे। इसके अलावा हर साल कम से कम 25 चेक लीफ वाला चेकबुक भी निःशुल्क जारी किया जाएगा। इंटरनेट और मोबा. इल बैंकिंग की सुविधा भी बिल्कुल मुफ्त होगी। ग्राहक की मर्जी के अनुरूप पासबुक और मासिक लेखाजोखा भी बिना किसी शुल्क के प्रिंटेट या डिजिटल स्वरूप में निःशुल्क देना होगा। हर महीने कम से कम चार बार पैसे निकालने (ट्रांसफर के जरिये या एटीएम से) की सुविधा भी निःशुल्क होगी। इसमें डिजिटल माध्यम से किए गए लेनदेन जैसे एनईएफटी, आरटीजीएस, यूपीआई, आईएमपीएस आदि शामिल नहीं होंगे। साथ ही प्रारूप निर्देश में यह भी कहा गया है कि बैंक बीएसबीडी खाता खोलते समय उसमें कुछ राशि जमा कराने के लिए ग्राहक पर दबाव नहीं डालेंगे। बैंकों को खाता खोलने के लिए आने वाले लोगों को इन खातों के बारे में जागरूक करना होगा और अन्य बचत खातों तथा इनमें अंतर के बारे में बताना होगा। कोई ग्राहक अपने मौजूदा बचत खाते को शाखा में या ऑनलाइन आवेदन देकर बुनियादी बचत बैंक जमा खाते में बदलवा सकेगा, हालांकि ऐसा करने के बाद उसे उस बैंक में अपने अन्य बचत खातों को 30 दिन के अंदर बंद कराना होगा।

### दशहरा पर सोने-चांदी की कीमतों में बड़ा बदलाव

**नई दिल्ली।** गुरुवार दशहरा के अवसर पर सोना-चांदी की कीमतों में भारी उथल-पुथल देखने को मिली। देश की राजधानी दिल्ली, जयपुर, नोएडा, लखनऊ, गाजियाबाद जैसे नॉर्थ इंडिया के शहरों में 10 ग्राम 24 कैरेट गोल्ड का रेट 1,15,920 रुपये के आसपास कारोबार कर रहा है। वहीं चांदी का भाव प्रति किलोग्राम 161,000 रुपये के भाव से करोबार कर रहा है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के अनुसार सोने-चांदी की कीमतों में गुरुवार सुबह मामूली बढ़ोतरी देखी गई। 24 कैरेट सोने का भाव 1,17,332 प्रति दस ग्राम दर्ज किया गया। दिल्ली में 24 कैरेट सोने का भाव 1,19,400 , मुंबई में 1,19,250 , चेन्नई में 1,18,690 , कोलकाता में 1,19,250, अमृतसर में 1,19,400 , लखनऊ में 1,19,400 और जयपुर में 1,19,400 रुपये दर्ज किया गया। चांदी के भाव की बात करें तो नई दिल्ली में 1,55,591 रुपये प्रति किलो, मुंबई में 1,50,900, कोलकाता में 1,51,100 और चेन्नई में 1,61,100 रुपये प्रति किलो रहा। सोना-चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव विभिन्न कारकों से प्रभावित होते हैं।

# चावल नरम, गेहूं मजबूत, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़, चीनी और दालों के भाव बढ़े



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल के औसत भाव टूट गए, जबकि गेहूं की कीमतों में तेजी रही। खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया। चीनी और दालों के दाम बढ़ गए।

विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का दिसम्बर वायदा 62 रिंगिट की बढ़त के साथ 4,450 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.30 प्रतिशत की बढ़त के साथ 50. 57 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत 31 रुपये टूटकर 3,792.50 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं के भाव 36 रुपये बढ़कर 2,868.24 रुपये प्रति क्विंटल रहे। आटे की कीमत भी 52 रुपये बढ़े और यह 3,347.46 रुपये प्रति क्विंटल बिका। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। सरसों तेल की औसत कीमत 30 रुपये टूट गई। सूरजमुखी तेल 21 रुपये महंगा हुआ। सोया तेल की कीमत 93 रुपये और पाम ऑयल की 152 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। वनस्पति के दाम 207 रुपये और मूंगफली तेल के 120 रुपये प्रति क्विंटल बढ़े। दाल-दलहनों में तेजी रही। मूंग दाल की औसत कीमत 92 रुपये और उड़द दाल की 90 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। तुअर दाल 62 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मसूर दाल में 24 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। चना दाल भी नौ रुपये प्रति क्विंटल चढ़ी। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 91 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई। चीनी का भाव भी 38 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ा।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7906. 25 रुपये, मसूर काली 8172.79 रुपये, मूंग दाल 10155.41 रुपये, उड़द दाल 10501.61 रुपये, अरहर दाल 10574.97 रुपये प्रति क्विंटल।

# गांधी ने आरएसएस को कहा था 'सर्वसत्तावादी नजरिया रखने वाला सांप्रदायिक' संगठन: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि महात्मा गांधी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) को सर्वसत्तावादी दृष्टिकोण रखने वाला एक 'सांप्रदायिक' संगठन बताया था और उनके इस कथन के पांच महीने बाद, तत्कालीन गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल ने आरएसएस पर प्रतिबंध लगा दिया था।


कांग्रेस महासचिव तथा संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने गुरुवार को यहां एक बयान में कहा कि गांधीजी, आरएसएस को 'सत्तावादी सांप्रदायिक संगठन' कहा करते थे। रमेश ने इसके लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के निजी सचिव रहे प्यारेलाल की सन 1956 मएं लिखी एक पुस्तक 'महात्मा गांधी: द लास्ट फेज' का हवाला भी दिया। रमेश ने कहा कि इस किताब के दूसरे खंड के पृष्ठ 440 पर प्यारेलाल ने, महात्मा गांधी और उनके एक सहयोगी के बीच हुई बातचीत का उल्लेख किया है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**राज्य पाठ्यक्रम....** समाप्त किया और 250 से ज्यादा अवैध मदरसे बंद कराए गए। अब एक जुलाई 2026 से हमारी सरकार उत्तराखंड में केवल उन्हीं मदरसों को मान्यता देने का काम करेगी, जो सरकार द्वारा निर्धारित राज्य शिक्षा नीति में स्वीकृत पाठयक्रम को अपने यहां पर लागू करेंगे। उन्होंने कहा कि शहीदों के प्रति हमारी सरकार कृतज्ञ है। राज्य आंदोलनकारियों और शहीद परिवारों के हितों के लिए सरकार ने बड़े काम किए हैं। सरकारी नौकरियों में आरक्षण, मासिक पेंशन, बच्चों को निःशुल्क शिक्षा, निःशुल्क यात्रा व्यवस्था, इन परिवारों की तलाकशुदा और विधवा बेटियों को भी सरकारी नौकरी हमारी सरकार दे रही है। इस अवसर पर उत्तराखंड सरकार के धर्म व संस्कृति, लोक निर्माण, सिंचाई एवं पंचायती राज विभाग के मंत्री सतपाल महाराज, यूपी सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अनिल कुमार, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल, पूर्व केन्द्रीय मंत्री डा. संजीव बालियान, विधायक रुड़की प्रदीप बत्रा, विधायक खानपुर उमेश कुमार, विधायक झबरेड़ा विरेन्द्र जाति, रुड़की नगर निगम के मेयर ललित मोहन अग्रवाल, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजेन्द्र अणथवाल, राज्य आंदोलनकारी सम्मान परिषद् के अध्यक्ष सुभाष बड़थवाल, उत्तराखंड संस्कृति एवं साहित्य कला परिषद् की उपाध्यक्ष मधु भट्ट, भाजपा जिलाध्यक्ष डा. सुधीर सैनी, संस्कृति सचिव योगेन्द्र किशोर पन्त, राज्य आंदोलनकारी कमला भमोला, रिषीप्रकाश काला, त्रिलोक भट्ट, पूर्व विधायक अशोक कंसल सहित भाजपा से जुड़े उत्तराखंड और यूपी के अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हर परिवार सालाना पांच हजार रुपये का खादी का सामान खरीदे: शाह

नई दिल्ली, वार्ता



■ गृहमंत्री ने गांधी जयंती पर खादी महोत्सव 2025 की शुरुआत की

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने स्वदेशी को बढ़ावा देने और साल 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए हर परिवार से हर साल 5,000 रुपये का खादी का सामान खरीदने की अपील की है।

शाह ने यहां खादी ग्रामोद्योग भवन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर गुरुवार को खादी महोत्सव 2025 की शुरुआत करने के बाद मीडिया से बात करते हुए कहा कि महात्मा गांधी ने आजादी के अभियान में कई ऐसे विचारों को चुना, जो भविष्य के भारत का नक्शा तैयार करने में महत्वपूर्ण साबित हुए। उसी मएं दो बड़े विचार स्वदेशी और खादी थे। दोनों को आजादी की लड़ाई से अलग नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि बहुत लंबे समय तक इन दोनों विचारों को भुला दिया गया था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें पुनर्जीवित किया है। उन्होंने कहा कि इन दोनाएं अभियानों को सफल करने के लिए मैं आज देश की जनता से अपील करता हूं कि हर परिवार कम से कम 5,000 रुपये का खादी (का सामान) सालान खरीदे।

चाहे आप चादर या तकिये का खोल ले लीजिये, चाहे पर्दे या तौलिये। ये चीजें जब आप खरीदते हैं, तो आप किसी के लिए रोजगार का कारण बनते हैं। और जब आप स्वदेशी का व्रत अपनाते हैं, तो 2047 तक भारत को दुनिया में सर्वोच्च स्थान तक ले जाने के लिए एक महत्वाकांक्षी अभियान के साथ अपने-आप को जोड़ते हैं। उन्होंने लोगों से खादी और स्वेदशी के अभियान को ताकत देने तथा अपने स्वभाव का हिस्सा बनाने की अपील की और कहा कि हमें ये दोनों अभियान अगली पीढ़ी को भी देकर जाना चाहिए। खादी महोत्सव के दौरान दो अक्टूबर से पांच नवंबर तक खादी के सभी सामानों पर 20 प्रतिशत और खादी ग्रामोद्योग के तहत बने अन्य सामानों पर 10 प्रतिशत की छूट दी जा रही है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :29°C
न्यूनतम: 20°C

मुजफ्फरनगर, शुक्रवार 3 अक्टूबर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 262 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आश्विन शुक्ल पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 10 रबी उल सानी 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बरेली बवाल: रडार पर आरोपियों के मकान, इंटरनेट बैन दो दिन और बढ़ा पेज 2



बुमराह भारत में सबसे तेजी से 50 विकेट पूरे करने वाले भारतीय बने खेल टाइम्स



राहुल की कोलंबिया यात्रा से चीन तक सम्पादकीय



अमेरिका में साढ़े सात लाख कर्मचारी छुट्टी पर भेजे गए पेज 12

# राज्य पाठ्यक्रम लागू करने वाले मदरसों को ही मिलेगी मान्यता: धामी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**मुजफ्फरनगर/देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड सरकार ने देवभूमि का धार्मिक और सनातन स्वरूप बचाने के साथ ही यहां संस्कृति के संरक्षण और धर्म आधारित परम्पराओं की सुरक्षा के लिए कई सख्त फैसले लिए हैं। इनमें लैंड, लव और थूक जिहाद पर अंकुश लगाने के साथ ही सीएए और दंगा निरोधी कानून को लागू करना भी शामिल है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी गुरुवार को पृथक राज्य आंदोलन के दौरान हुए रामपुर तिराहा कांड की 31वीं बरसी पर मुजफ्फरनगर स्थित रामपुर तिराहा शहीद स्मारक पर उत्तराखंड आंदोलन के बलिदानियों को श्रद्धांजलि देते हुए नमन किया और उत्तराखंड आंदोलन के बलिदानियों को याद करते हुए कहा कि राज्य आन्दोलन कारियों के बलिदान से ही उत्तराखंड राज्य का निर्माण संभव हो सका है। इन शहीदों ने भविष्य बनाने के लिए अपना वर्तमान बलिदान कर दिया।

**■ उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने कहा: संस्कृति के संरक्षण और धर्म आधारित परम्पराओं की सुरक्षा के लिए कई सख्त फैसले लिए**

हमारी सरकार आंदोलनकारियों और शहीदों के परिजनों के कल्याण के लिए निरंतर संकल्पित है तथा उनके हितों और सम्मान की रक्षा के लिए हर संभव कार्य कर रही है। इन आंदोलनकारियों के अदम्य साहस, बलिदान और संघर्ष के परिणामस्वरूप ही उत्तराखंड के रूप में पृथक राज्य का गठन संभव हुआ। इस राज्य की नींव में इन शहीदों के रक्त की आहुति शामिल है। हमारी सरकार अमर शहीदों के सपनों के अनुरूप प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए पूर्ण समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि लैंड, लव और थूक जिहाद पर अंकुश लगाने के साथ ही सीएए और दंगा निरोधी कानून को लागू करना इसके तहत हरी चादर बिछाकर मजार बनाकर सरकारी भूमि को कब्जाने वाले लोगों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई हुई और लैंड जिहाद के खिलाफ चले इस अभियान में सरकार ने अभी तक 9 हजार एकड़ भूमि को लैंड जिहादियों से मुक्त कराया। इस कार्रवाई में सरकारी भूमि पर बने 550 मजारों और दो मस्जिदों को हटाया गया। दंगा निरोधी कानून बनाकर दंगाइयों से ही नुकसान की भरपाई की व्यवस्था कराई है। मदरसा बोर्ड की कबिलाई संस्कृति वाली शिक्षा को हटाने के लिए बोर्ड को -**शेष पृष्ठ दो पर**



**नई दिल्ली। पीएम मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को उनकी जयंती पर विजय घाट पर श्रद्धांजलि अर्पित की।**

## छत्तीसगढ़-बिहार में बिजली गिरने से 7 मरे व यूपी-एमपी में भी एक-एक की जान गई

**नई दिल्ली।** देश में मानसून सीजन 30 सितम्बर को खत्म हो गया, लेकिन कई राज्यों में बारिश का दौर जारी है। छत्तीसगढ़ में बारिश और बिजली गिरने से 4 लोगों की मौत हो गई है। राज्य के 28 जिलों में गुरुवार से अगले 3 दिनों तक तेज बारिश का अलर्ट है। बिहार के बक्सर और नवादा जिले में बिजली गिरने से 3 लोगों की मौत हो गई। राज्य के 35 जिलों में भारी बारिश के साथ तेज हवाएं और बिजली गिरने की आशंका है। राज्य में 7 अक्टूबर तक बारिश का दौर जारी रहेगा। उत्तर प्रदेश के 36 जिलों में भी बारिश का अलर्ट है। जालौन में बारिश और बिजली गिरने से 100 साल पुराना शिव मंदिर ढह गया। बिजली की चपेट में आने से एक किसान की मौत हो गई। मध्य प्रदेश के पन्ना में एक व्यक्ति की बिजली गिरने से मौत हो गई।

## लेह हिंसा मामले में गिरफ्तार 26 लोगों को अंतरिम जमानत

**श्रीनगर।** केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में हाल में हुई हिंसा के मामले में गिरफ्तार किए गए बिहार के दो प्रवासियों सहित 26 लोगों को लेह की एक स्थानीय अदालत ने अंतरिम जमानत दे दी है। गौरतलब है कि अधिक स्वायत्तता और राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग को लेकर लेह में हुए विरोध प्रदर्शनों के बाद पुलिस ने लगभग 50 लोगों को गिरफ्तार किया था। प्रदर्शन के दौरान हिंसक झड़पों में चार लोगों की मौत हो गई और 100 से ज्यादा घायल हुए थे। सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के नेतृत्व में भूख हड़ताल के 15वें दिन यह झड़पें हुई थी। श्री वांगचुक पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत मामला दर्ज कर उन्हें राजस्थान की जोधपुर जेल भेज दिया गया था, जिन्हें अदालत ने ज़मानत दे दी।

## लेह हिंसा की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश

**श्रीनगर।** लद्दाख प्रशासन ने 24 सितम्बर को लेह में हुई हिंसा की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि इस हिंसा में चार लोग मारे गए थे और सौ से ज्यादा लोग घायल हुए थे। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि लेह के जिलाधिकारी ने उप-जिलाधिकारी नुबरा मुकुल बेनीवाल को उन परिस्थितियों की जांच की जिम्मेदारी सौंपी है, जिनके कारण कानून-व्यवस्था बिगड़ी और पुलिस कार्रवाई करनी पड़ी। इस जांच रिपोर्ट को चार हफ्तों में सौंपने का आदेश दिया गया है।

# पाक ने किया दुस्साहस, तो मिलेगा मुंहतोड़ जवाब: राजनाथ

## विजयदशमी पर रक्षा मंत्री की पाकिस्तान को चेतावनी

कच्छ (गुजरात), वार्ता

**यदि पाकिस्तान** की ओर से सर क्रीक क्षेत्र में कोई भी दुस्साहस किया गया, तो उसे ऐसा निर्णायक जवाब मिलेगा कि इतिहास और भूगोल दोनों बदल जाएंगे।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विजयदशमी के अवसर पर गुजरात के कच्छ में शस्त्र पूजन कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद भारतीय सेना को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को कड़े शब्दों में चेतावनी भी दी। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के सभी उद्देश्यों को सफलतापूर्वक हासिल कर लिया है, लेकिन सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ उसकी लड़ाई जारी रहेगी। भारत न केवल शस्त्रों की पूजा करता है, बल्कि समय आने पर उनका प्रयोग करना भी जानता है। दशहरा के अवसर पर शस्त्र पूजा से पहले गुजरात के भुज स्थित एक सैन्य अड्डे पर सैनिकों के एक समूह को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि शस्त्रों के प्रति समर्पण आसुरी शक्तियों पर दैवी शक्ति की विजय की महानता को दर्शाता है।



**■ पाकिस्तान की नीयत में खोट है: रक्षा मंत्री**
**■ बोले: भारतीय सेना जब चाहे और जहां चाहे पाकिस्तान को भारी नुकसान पहुंचा सकती है**

### राजनाथ सिंह ने की एल-70 एयर डिफेंस गन की पूजा

**कच्छ।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को दशहरे पर भुज में एक मिलिट्री बेस का दौरा किया। यहां एल-70 गन डिफेंस सिस्टम समेत शस्त्र पूजा से पहले सैनिकों को संबोधित किया। इस गन का इस्तेमाल ऑपरेशन सिंदूर में किया गया था। एल-70 गन एक मिनट में 300 गोले दागती है। 3,500 मीटर तक टारगेट कर सकती है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी ड्रोन को मार गिराने में एल-70 सिस्टम ने अहम भूमिका निभाई थी। इस दौरान राजनाथ सिंह ने सर क्रीक इलाके में सीमा विवाद को लेकर पाकिस्तान को चेतावनी दी। रक्षा मंत्री ने कहा कि आजादी के 78 साल बाद भी सर क्रीक में सीमा को लेकर विवाद खड़ा किया जाता है। भारत ने कई बार बातचीत के जरिये इसे सुलझाने की कोशिश की है, लेकिन पाकिस्तान की नीयत में खोट है, उसकी नीयत साफ नहीं है। रक्षा मंत्री ने कहा कि जिस तरह से हाल में पाकिस्तान ने सर क्रीक से सटे इलाकों में अपना मिलिट्री इन्फ्रास्ट्रक्चर बढ़ाया है, वह उसकी नीयत बताता है।

# लोकतंत्र पर हमला भारत के लिए सबसे बड़ा खतरा: राहुल गांधी

कोलंबिया, वार्ता

**लोकसभा** में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने दक्षिणी अमेरिकी राज्य कोलंबिया की ईआईए यूनिवर्सिटी में इंजीनियरिंग छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज भारत के सामने सबसे बड़ा खतरा लोकतंत्र पर हो रहे हमले का है। उन्होंने मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भारत जैसे विविधताओं से भरे देश को लोकतंत्र की जरूरत है, लेकिन वर्तमान समय में यह व्यवस्था सभी तरफ से दबाव और हमले झेल रही है।

इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि भारत की तुलना चीन से करना सही नहीं है। चीन एक केंद्रीकृत और एकरूप प्रणाली पर चलता है। भारत विकेंद्रीकृत है, यहां कई भाषाएं, धर्म और परंपराएं हैं। उन्होंने कहा कि भारत का सिस्टम बहुत जटिल है। हमारी ताकत इसी विविधता में है। हम चीन की तरह लोगों को दबाकर तानाशाही नहीं चला सकते। भारत का ढांचा लोकतांत्रिक है और इसे वही तरीका चाहिए, जिसमें सबको जगह और सम्मान मिले। राहुल गांधी ने कहा कि भारत एक संवाद है, जहां अलग-अलग धर्म, विचार और परंपराएं साथ रहती हैं। लोकतंत्र इन सभी को जगह देता है। आज इसी व्यवस्था पर सबसे बड़ा हमला हो रहा है। उन्होंने चेताया कि अगर अलग-अलग भाषाओं, धर्मों और परंपराओं को दबाया गया, तो देश में दरारें गहरी होंगी। कांग्रेस नेता ने इतिहास का उदाहरण देते हुए कहा कि सुपरपावर बनने का सफर ऊर्जा परिवर्तन से जुड़ा होता है।




### विदेश में देश की छवि खराब करना राहुल की आदत

**नई दिल्ली।** भाजपा नेताओं का कहना है कि राहुल गांधी विदेश जाकर भारत की छवि खराब करते हैं और लोकतंत्र की आलोचना का अवसर पाकर देश को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर बदनाम कर रहे हैं। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने सोशल मीडिया पर वीडियो साझा करते हुए कहा कि राहुल गांधी ने फिर से विदेशी मंच पर भारत को अपमानित किया। उन्होंने कहा कि लंदन में लोकतंत्र की बदनाम, अमेरिका में संस्थानों का मजाक बनाने के बाद अब कोलंबिया में राहुल गांधी ने भारत की छवि को वैश्विक स्तर पर ठेस पहुंचाई।

## निर्भरता भारत की मजबूरी न बने

**नागपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने गुरुवार को कहा कि पहलगाम हमले में आतंकियों ने धर्म पूछकर हिंदुओं की हत्या की। हमारी सरकार और सेना ने इसका जवाब दिया।

इस घटना से हमें दोस्त और दुश्मन का पता चला। उन्होंने कहा कि हमें अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में समझ रखनी होगी। पहलगाम घटना हमें सिखा गई कि भले ही हम सभी के साथ दोस्ती का भाव रखते हैं और रखेंगे, लेकिन हमें अपनी सुरक्षा के प्रति और अधिक सजग, समर्थ रहना पड़ेगा। आरएसएस प्रमुख ने यह बात गुरुवार को नागपुर में विजयदशमी पर संगठन के शताब्दी समारोह में कही।

**■ भागवत ने कहा: पहलगाम हमले से दोस्त व दुश्मनों का पता चला**

## राष्ट्रपति मुर्मू ने किया रावण दहन

**नई दिल्ली।** दिल्ली के लाल किला मैदान पर श्री धार्मिक लीला समिति द्वारा आयोजित विजयदशमी उत्सव में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शामिल हुईं। राष्ट्रपति ने प्रतीकात्मक रूप से तीर चलाकर रावण के पुतले का दहन किया।

उन्होंने कहा कि मानवता अच्छाई की जीत से फलती-फूलती है और भारतीय सेना का ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के रावण पर मानवता की विजय का प्रतीक है। जब आतंकवाद का दानव मानव जाति पर आक्रमण करता है, तो उसका वध करना आवश्यक हो जाता है। भारतीय सेना द्वारा किया गया ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के रावण पर मानवता की विजय का प्रतीक है।



**■ दिल्ली में बारिश के चलते पीएम मोदी का कार्यक्रम रद्द**

## दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में बारिश से बदला मौसम

**नई दिल्ली।** दिल्ली समेत एनसीआर में गुरुवार शाम को अचानक से मौसम बदल गया। सुबह से ही आसमान में हल्के बादल छाए हुए थे। दोपहर होते-होते दिल्ली के कई इलाकों में हल्की बारिश हुई। वहीं शाम को अचानक से दिल्ली, नोएडा में झमाझम बारिश शुरू हो गई। बारिश का असर दुर्गा मां के विसर्जन स्थलों पर भी दिखा है। बारिश को लेकर मौसम विभाग ने पहले ही चेतावनी जारी कर दी थी। राजधानी में 4 अक्टूबर से नया तीव्र पश्चिमी विक्षोभ उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित करेगा।

# भारत-यूरोप के चार देशों में फ्री ट्रेड समझौता लागू

**नई दिल्ली।** भारत और यूरोप के चार देशों (स्विट्जरलैंड, नॉर्वे, आइसलैंड और लिकटेंस्टीन) के समूह ईएफटीए के बीच हुआ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) बुधवार से लागू हो गया।

यह भारत का इन चार विकसित यूरोपीय देशों के साथ पहला एफटीए है। समझौते की खास बात यह है कि इसमें पहली बार निवेश और रोजगार से जुड़ी बाध्यकारी प्रतिबद्धता शामिल है। यानी ये चारों देश अगले 15 साल में भारत में 100 अरब डॉलर (करीब 8.86 लाख करोड़ रुपये) निवेश करेंगे। इससे प्रत्यक्ष रूप से करीब 10 लाख नौकरियां पैदा होंगी। ईएफटीए ने देश के 99.6 फीसदी निर्यात (92 फीसदी टैरिफ लाइनों) पर शुल्क छूट दी है। भारत ने भी 82.7 फीसदी टैरिफ लाइनों पर रियायतें दीं। हालांकि फार्मा, मेडिकल डिवाइसेज, प्रोसेस्ड फूड, डेयरी, सोया, कोल और कुछ कृषि उत्पादों जैसे संवेदनशील सेक्टर को इस समझौते में सुरक्षा दी गई है। गोल्ड पर कोई बदलाव नहीं होगा, क्योंकि भारत का 80 फीसदी से ज्यादा ईएफटीए से इंपोर्ट गोल्ड का ही होता है। आईटी, शिक्षा, बिजनेस सेवाएं और ऑडियो-विजुअल सेवाओं को बढ़ावा मिलेगा। नर्सिंग, चार्टर्ड अकाउंटेंसी और आर्किटेक्चर जैसे क्षेत्रों में समझौते से भारतीय पेशेवरों को नए अवसर मिलेंगे। आयात पर लगने वाले शुल्क (टैरिफ) घटने से कई यूरोपीय उत्पाद भारतीय बाजार में सस्ते मिलेंगे। भारत में स्विट्जरलैंड की वाइन, चॉकलेट, कपड़े, बिस्किट, अंगूर, ड्राई फ्रूट्स, सब्जियां, कॉफी और घड़ियों जैसे कई प्रोडक्ट सस्ते हो जाएंगे।



**■ 15 साल में मिलेंगे 10 लाख जॉब, नौ लाख करोड़ का होगा निवेश, सब्जियां-कपड़े सस्ते होंगे**

Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्ध:
• वेल्डर (3G & 4G ARC) • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर • सिलाई टेलर
वेतन: 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़:
• रेफरेन • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

# दो अक्टूबर पीड़ा दायक अध्याय के रूप में याद किया जाएगा: धामी

## रामपुर तिराहा गोली कांड की 31वीं बरसी पर याद किए गए उत्तराखंड के शहीद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपार।** उत्तराखंड शहीद स्मारक पर पहुंचे उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को मुजफ्फरनगर के रामपुर तिराहा गोलीकांड के शहीदों की 31वीं बरसी पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। सीएम धामी ने कहा कि उत्तराखंड आंदोलन के इतिहास में 2 अक्टूबर 1994 का दिन पीड़ा दायक अध्याय के रूप में याद किया जाएगा। तत्कालीन सरकार ने बहुत ही बर्बरता पूर्वक निहत्ते आंदोलनकारी पर गोली चलवाई और महिलाओं पर अमानवीय अत्याचार किया जो जलियांवाला बाग कांड से भी बढ़कर था। और कहां मैं उत्तराखंड के उन शहीदों को नमन करता हूं जिन्होंने अपना वर्तमान दांव पर लगाकर उत्तराखंड राज्य के निर्माण के लिए अपना योगदान दिया आज भी उसे बर्बरता पूर्वक हुए गोलीकांड और महिलाओं की अस्मिता पर किए गए अमानवीय अत्याचारों को याद करते हुए प्रत्येक उत्तराखंड वासी की रूह कांप उठती है।

जनता की जिम्मेदारी जिनके कंधों पर थी उन्होंने बर्बरता की सारी हदें पार कर दी। जिन्होंने एक शांतिपूर्ण आंदोलन को निर्दयता से उछालने का काम किया। उत्तराखंड आंदोलन में शहीदों के आश्रितों को सरकारी नौकरीया दी। उनके बच्चों को निशुल्क शिक्षा और बसों में निशुल्क यात्रा का प्रावधान किया। कार्यक्रम के दौरान शहीद स्मारक के लिए अपनी भूमि दान करने वाले स्वर्गीय पंडित महावीर शर्मा की प्रतिमा का अनावरण किया गोली कांड की 31वीं बरसी पर अन्य लोगों ने भी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री संजीव बालियान, उत्तराखंड सरकार में कैबिनेट मंत्री सतपाल जी महाराज, कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, मंत्री कपिल देव अग्रवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष सुधीर सैनी, सुशील त्यागी, मामेश ठाकुर, राजकुमार, विजेंदर त्यागी आदि ने आंदोलन में शहीद हुए आंदोलनकारी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

दो अक्टूबर को आयोजित होने वाले प्रति वर्ष कार्यक्रम में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री शिरकत करते रहे है। गुरूवार को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्करसिंह धामी ने

पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड में लव जिहाद के खिलाफ सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने का अभियान आगे भी जारी रहेगा उन्होंने बताया कि धार्मिक संरचना के आधार पर सरकारी भूमि कब जाने वालों के खिलाफ निर्णायक कार्यवाही की जा रही है अब तक 9000 एकड़ सरकारी जमीन मुक्त कराई गई है हमारा प्रयास रहेगा कि भविष्य में इस आधार पर कोई भी सरकारी भूमि पर कब्जा नहीं कर सके।

## उत्तराखंड के शहीदों से रूबरू कराएगा स्मारक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि रामपुर तिराहा कांड के बाद यहां के आसपास के लोगों ने पीड़ितों की मदद के लिए इंसा. नियत को जीवित रखा है और यह स्मारक जहां शहीदों के बलिदान का साक्षी है तो वहीं इंसानियत और भाईचारे की कहानी को भी बयां करता है। हमारी सरकार ने अब इस शहीद स्मारक का रि-डवलपमेंट प्लान बनाने का काम शुरू किया है। इसको भव्य स्वरूप दिया जायेगा। उन्होंने रामपुर तिराहा गोलीकांड शहीद स्मारक के विकास की नई योजनाओं की घोषणा करते हुए कहा कि संस्कृति विभाग इसके पुन:विकास का खाका बना रहा है। इसके साथ ही यहां पर एक भव्य कैंटीन की स्थापना होगी। साथ ही रामपुर तिराहा पर उत्तराखंड की सभी सरकारी बसों के लिए एक विशेष ठहराव की व्यवस्था की जायेगी, ताकि इन बसों में सफर करने वाले लोगों को यहां पर कुछ देर विश्राम के कराने के साथ शहीदों के बारे में अवगत कराने की व्यवस्था की जायेगी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने रामपुर, सिसौना और बागोवाली गांवों में दोनों राज्यों के बीच मैत्री बढ़ाने के उद्देश्य से जन मिलन केन्द्र बनाने का निश्चय किया है।




मुजफ्फरनगर: रामपुर तिराहा शहीद स्मारक पर समारोह को संबोधित करते सीएम पुष्कर धामी।



मुजफ्फरनगर: शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि समारोह में पहुंचे लोग।

# डीएम व एसएसपी ने बापू व शास्त्री जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की





**सादा जीवन उच्च विचार अपनाने की दी नसीहत**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर कलेक्ट्रेट व पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को नमन करते हुए जिलाधिकारी उमेश मिश्रा व एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने कहां कि आज का दिन हम सभी के लिए अत्यंत प्रेरणादायक है, क्योंकि यह हमें दो महान व्यक्तित्वों के जीवन, विचारों और आदर्शों को स्मरण करने का अवसर प्रदान करता है। महात्मा गांधी जी ने सत्य, अहिंसा, सादगी, अनुशासन और सेवा भाव को जीवन में धारण कर भारत को स्वतंत्रता दिलाई। उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में अद्‌भुत नेतृत्व प्रदान करते हुए देशवासियों को एक सूत्र में पिरोया। उन्होंने उनके जीवन, व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला और सभी को उनसे प्रेरणा लेने का आह्वान किया गया।

जिलाधिकारी उमेश मिश्रा व एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने कहा लाल बहादुर शास्त्री का जीवन सादगी, ईमानदारी और राष्ट्रभक्ति का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने देश को ह्जय जवान, जय किसान का अमर नारा दिया, जिसने देशवासियों में आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की भावना का संचार किया। शास्त्री जी ने अपने कर्म से यह सिद्ध किया कि सच्चा नेतृत्व विनम्रता, निष्ठा और जनसेवा में निहित होता है। जिलाधिकारी द्वारा उनके जीवन, व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला गया और सभी को उनसे प्रेरणा लेने का आह्‌वान किया गया। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढियां को और हम सभी वह शक्ति दे कि हम उनके आदर्शों को स्वीकार कर सकें आत्मसात कर सकें और अभिनव भारत के नए भारत के निर्माण में अपना जो भी हमारा योगदान हो उसकी पूरी कर्तव्य निष्ठा के साथ ईमानदारी के साथ दृढ़ता के साथ हम लोग निर्वहन कर सकें आने वाले समय में एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण हो एक प्रभुतशाली राष्ट्र का निर्माण हो तो सच्चे अर्थों में इन दोनों महान पुरुषों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

इस अवसर पर अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व गजेंद्र कुमार ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के विचारों पर चलकर हम लोगों के साथ सादगी पूर्ण व्यवहार करें एवं कार्यालय में अपनी समस्या लेकरआने वाले व्यक्ति की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण करें एवं सदा जीवन उच्च विचार के संस्कारों पर आगे बढ़े। अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय कुमार सिंह ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की आज हम सभी दोनों महापुरुषों की जयंती मना रहे हैं, हम सभी यह संकल्प लें कि हम गांधी और शास्त्री के विचारों को अपने आचरण और कार्यों में उतारेंगे तथा स्वच्छ, समरस, आत्मनिर्भर और सशक्त भारत के निर्माण में अपना अपना सक्रिय योगदान दें। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट पंकज कुमार राठौर तथा कलेक्ट्रेट के अधिकारीयों व कर्मचारियों ने भी ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक, सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# बिगड़ते मौसम से चिंतित दिखाई दिए रावण दहन कार्यक्रम के आयोजक

**मंडी क्षेत्र के कुछ इलाकों में हुई हलकी बारिश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मौसम विभाग की भविष्यवाणी के चलते आज रावण दहन को लेकर आयोजन दिनभर परेशान दिखे मौसम विभाग ने भविष्यवाणी की थी कि आज विजयदशमी के दिन सुबह और दोपहर 3 बजे के बाद बारिश हो सकती है जिस कारण रामलीला आयोजन से जुड़े आयोजन यह सोचकर परेशान रहे कि यदि बारिश आ गई तो दहन के लिए खड़े किए गए रावण, मेघनाथ और कुंभकरण के पुतला का क्या होगा।

प्रात: 11 बजे के आसपास नई मंडी आदर्श कॉलोनी गांधी कॉलोनी आदि क्षेत्रों में तेज बारिश भी हुई लेकिन शहर और अन्य हिस्सा बारिश से बचा रहा जिस कारण पुतलों को कोई खास नुकसान नहीं हुआ वैसे तेज हवाओं के कारण पुतले हिले ढूंढते रहे तथा उनके गिरने की आशंका बनी रही रावण दहन के वक्त भी आसमान में काले बादल छाए हुए थे और ठंडी तेज हवाएं चलने से रावण दहन देखने आए लोग तो आनंदित हुए, परंतु आयोजन कमेटी से जुड़े सदस्य कलाकारों से कहते रहे की भाई जल्दी करो, जल्दी करो, जल्दी करो...।

# धूं-धूं कर जल उठे रावण, मेघनाथ व कुंभकरण के पुतले

## पटेल नगर, नुमाईश ग्राउंड सहित अन्य स्थानों पर विजय दशमी पर्व पर उमड़े लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के द्वारा छोड़े गए अग्निबाण से बुराई सत्य अहंकार और अन्य के प्रतीक रावण, मेघनाथ और कुंभकरण के वशाल. काय पुतले देखते ही देखते हैं धू-धू करके जल उठे, यह देख नुमाइश मैदान, नई मंडी, पटेल नगर, इंदिरा कॉलोनी, गांधी कॉलोनी, रामपुरी और रामलीला टीले पर रावण दहन देखने आए हजारों श्रद्धालुओं ने जय श्री राम के जयकारे लगाए। रावण दहन से पहले इन सभी रामलीला मैदानो मैं श्री राम और रावण की सेना के बीच भयंकर युद्ध हुआ। रावण दहन देखने आए हजारों बच्चे वापस घर लौटते वक्त रामलीला मंडप के बाहर लगाए गए मेले से गड़ा धनुष तलवार आदि खिलौने भी अपने साथ ले गए इसके बाद श्री राम की विजय यात्रा निकाली गई और भारत मिलाप की लीला का मनोहारी मंचन भी किया गया।

विजयदशमी पर्व पर श्रद्धालुओं ने विधि विधान से मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की पूजा अर्चना की। अस्त्र और शस्त्र की पूजा के बाद साइकिल बच्चे अपने परिवारों के साथ रावण दहन देखने के लिए रामलीला मंडपम भी गए नुमाइश मैदान नई मंडी पटेल नगर रामलीला टीला फ्रेंड्स कॉलोनी गांधी कॉलोनी रामपुरी आदि स्थानों पर भारी भीड़ रावण दहन देखने आई हुई थी इन सभी स्थानों पर पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ संजीव बालियान राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप आदि विशेष रूप से आए हुए थे जिलाधिकारी उमेश मिश्रा तथा एसपी संजीव कुमार वर्मा भी नुमाइश मैदान में बतौर अतिथि आए हुए थे उन्होंने भी अपनी ओर से श्रद्धालुओं को विजयदशमी पर्व की शुभकामनाएं दी नई मंडी रामलीला में आए मुख्य अतिथि निरंकार स्वरूप समाजसेवी भीम सैन कंसल, उद्यमी राकेश बिंदल, संजीव जैन ने घोषणा की कि अगले वर्ष नई मंडी रामलीला के मंचन को 100 वर्ष होने जा रहे हैं इस शताब्दी वर्ष को भव्य ढंग से मनाया जाएगा जिसमें वह हर प्रकार का सहयोग करेंगे। यहां वृंदावन से आई मंडली के कलाकारों ने लीला का मनोहारी मंचन किया विभीषण के कहने पर भगवान श्री राम ने धनुष से एक साथ 31 तीर छोड़े जिन्होंने रावण के 10 सिर, 20 भुजाएं काट डाली। अग्निबाण के रावण के नाभि में लगते ही रावण मोक्ष को प्राप्त हो गया। नई मंडी रामलीला कमेटी के अध्यक्ष संजय मित्तल, मंत्री अशोक गर्ग, कोषाध्यक्ष आदित्य भारती, भाजपा नेता गौरव स्वरूप, चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, विकल्प जैन आदि ने सभी श्रद्धालुओं का आभार जताया और वादा किया कि शताब्दी वर्ष में रामल. ीला का भव्य मंचन किया जाएगा जो अनेक विशेषताओं को लिए हुए होगा। दहन के बाद भीड़ अपने साथ पुत्रों के अवशेष भी ले गई। रावण दहन के दौरान सुरक्षा के अच्छे इंतजाम भी किए गए थे। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस अधिकारी स्वयं पैदल गश्त करते रहे और अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहा।



मुजफ्फरनगर: पटेलनगर रामलीला में पुतले दहन करने के लिए बाण छोड़ते कलाकार।



नुमाईश ग्राउंड विजयदशमी पर्व पर मंचासीन अतिथि।



मुजफ्फरनगर: नुमाईश ग्राउंड में रावण, मेघनाथ व कुंभकरण के जलते पुतले।

# इजलास-ए-आम पर रोक: अमजद अली

## अंजुमन तरक्की-ए-तालीम सादात बाहरा की इजलास की अनुमति नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** आगामी चार अक्टूबर को अंजुमन तरक्की ए तालीम सादात बाहरा की आम इजलास पर रोक लगा दी गई है। होने वाली इजलास-ए-आम की कोई अनुमति नहीं है। अंजुमन तरक्की-ए-तालीम सादात बाहरा के अध्यक्ष अमजद अली एडवोकेट ने प्रेस बयान जारी करते हुए बताया कि न्यायालय सिविल जज जानसठ के आदेश की प्रति के साथ फूल मिया जैदी एडवोकेट द्वारा एक पत्र संस्था के अध्यक्ष को दिया गया है जिसमें न्यायालय ने अंजुमन तरक्की-ए-तालीम सादात बाहरा के सचिव के विरूद्ध किसी भी मीटिंग, आयोजन व आम सभा न करने के निर्देश दिए गए है। अध्यक्ष अमजद अली एडवोकेट ने बताया कि सालाना इजलास ए आम के एजेंडे मेरी अध्यक्षता के नाम से बांटे गए है, जबकि मेरी इस सालाना इजलास के लिए कोई अनुमति नहीं है। उन्होने बताया कि बिना अनुमति उनका नाम सदारत के लिए दिए



जाने पर उन्होने इसकी शिकायत अधिकारियों से की है कि कुछ लोग उनके नाम का दुरूपयोग कर रहे है। इस समय धारा 144 लगी हुई है ऐसे में संस्था के सदस्यों द्वारा चार अक्टूबर को होने वाली इजलास ए आम में शिरकत न करने का उन्होने अनुरोध किया है।

# अतिशय क्षेत्र वहलना से निकली रथ यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र वहलना में प्राचीन चली आ रही परंपरा के क्रम में अंतराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के शुभावसर पर प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य वार्षिक मेला व रथयात्रा महोत्सव का आयोजन किया गया। श्री जी का अभिषेक एवम पूजन किया गया। दैनिक नित्य नियम पूजन प्रक्षाल शांतिधारा के उपरांत क्षेत्र पर पूरे हर्षोल्लास एवं भक्ति भाव के साथ वार्षिक मेला एवं रथयात्रा महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमे सर्व प्रथम कार्यक्रम का प्रारंभ मंगल ध्वजारोहण द्वारा प्रसिद्ध उद्योगपति धर्म परायण नरेंद्र जैन, विपिन जैन, संजय जैन, राजीव जैन, अभिषेक जैन , नावला परिवार के द्वारा किया गया। इसके बाद पारस पालना उद्‌घाटन धर्मपरायण दिव्या जैन, जैन,चंद्रिका जैन, रिशिमा जैन गर्ग डुप्लेक्स परिवार द्वारा किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में जैन समाज गौरव निर्मल जैन व धर्म परायण समाजसेवी अरुण जैन, संजीव जैन, राजीव जैन गर्ग डुप्लेक्स ने की शोभा बढ़ाई। अतिथि के रूप में सांसद हरेंद्र मलिक, पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ संजीव बलियान, राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल, विधायक पंकज मलिक, नगर पालिका अध्यक्षा मीनाक्षी स्वरूप, वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप, पूर्व विधायक अशोक कंसल, जिला पंचायत अध्यक्ष वीर पाल निर्वाल, अंकुर दुआ, सपा नेता प्रमोद त्यागी, गौरव जैन रहे। सभी मुख्य अतिथियों का स्वागत प्रसिद्ध



उद्योगपति धर्म परायण सुधीर जैन, योगेश जैन, विनेश जैन, सुनील जैन, अमित जैन, सौरभ जैन, विपलव जैन, अविरल जैन, अपूर्व जैन नावला परिवार द्वारा सभी अतिथियों का तिलक लगाकर सम्मान किया गया। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी रथयात्रा हेतु पात्रों का चयन लक्की ड्रा कूपन के माध्यम से किया गया। कुबेर बनने का सौभाग्य अमित जैन अथर्व जैन को प्राप्त हुआ। कमेटी के अध्यक्ष राजेश जैन कोषाध्यक्ष मनोज जैन के साथ शशांक जैन आदर्श परिवार, विपिन जैन रविंद्र जैन, राकेश जैन, चंद्र मोहन जैन, जितेंद्र जैन टोनी, मनोज जैन, पंकज जैन, प्रवीण जैन, गौरव जैन, वैभव जैन, सौरभ जैन, रविंद्र जैन आदि का सहयोग रहा।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरी पुत्री **MAYRA MIRZA** के जन्म प्रमाण पत्र 1944/22.01.17 पंजीकरण संख्या उक्त में त्रुटि वश माता के रूप में मेरा नाम **ZAREEN KHAN** हो गया है जबकि सभी अभिलेखों में नाम **ZAREEN JAHAN (ज़रीन जहाँ)** अंकित है तथा भविष्य में भी इसी नाम से जाना जाएगा।
नाम शुद्धीकरण हेतु शपथ पत्र संबंधित विभाग में प्रस्तुत किया गया है।

**जरीन जहाँ पत्नी शादाब बेग**
निवासी 91/1, खालापार
दक्षिणी-1, मुजफ्फरनगर
मो 8533040199.

**सार्वजनिक सूचना**

मेरे पुत्र **SAMI MIRZA** के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 10108 (जारी करने की दिनांक 21/11/2012) उक्त में त्रुटिवश पिता के रूप में नाम **SHADAB** हो गया है जबकि सभी अभिलेखों में नाम **SHADAB BEG** (शादाब बेग) अंकित है तथा भविष्य में भी इसी नाम से जाना जाएगा।
उक्त में त्रुटिवश माता के रूप में नाम **ZAREEN** हो गया है जबकि सभी अभिलेखों में नाम **ZAREEN JAHAN (ज़रीन जहाँ)** अंकित है तथा भविष्य में भी इसी नाम से जाना जाएगा। नाम शुद्धीकरण हेतु शपथ पत्र संबंधित विभाग में प्रस्तुत किया गया है।

**शादाब बेग पुत्र शहजाद बेग**
निवासी- 91/1, खालापार
दक्षिणी-1, मुजफ्फरनगर
मो 8533040199.

# युवती लापता, परिजनों ने थाने में किया हंगामा

## गांव के युवक पर बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप

**शाहटाइम्स संवाददाता,**

**खतौली।** रतनपुरी थाना क्षेत्र के एक गांव से नाबालिग युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। देर शाम तक घर न पहुंचने पर परिजनों ने तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद परिजन ग्रामीणों के साथ थाने पहुंचे और हंगामा कर युवक पर युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया।परिजनों का आरोप है कि सरधना थाना क्षेत्र के एक गांव का युवक युवती को जबरन अपने साथ ले गया। इस दौरान युवती की मां ने विरोध किया तो युवक ने उनसे मारपीट कर दी और धमकी दी कि मामले की शिकायत पुलिस से न करें। युवती के परिजनों ने बताया कि युवती अपने साथ घर में रखे सोने-चांदी के आभूषण भी ले गई है। थाने पहुंचे परिजनों ने युवती की बरामदगी की मांग की। इंस्पेक्टर रतनपुरी ने ग्रामीणों को शांत कराते हुए कहा कि तहरीर मिल चुकी है। युवती किसी युवक के साथ गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और जल्द युवती को बरामद करने का आश्वासन दिया गया है। गांव में युवती के लापता होने से हड़कंप मचा हुआ है।

# हादसे में घायल शहजाद को दिल्ली किया रैफर

**बुढ़ाना।** बीती बुधवार की अल सुबह बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र में हुए हादसे में एक वृद्ध की दर्दनाक मौत होने के बाद अब घायल शहजाद अली की हालत गंभीर बताई जा रही है। जिसको मेरठ जनपद के चिकित्सकों ने आज बृहस्पतिवार की सायं नई दिल्ली के लिए रैफर कर दिया है। बताया जाता है कि बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव हुसैनाबाद भनवाडा निवासी 60 वर्षीय मुरातब पुत्र मुम्तियाज अली बीते बुधवार की प्रात गांव के शहजाद पुत्र एजाज, रिफाकत पुत्र आशिक, अफजाल पुत्र अलमास, आयान पुत्र इलियास, अलमास व आरिफ को अपने संग ट्रेक्टर ट्राली में बिठाकर हरियाणा राज्य के जनपद पानीपत में पशुओं के लिए पुराली लेने जा रहा था। जब ट्रेक्टर ट्राली बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांवघ रसूलपुर दभेडी में खतौली मार्ग पर आया तो विपरीत दिशा से तेजी से आ रही एक आल्टो कार के चालक ने ट्रेक्टर ट्राली में जोरदार टक्कर मार दी थी। जिसमें खाली ट्रेक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई थी और मुरताब की मौत हो गयी जबकि अन्य लोग घायल हो गये थे।

# धूमधाम से मना विजयदशमी पर्व, शास्त्री जयंती पर हुआ श्रद्धास्मरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** नगर में गुरुवार को विजयदशमी का पर्व एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आर्य समाज शिवपुरी व आर्य भवन पुरानी सब्जी मंडी में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए।

आर्य समाज के जिला प्रधान सत्येंद्र आर्य ने अपने संबोधन में बताया कि विजयदशमी मूलतः क्षत्रियों का पर्व है। प्राचीन काल में क्षत्रिय अपने शस्त्रों की पूजा कर उन्हें युद्ध के लिए तैयार रखते थे।

वहीं व्यापारी वर्षा ;तु के बाद अपने व्यापार का आरंभ करते थे। कालांतर में भगवान श्रीराम की कथा इस पर्व से जुड़ गई और अब इसे बुराई पर अच्छाई तथा असत्य पर सत्य की विजय के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है।कार्यक्रम में पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती भी मनाई गई।

वक्ताओं ने उन्हें अत्यंत ईमानदार और सरल व्यक्तित्व का धनी बताते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। आर्य भवन में विजयदशमी से संबंधित वेदमंत्रों का उच्चारण किया गया और हवन का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम में जगदीश सिंह, अजेश, जयभगवान, धीरज, राजेंद्र खारी, राजकुमार, चरणसिंह, रामानंद, जयपालसिंह, सत्येंद्र आर्य, पिंकी, गीता, उषा, ओजस्वी, विदुषी, वेदांशी, प्रवीण आर्य, सुनील, पुरू, वरेण्यम सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। हवन में कुमारी देवांशी यजमान रहीं तथा विकास आर्य ने पुरोहित की भूमिका निभाई।

# महापुरुषों की जयंती पर किया गया सादर स्मरण

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** सत्य, अहिंसा और शांति के प्रतीक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा 'जय जवान, जय किसान' के प्रणेता पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर सोमवार को नगर में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा खतौली के तत्वावधान में श्री परशुराम भवन में बैठक का आयोजन हुआ। बैठक की अध्यक्षता के पी शर्मा ने की तथा संचालन महामंत्री मुकेश शर्मा ने किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने गांधी जी के सत्य, अहिंसा और प्रेम तथा शास्त्री जी की सादगी और ईमानदारी को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आ]वान किया। सीनियर सिटीजन क्लब के अध्यक्ष बाबूराम शर्मा, मुकेश शर्मा, श्रीप्रकाश पाठक और अध्यक्ष के पी शर्मा ने युवाओं से अपील की कि वे गांधी-शास्त्री के विचारों को पढ़कर समाज और देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए उनके बताए रास्ते पर चलें। इधर, कोतवाली, तहसील और सीओ कार्यालय पर भी गांधी जयंती मनाई गई। सीओ रामाशीष यादव, एसडीएम राजकुमार भारती और कोतवाल दिनेशचंद्र बघेल ने महापुरुषों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर जेबी कौशिक, देवेंद्र शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा, नीरज शर्मा, वीरेंद्र शर्मा, ब्रह्मस्वरूप शर्मा आदि मौजूद रहे।



# दलित देशवीर का हुआ अंतिम संस्कार

**बुढ़ाना।** हरिजन चौपाल लेंटर के भारी भरकम मलबे में दबकर परलोक सिधारे दलित ग्रामीण देशवीर सिंह का आज बृहस्पतिवार की सुबह सैंकड़ों ग्रामीणों की मौजूदगी में नम आंखों से अंतिम संस्कार कर दिया गया। मृतक के परिजनों में चीख पुकार मची है और गांव में भी भारी शोक व्याप्त है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चंधेडी में एक हरिजन चौपाल है। बीती बुधवार की देर रात कुछ दलित इस चौपाल में बैठे हुए बातचीत कर रहे थे। तभी अचानक से चार कमरों का पूरा लेंटर भरभराकर गिर गया। जिसके मलबे में देशवीर पुत्र पूरन दब गया जबकि अन्य ग्रामीण भाग खड़े हुए। शोर शराबा सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों और पुलिसकर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद मलबे से देशवीर को निक. ाला और एंबुलेस मंगाकर सीएचसी बुढ़ाना पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने देशवीर को मृत घोषित कर दिया। बुढ़ाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। आज बृहस्पतिवार की सुबह देशव. ीर का अंतिम संस्कार किया गया। इस घटना की सूचना पर कश्यप समाज की खाप के चौधरी डाक्टर सोनू कश्यप भी पहुंचे और मृतक के परिजनों को सांत्वना दी। घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मचा है। गांव चंधेडी की दलित बस्ती में भी शोक व्याप्त है।

# नगर पंचायत में गांधी-शास्त्री के चित्र पर किए पुष्प अर्पित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** नगर पंचायत बुढ़ाना में आज बृहस्पतिवार के दिन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। इस दौरान बुढ़ाना नगर पंचायत की अध्यक्षा उमा त्यागी ने अपने कर कमलों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज का ध्वजारोहण किया। उन्होंने नगर पंचायत कर्मचारियों को शपथ दिलाई और दोनों महापुरुषों के विषय में कहा कि ये तारीख केवल इन महान विभूतियों के जन्मदिन के रूप में मनाने के लिए नहीं है बल्कि उनके जीवन मूल्यों और आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लेने का दिन है। यहां कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में भाग लिया और सत्य, अहिंसा, सादगी और ईमानदारी के मंत्र को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। सभासद इमरान कुरैशी ने अपने संबोधन में कहा कि महात्मा गांधी ने जिस समय विश्व में हिंसा अशांति फैली हुई थी उस दौर में अहिंसा का मार्ग अपनाकर स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ी और पूरी मानवता को शांति और सहिष्णुता का संदेश दिया वहीं लाल बहादुर शास्त्री की सादगी और कर्तव्यनिष्ठा आज भी देश के हर नागरिक के लिए प्रेरणा स्रोत है। उन्होंने जय जवान जय किसान का नारा देकर देश की रीढ़ किसान और सेना को सम्मान दिलाने का काम किया। इसके बाद गांधी व शास्त्री के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। यहां सभासद इमरान कुरैशी, सलीम कुरैशी, वरिष्ठ लिपिक सतीश पंवार, सचिन कोरी, दिनेश त्यागी, शाहआलम, सुमित शर्मा, सुधीर कुमार समेत समस्त कर्मचारी मौजूद थे।



# दूध लेने गया किशोर रहस्यमय ढंग से लापता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** अपने घर से डेयरी पर दूध लेने गया किशोर रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गया है। परिजनों की किसी अनहोनी की आशंका जताते हुए बुढ़ाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए गायब किशोर की बरामदगी की मांग की है।

पुलिस ने किशोर की तलाश शुरु कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव जौला का एक किशोर बीते दिन अपने घर से डिब्बा उठाकर गांव में ही कुछ दूरी पर स्थित एक डेयरी में दूध लेने के लिए गया था। किशोर ने डेयरी में डब्बा रख दिया और चला गया। किशोर कहां गया और किसके साथ गया ये पता नहीं लग पाया। किशोर जब देर रात तक भी घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने उसको हरसंभव स्थानों पर तलाश किया लेकिन उसका कोई भी सुराग नहीं लग पाया। परिजनों ने किसी अनहोनी की आशंका जताते हुए किशोर की सकुशल बरामदगी की एक तहरीर बुढ़ाना पुलिस को दी है। बुढ़ाना पुलिस ने तहरीर मिलते ही गायब किशोर की तलाश शुरु कर दी थी।

# विजयदशमी पर शिवसेना ने किया शस्त्र पूजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** विजयदशमी पर्व के पावन अवसर पर शिवसेना और क्रांतिसेना द्वारा मुजफ्फरनगर समेत पश्चिम उत्तर प्रदेश के कई जनपदों में पार्टी कार्यालयों पर शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य हिंदू समाज को शस्त्रधारण के महत्व से अवगत कराना और उन्हें सजग व सुसज्जित रहने के लिए प्रेरित करना था।

मुजफ्फरनगर में शहर के प्रकाश चौक मार्किट स्थित शिवस. ेना कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत हवन-पूजन के साथ हुई। इसके बाद तलवार, त्रिशूल, गदा सहित अन्य पारंपरिक शस्त्रों का वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिवसेना और क्रांतिसेना के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

# गैस एजेंसी मालिक की सजगता से टला बड़ा हादसा

**पुरकाजी।** थाना क्षेत्र के गांव हरिनगर में एक बड़ा हादसा होने से बाल-बाल टल गया। उपभोक्ता के सिलेंडर में जब अचानक से आग लगी तो एजेंसी मालिक ने सजगता दिखाई और उस आग को तुरंत बुझवाया गया हैं।



दरअसल पुरा मामला यह है कि पुरकाजी थाना क्षेत्र के गांव हरिनगर में एक उपभोक्ता के सिलेंडर में खाना बनाते समय अचानक से आग लग गई थी। जिस कारण अफरा तफरी का माहौल बन गया था।

जैसे ही आग की सूचना निकट ही गैस एजेंसी के मालिक सोमपाल सिंह फौजी को लगी तो वह तुरंत ही उपभोक्ता के घर पर पहुंचे और सिलेंडर में लगी हुई। आग को फायर मशीन की मदद से तुरंत ही बुझाया गया। घटना की जानकारी होने पर दरा. ेगा नवीन कुमार व कांस्टेबल सचिन चौधरी भी मौके पर पहुंच गए थे । उस समय मौके पर गांव के लोगों की भीड़ भी जमा हो गई थी। गैस एजेंसी मालिक ने बताया कि उपभोक्ताओं को बार-बार समय पर सिलेंडर की पाइप बदलने के लिए जागरूक किया जाता है। लेकिन वह इसमें लापरवाही दिखाते हैं उन्होंने अपील करते हुए कहा कि कोई भी उपभोक्ता इसमें लापरवाही ना दिखाएं इस तरह कि लापरवाही से बड़ा हादसा हो सकता है इसलिए जागरूक रहें। सावधान रहें

# योगी सरकार ने किए श्री श्री 1008 लोतीदास जी महाराज आश्रम के विकास को 1 करोड़ रुपये स्वीकृत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने कार्यक्रम के दौरान कहा की उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश में सांस्कृतिक धरोहरों एवं धार्मिक स्थलों के संरक्षण और विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है,इसी परिपेक्ष में पर्यटन एवं संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश के माध्यम से विधानसभा पुरकाजी के ग्राम हरीनगर झबरपुर स्थित गोधन टिल्ला पर श्री श्री 1008 लोतीदास जी महाराज आश्रम के विकास कार्य हेतु 1 करोड़ (एक करोड़ रुपये) की राशि स्वीकृत की गई है।



यह निर्णय न केवल क्षेत्र की आस्था से जुड़ा हुआ है, बल्कि सांस्कृतिक एवं धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने में भी सहायक होगा। आश्रम के विकास से श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध होंगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं आर्थिक गतिविधियों में भी वृद्धि होगी।

अनिल कुमार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं पर्यटन एवं संस्कृति विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह स्वीकृति लोतीदास जी महाराज की शिक्षाओं और उनके आध्यात्मिक योगदान के प्रति सरकार की संवेदनशीलता को दर्शाती है।

गोधन टिल्ला अब श्रद्धा, संस्कृति और पर्यटन का प्रमुख केंद्र बनेगा। और आज इस कार्यक्रम के माध्यम से हम सभी लोगों को श्री लोतीदास महाराज जी के आदर्शों पर चलने का संकल्प लेना चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान अनिल गौतम (विधानसभा अध्यक्ष पुरकाजी रालोद),सदस्य जिला पंचायत गोविंद कुमार,प्रधान संगठन के अध्यक्ष प्रदीप गुर्जर,अमित उर्फ नीतू प्रधान,,सोमपाल प्रधान,प्रवेश प्रधान,हरिद्वारी लाल,मनोज नूरनगर, धीरसिंह प्रधान, अक्षय कुमार खाईखेड़ी,नेपाल सिंह प्रधान,प्रदीप प्रधान प्रदीप गुप्ता, संजीव लाम्बा, जोनी आर्य आदि मोजूद रहे।

# लंका विजय के साथ भोपा में रावण के पुतले का दहन

■ जिला पंचायत अध्यक्ष ने कलाकारों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** क्षेत्र मे दशहरे का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।शाम के समय रावण के विशाल पुतले का दहन ग्रामीणों की भारी उपस्थिति के बीच किया गया।भोपा मे जिला पंचायत अध्यक्ष ने पुतला दहन कार्यक्रम मे भाग लिया।

भोपा में आयोजित रामलीला मे भगवान श्रीराम द्वारा लंका विजय का मंचन निपुण कलाकारों द्वारा किया गया। लक्ष्मण-रावण संवाद पर दर्शकों ने खूब तालियां बजाई। वहीं जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल,प्रधान तरूण धीमान द्वारा कलाकारों को सम्मानित किया गया।भोपा मे लंका पति रावण के विशाल पुतले के अलावा मेघनाद के पुतले का दहन किया गया। डॉ. वीरपाल निर्वाल ने कहा की भगवान श्रीराम जीवन आदर्श हैं। समाज मे आज के रावण पर्वत्ती वाले पिशाचो से सुरक्षा को लेकर भाजपा सरकार दृढ संकल्प लिये हुए है। आज महिलाओ सहित सभी नागरिको को सुरक्षित वातावरण प्रदान किया जा रहा है.

इस दौरान भारी उत्साह दिखाई पड़ा भोपा सहित आस-पास के गांव से ग्रामीण कार्यक्रम को देखने पहुंचे। सुरक्षा को लेकर पुलिस बल मौजूद रहा। वहीं युवा रामलीला कमैटी के अध्यक्ष अनिलकांत शर्मा व डायरेक्टर शुभम शर्मा, सचिव अमरपाल सैनी, अंकित शर्मा, मनोज शर्मा, संजय प्रजापति, आशीष सैनी व कमैटी के सदस्य कुणाल वालिया, संजय प्रजापति, सावन,अंकित प्रजापति,अर्जुन कुमार, रूद्र प्रताप,अजय ख्रष्ण शास्त्री, महिपाल राठी आदि उपस्थित रहे।

# गुड़ मंडी में स्काउट गाइड ने चलाया स्वच्छता अभियान

**मुजफ्फरनगर।** महात्मा गांधी जयंती, पंडित लालबहादुर शास्त्री जी की जयंती एवं हिंदू समाज के प्रमुख पर्व विजयादशमी (दशहरा) के शुभ अवसर पर भारत स्काउट और गाइड, मुजफ्फरनगर द्वारा विभिन्न सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कार्यक्रम के अंतर्गत स्काउट-गाइड के सदस्यों ने गुड़ मंडी स्थल, स्थानीय गौशाला एवं शिव मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। इस अभियान का उद्देश्य केवल शारीरिक स्वच्छता तक सीमित न रहकर मानसिक व सामाजिक स्वच्छता के प्रति भी जन-जागरूकता फैलाना रहा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संजय मिश्रा (अध्यक्ष नवीन मंडी व्यापार संघ, व्यापारी नेता) ने सभी स्काउट-गाइड बच्चों व पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया तथा अल्पाहार की व्यवस्था कराई। कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रमुख नागरिक सुखबीर सिंह, जितेंद्र कुच्छल, श्याम सिंह सैनी, सतेन्द्र सिंह, रवि शर्मा, रमन शर्मा, राघव मिश्रा, निशांत शर्मा आदि ने सक्रिय सहभागिता निभाई। उनके सहयोग से स्थानीय व्यापारियों को सफाई के महत्व के साथ-साथ धान की फसल से उत्पन्न अपशिष्ट द्धपराली, भूसा आदिऋ के रीसाइक्लिंग संबंधी जानक. ारी दी गई। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि पर्यावरण संरक्षण हेतु जैविक अपशिष्टों का उचित प्रबंधन समय की आवश्यकता है और स्काउट-गाइड समाज में इस जागरूकता को फैलाने में सदैव अग्रणी भूमिका निभाते रहे हैं।कार्यक्रम का संचालन स्काउट-गाइड पदा. धिकारियों की देखरेख में संपन्न हुआ। सभी उपस्थित गणमान्यजनों ने गांधी जी के स्वच्छता और सेवा के सिद्धांतों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। राष्ट्रीय प्रधान केंद्र एवं प्रादेशिक मुख्यालय के आद. ेशानुसार तथा प्रादेशिक मुख्य आयुक्त डॉ. प्रभात कुमार के निर्देशन में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसमें विशेष सहयोग प्रदान किया। सहायक गाइड कमिश्नर रेनू गर्ग, जिला संगठन कमिश्नर (स्काउट/गाइड) भारत भूषण अरोड़ा एवं जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) गुंजन चौधरी ने।



# पुतला दहन में दरोगा का पर्स उड़ाया

**मुजफ्फरनगर।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के हाथों सत्य बुराई और अहंकार के प्रतीक रावण का पुतला दहन देखने आए उत्तर प्रदेश पुलिस के एक दरोगा का अज्ञात जेब कतरों ने पर चोरी कर लिया। नई मंडी रामलीला भवन में आज रावण दहन के वक्त हजारों लोगों की भीड़ मौजूद थी इस भीड़ में दरोगा प्रेम कुमार भी शामिल थे जिन्होंने मंच से ऐलान कराया कि उनका पर्स या तो जब से गिर गया या किसी ने चोरी कर लिया है उन्होंने मार्मिक अपील कराई कि जिस किसी को भी पर्स मिले वह चाहे उनके पैसे रख ले लेकिन जरूरी डॉक्यूमेंट और पर या तो कमेटी को सौंप दे या नई मंडी पुलिस के हवाले कर दे। हजारों लोग यह जानकर चर्चा करते रहे की बताइए किसी ने दरोगा का ही पर्स मार लिया ऐसे में आम लोगों के साथ क्या हुआ होगा इसका अंदाजा लगाया जा सकता है वैसे इस बार नई मंडी रामलीला में पुलिस की बेहतर व्यवस्था देखी गई थी जिस कारण लोगों को ज्यादा सुविधाएं नहीं हुई।

# गांधी जयंती पर सपा कार्यालय पर गूंजा नारा जब तक सूरज चांद रहेगा बापू तेरा नाम रहेगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** समाजवादी पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी साजिद हसन ने बताया कि समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी कार्यालय महावीर चौक पर समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष ज़िया चौधरी एडवोकेट सहित सपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को उनकी जयंती पर पुष्प अर्पित करते हुए नमन किया गया।

जिलाध्यक्ष ज़िया चौधरी एडवोकेट ने इस अवसर पर कहा कि महात्मा गांधी के दृढ़ अहिंसा आंदोलन व देश को आजादी दिलाने के संघर्ष को देशवासी हमेशा याद करते रहेंगे।

जिलाध्यक्ष ज़िया चौधरी प्रदेश सचिव नौशाद अली महानगर अध्यक्ष बॉबी त्यागी ने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने विषम परिस्थितियों में देश को नई दिशा देने का काम किया। महात्मा गांधी के आंदोलन पर विचार प्रकट करते हुए कहा कि आज जो देश के हालात है तथा नफरत व सांप्रदायिकता को देश में बढ़ाने वाले दल को महात्मा गांधी के अहिंसा के विचारों से समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता जरूर परास्त करेंगे।

इस अवसर पर मुख्यरूप से समा. जवादी पार्टी प्रदेश सचिव विनय पाल,महानगर अध्यक्ष बॉबी त्यागी,जिला महासचिव चौधरी विकिल गोल्डी अहलावत जिला मीडिया प्रभारी साजिद हसन, जिला उपाध्यक्ष शमशेर मलिक जिला उपाध्यक्ष सोमपाल सिंह कोरी,जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह नीटू प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य तहसीन मंसूरी,पूर्व जिलाध्यक्ष सतेंद्र सैनी, समाजवादी शिक्षक सभा प्रदेश उपाध्यक्ष सत्येंद्र पाल,राष्ट्रीय सचिव युवजन सभा सचिन पाल,राष्ट्रीय समाजवादी बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी पूजा अंबेडकर,राष्ट्रीय सचिव समा. जवादी अल्पसंख्यक सभा नवाब इम्तियाज कुरैशी सपा नेता इमलाक प्रधान,सपा सोशल मीडिया प्रभारी नावेद रंगरेज सपा नेता वसीम राणा,सपा सभासद शहजाद चीकू,सभासद हसीब राणा,डॉ नूर हसन सलमानी,हनीफ इदरीसी,फरमान चौधरी, रिजवान अंसारी,आयुष चौधरी, जुल्फिकार कुरैशी,अभिषेक गोयल एडवोकेट,मीर हसन, मौहम्मद मेंहदी,सलीम कुरैशी,दुर्गेश पाल,जॉनी कुमार,सुरेश चंद पाल, लुकमान अली,लोकेंद्र कुमार,जाउल चौधरी, आशीष राणा,राव नफीस,दीपक नागर, उदित भार्गव,शान अंसारी सहित अनेक पदा. धिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# सपा नेता रविंद्र जोगी पूर्व मंत्री शिवपाल से मिले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष रविंद्र प्रधान जोगी ने सपा राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव से उनके निजी दफ्तर पर मिलकर वेस्टर्न यूपी के मिशन 2027 पर लिखित रुप से चर्चा की।

रविंद्र प्रधान जोगी ने कहा कि सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव द्वारा विधानसभा चुनाव में जातीय समीकरण व पीडीए हितों के कार्यो के सर्वो द्वारा पार्टी के नेताओं को मिशन 2027 का किरदार बनाया जा रहा है जो सराहनीय कदम है। पीडीए की ताकत प्रदेश के साथ देश मे भी भाजपा पर हावी हो रही है। अखिलेश यादव की रणनीति पर इस बार अति पिछड़ा समाज व दलित समाज भाजपा से पूरी तरह हट रहा है जिसका ताजा उदाहरण गोसाईगंज विधानसभा पर अति पिछड़े वर्ग निषाद कश्यप समाज से आने वाले चौधरी लौटनराम निषाद को सर्व समाज ने जिताया जो अखिलेश यादव की रणनिति का इतिहास बनायेगा। इसलिए ज्यादा से ज्यादा अति पिछड़ा वर्ग के प्रत्याशी वेस्टर्न यूपी की विधानसभा सीटों पर उतारे जाएं। तब शिवपाल ने आश्वासन दिया कि इस बार पीडीए की ताकत ही सपा की ताकत बनेगी। रविंद्र प्रधान ने यहां बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के समाजवादी पार्टी शिक्षक सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्येंद्र पाल की गत दिनों बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र में अब तक 2 बार हुई पीडीए जन महापंचायत की तारीफ की तो शिवपाल यादव ने सत्येंद्र पाल की दोनों पीडीए पंचायत की रिपोर्टों को बहुत अच्छी बताया।



सूचना

मेरी माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश की इंटर मीडिएट परीक्षा वर्ष 2008 की सनद काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिली। यह परीक्षा मैने जय हिन्द इंटर कालेज चरथावल से उत्तीर्ण की थी।

मो. अतिकुर्रहमान
पिता- मोहम्मद फ्राईम
पता - 10.99 ए,चर्तवाल
देहात- 1, चरथावल,
मुजफ्फर नगर
उत्तर प्रदेश - 251311

# राष्ट्रपिता बापू व शास्त्री की जयंती पर हुए विभिन्न कार्यक्रम











**शाह टाइम्स टीम शामली**

**शामली।** शहर के गांधी पार्क स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर कांग्रेसियों ने दोनों महापुरूषों की प्रमिता पर माल्यार्पण किया। उन्होने दोनों महापुरूषों के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला।

गुरुवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमैटी के सदस्य और कोडिनैटर सहारनपुर ओमप्रकाश शर्मा जी ने दर्जनों कांग्रेसियों के साथ गांधी पार्क स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बाहदुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। जहां उन्होने दोनों महापुरूषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए ओमप्रकाश शर्मा ने कहा कि भारत देश को अंग्रेजो की गुलामी से आजादी दिलानें के लिए गांधी जी के नेतृत्व में आजादी की लड़ाई के लिए बहुत से आन्दोलन किए गए, जिन्होंने अंग्रेजी हुकुमत की कमर तोड़ कर रख दी और उनके साम्राज्य को हिला दिया। सत्य और अहिंसा पर आधारित बापू जी के आंदोलनों से अंग्रेजों की भारत पर पकड़ डीली पडती चली गई और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की लोक. प्रियता पूरे विश्व में बढ़ती चली गई। इस अवसर पर बाबूखान, प्रवीण तरार, रविन्द्र आर्य, सोहिल धीमान, शेखरपाल, डा। पाल सिंह, आदेश कश्यप, विनोद सेन, पंडित ज्योति प्रसाद शर्मा, बिजेन्द्रपाल वर्मा, विक्रम सिंह मौजूद रहे।

**शामली।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 156वीं तथा भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की 121वीं जयंती गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर में भव्य तरीके से मनाई गई। डीएम अरविन्द कुमार चौहान ने ध्वजारोहण कर सामूहिक राष्ट्रगान गाया। तत्पश्चात डीएम सहित एडीएम सतएन्द्र सिंह, एडीएम न्यायिक परमानन्द झा, एसडीएम अर्चना शर्मा, डिप्टी कलेक्टर हामिद हुसैन तथा तहसीलदार शामली ने गांधी व शास्त्री जी के चित्रों का अनावरण कर पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम ने कहा कि अहिंसा और सत्य के पुजारी महात्मा गांधी तथा सादगी के सेवक शास्त्री जी के आदर्शों का अनुकरण ही दोनों महान विभूतियों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

उन्होंने कहा कि हगांधी और शास्त्री की दृढ़ इच्छाशक्ति पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। आज हमें लाल बहादुर शास्त्री के 'जय जवान, जय किसान' नारे को आगे बढ़ाते हुए 'जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान, जय अनुसंधान' की दिशा में आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कहा कि भारत की लो. कतांत्रिक व्यवस्था की यही खूबसूरती है कि एक साधारण व्यक्ति भी देश के सर्वोच्च पद तक पहुंच सकता है, बशर्ते उसमें सादगी, सत्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा की भावना हो। कार्यक्रम में देवी उमराकोर इंटर कॉलेज बनत के बच्चों ने देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतिया दी। कार्यक्रम का संचालन अनुराग शर्मा ने किया।

**शामली।** गुरूवार को विकास भवन शामली में महात्मा गांधी जयन्ती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयन्ती मनाई गई। सीडीओ विनय कुमार तिवारी द्वारा दोनों महान विभूतियों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनको नमन किया गया और उनके आदर्शों को जीवन में उतारने की बात कही। इसके साथ ही अन्य अधिका. रियों द्वारा दोनों महान विभूतियों के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। उक्त कार्यक्रम में परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण प्रेम चन्द, जिला पंचायत राज अधिकारी संदीप अग्रवाल उपस्थित रहें।

**शामली।** शहर के पुलिस लाईन में महात्मा गांधी जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह ने पुलिस लाईन में ध्वजारोण किया। तत्पश्चात उन्होने पुलिसकर्मियों को शपथ ग्रहण कराई। पुलिस अधीक्षक ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला और उनके द्वारा बताए गए रास्तों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर एएसपी संतोष कुमार सिंह, सीओ सिटी अमरदीप मौर्य आदि मौजूद रहे।

**शामली।** गुरूवार को नगर पालिका परिषद सभागार में महात्मा गांधी की जयन्ती के अवसर पर चार कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें ध्वजा रोहण, गोष्ठी, सफाई मित्र सम्मान समारोह व महात्मा गांध व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर मार्ल्यापण किया गया। ईओ विनोद कुमार सोलंकी ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के महान विचारों व आजादी में दिए गए उनके योगदान को याद कर रहा है। भारत देश को अंग्रेजो की गुलामी से आजादी दिलानें के लिए गांधी जी के नेतृत्व में आजादी की लड़ाई के लिए बहुत से आन्दोलन किए गए। जिन्होंने अंग्रेजी हुकुमत की कमर तोड़ कर रख दी और उनके साम्राज्य की नींव हिला डाली। इस अवसर पर ब्रांड एम्बेसडर प्रदीप संगल व बीना अग्रवाल, आशीष गंगवार, आदि मौजूद रहे।

**शामली।** शहर के सत्यनारायण इंटर कॉलेज में गुरूवार को महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री की जयंती अत्यन्त उल्लास एवं धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष सुशील कुमार गर्ग, प्रबंधक राजीव संगल तथा शिक्षा समिति के अध्यक्ष एनके कंसल ने दोनों महापुरूषों के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। कहा कि आज हमारे देश के दो महापुरूषों महात्मा गांधी तथा लालबहादुर शास्त्री का जन्म हुआ था। दोनों के जीवन चरित्र का सन्देश सत्य, अहिंसा तथा देश प्रेम का था। दोनो ने ही देश को स्वतंत्र कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर सतीश आत्रेय, चन्द्रशेखर, रामनाथ, अरविन्द जैन, बिजेन्द्र गौतम, साकेत निर्वाल, राहुल संगल, सीमा शर्मा, अश्विनी कुमार मौजूद रहे।

**शामली।** शहर के वीवी इंटर कालेज में गांधी जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य एसके आर्य ने महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर काल्यार्पण कर किया। उन्होने दोनों महापुरूषों के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला और छात्र-छात्राओं से उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आहवान किया। इसके अलावा शहर के रेलवे रोड स्थित सत्यनारायण शिशु मंदिर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के जन्म दिवस पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य उमेश शर्मा सहित अजय कुमार गर्ग, दुर्गेश शर्मा, व अन्य स्टाफ सदस्यों ने उपस्थित रहकर महापुरुषों को नमन किया। दोनों महापुरूषों के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया।

**शामली।** शहर के आरके पीजी कालेज गांधी जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री तस्वीर पर फूल अर्पण कर की गई। इसके बाद भारतीय संविधान विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने भर-चढ़कर भाग लिया। सेमिनार का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को संविधान के नीति निर्देशक तत्व, मूल कर्तव्य, मूल अधिकार, मूल रचना, अनुच्छेदों तथा उनमें हुए संशोधन के बारे में अवगत कराना था।जिसमें प्रथम प्रिया, द्वितीय विशाखा तथा तृतीय तनिष्का रही।मौके पर डॉ. कांत वार्ष्णेय, डॉ। सुनील कुमार, डॉ. अजय कुमार, संजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

**शामली।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर गुरुवार को मुक्ति धाम कुष्ठ आश्रम शामली में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीडीओ विनय तिवारी, जिला कुष्ठ अधिकारी डा। अथर जमील, एसीएमओ डॉ। विनोद कुमार तथा जिला प्रतिरक्षण अधिक. ारी डॉ। करण चौधरी ने गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। सीडीओ विनय तिवारी ने कुष्ठ आश्रम का भ्रमण कर वहां निवासरत रोगियों की समस्याएं सुनीं और शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। इसके उपरांत रोगियों को फल, एमसीआर जूते-चप्पल तथा सेल्फ-केयर किट वितरित कर सम्मानित किया गया। सीडीओ ने कहा कि कुष्ठ केवल शारीरिक रोग ही नहीं, बल्कि सामाजिक .ष्टि से भी चुनौती है। जनमानस में प्रचलित यह धारणा गलत है कि यह छुआछूत की बीमारी है। वास्तव में यह जीवाणु से फैलने वाला रोग है, जिसका नियमित उपचार करने पर यह पूरी तरह ठीक हो जाता है। जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ। अथर जमील ने जानकारी दी कि कुष्ठ रोग पूर्व जन्मों के पाप या वंशानुगत कारणों से नहीं होता, बल्कि जीवाणु संक्रमण से फैलता है। उन्होंने बताया कि जनपद में इस वर्ष 25 रोगियों का उपचार चल रहा है, जिनमें से 9 रोगी अब तक पूर्णतः स्वस्थ हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि जिन रोगियों को विकलांग प्रमाण पत्र या कुष्ठ प्रमाण पत्र संबंधी समस्या हो, वे कार्यालय से संपर्क कर निवारण करा सकते हैं।

**शामली।** समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों ने भैंसवाल स्थित पार्टी कैम्प कार्यालय पर महान स्वतंत्रता सेनानी एवं आधुनिक भारत के शिल्पकार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व भूतपूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयन्ती पर विचार गोष्ठी आयोजित की। जिसमे वर्तमान समय की चुनौतियां तथा उनकी विचारधारा के बारे में चर्चा की गई तथा पदाधिक. ारियों व कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण किया।

सुधीर पंवार ने कहा कि वर्तमान समय में जब दुनिया के 150 से अधिक देश महात्मा गांधी की प्रतिमा लगाकर उनकी विचारधारा को नमन कर रहे है। जिलाध्यक्ष अशोक चौधरी ने कहा कि आजादी की लड़ाई व संविधान के मूल्यों की सुरक्षा करने के लिए समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं को लगातार संघर्ष करने की जरूरत है। कार्यक्रम का संचालन बिट्टू ताना ने किया।मौके पर मांगेराम सिलावर, योगेन्द्र गोगर,भूपेन्द्र सैनी, देवेंद्र वालिया, अनिल कोरी, संजीव दलाल, सलेक चंद, नीरज पहलवान, विनीत मुखिया, ओम सिंह, मुनत्याज, खुशनूद, सत्यवान चौधरी मौजूद रहे।

## कांग्रेसियों ने मनाई बापू व शास्त्री की जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** गुरुवार को कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिला उपाध्यक्ष एवं संगठन प्रभारी शमशीर खान के नेतृत्व में कस्बे के चौक बाजार में स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर दोनों महापुरुषों की प्रतिमाओं पर मालार्पण किया। इस दौरान विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया, जिसमें शमशीर खान ने कहा सत्य, अहिंसा, शांति और समरसता के अमर संदेश से पूरे विश्व को दिशा दिखाने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर हम सभी कांग्रेसजन उन्हें कोटि-कोटि नमन करते है।

उनके विचार और आदर्श हमेशा हमें न्यायपूर्ण समाज, समानता और सशक्त लोकतंत्र की ओर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते रहेंगे। बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने 1965 में इलाहाबाद में एक गांव की सभा में कहा था कि आजादी के 10-12 वर्षों में देश ने वो प्रगति की है, जो 200 सालों में अंग्रेजी राज में नही हुई। हमारे यहां हवाई जहाज और मोटर गाड़ियां बन रही है। नए बांध, नहरें, अस्पताल, स्कूल और सड़कें बन रही हैं।

कांग्रेस नेता ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री ने भूमि सुधारों से लेकर दुग्ध और हरित क्रांति की नींव रखने तक, रेलवे में तृतीय श्रेणी को समाप्त करने से लेकर बसों में महिलाओं के लिए सीटें सुरक्षित कराने तक, 1965 के युद्ध से लेकर अपने गांधीवादी आदर्शों के माध्यम से राष्ट्र सेवा करने तककृहर क्षेत्र में अपनी अद्वितीय कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया। उन्होंने कहा कि दोनों महापुरुष आज भी हमारे विचारों में जिंदा है और जब तक ए सूरज चांद रहेगा देश के प्रति उनका योगदान हमेशा याद रहेगा। इस अवसर पर श्रम प्रकोष्ठ नगर उपाध्यक्ष हयात खान तथा अफजल अंसारी, शमशेर अहमद, शहादत खान, हिफाजत खान, कासिम खान, नदीम अहमद, अरशद खान आदि कांग्रेसजन मौजूद रहे।

## नगर पंचायत कार्यालय में गांधी जयंती धूमधाम से मनाई गई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जलालाबाद।** नगर पंचायत के समस्त कर्मचारियों द्वारा पूज्य माहत्मा गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की जयन्ती के पावन पर्व पर नगर पंचायत कार्यालय में माहत्मा गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की मूर्ति पर माल्यापर्ण करा पुष्प अर्पित किए गए एवं नगर पंचायत में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई कर्मियों तथा मौहल्ला समिति के अध्यक्षोंघ्वार्ड सभासदों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उसके उपरान्त नगर पंचायत अध्यक्ष जहीर मलिक व अधिशासी अधिकारी जयबीर शर्मा ने तिरंगा झंडा दिखाकर तिरंगा यात्रा रवाना किया जो कार्यालय से चलकर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए गांधी ग्राउण पर गांधी जी की मूर्ति पर माल्यापर्ण कर पुष्पांजली अर्पित की। उक्त यात्रा में नगर पंचायत के कर्मचारी अपने हाथों में स्वच्छ भारत मिशनॉ जिला गंगा समितिॉ वृक्षारोपण स्वच्छ वातावरण समिति आदि के बैनर लेकर नगरवासियों को सफाई अभियान की जानकारी देते हुए गांधी ग्राउण्ड पर पहुंचे। उसके बाद माद्द अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी द्वारा एक पेड मेरी मां के नाम अभियान के अन्तर्गत लुहारी रोड पर कृष्णा नदी के किनारें 200 पेड लगवाए गए । इस अवसर पर नगर पंचायत सभासद राकेश शर्मा सुनहरा करी जावेद अहमद राशिद चौधरी धर्मवीर सैनी विजय कुमार वह नगर पंचायत के मुकेश कुमार सैनी लिपिकॉ मैं समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

## महाविद्यालय में राष्ट्रपिता व पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती पर कार्यक्रम हुए आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** महाविद्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवम भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर हमारा संविधान, हमारा अभिमान के अंतर्गत संगोष्ठी,भारत के संविधान की प्रस्तावना का वाचन,स्वच्छता पखवाड़ा द्धसमापनत्रः के अंतर्गत स्वच्छता अभियान एवम मिशन शक्ति 5.0 विशेष अभियान के अंतर्गत शपथ ग्रहण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें छात्र एवम छात्राओं द्वारा उत्साहपूर्वक प्रतिभागिता की गई।





गुरुवार को विजय सिंह पथिक राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई एवम एनसीसी इकाई के संयुक्त तत्वावधान में प्राचार्य डा हरेंद्र सिंह के संरक्षण एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा डाली तथा एनसीसी प्रभारी डा राम कुमार के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य , प्राध्यापकों,कर्मचारियों एवम छात्र व छात्राओं द्वारा राष्ट्रपति महात्मा गांधी एवम लाल बहादुर शास्त्री की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। तत्पश्चात सभी ने मिलकर गांधी जी की प्रिय धुन रघुपति राघव राजा राम,पतित पावन सीता राम एवम प्रिय भजन ष्वैष्णव जन तो तेने कहिए जे पीर पराई जाने रेष का गायन किया। इस अवसर पर भारत के संविधान के निर्माण में अपना योगदान प्रदान करने वाले महापुरुषों के योगदान पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के छात्र एवम छात्राओं फिजा बीए प्रथम सेमेस्टर, मुस्कान मलिक बीएससी तृतीय सेमेस्टर, ईशा बीए प्रथम सेमेस्टर, मुसर्रत बीए प्रथम सेमेस्टर, खालदा बीए प्रथम सेमेस्टर एवम अरमान कसाना बीए तृतीय सेमेस्टर ने अपने विचार प्रस्तुत किए। जूलाजी विभाग के प्रभारी प्रो।योगेंद्र पाल सिंह ने गांधी जी एवम शास्त्री के जीवन से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण तथ्यों, योगदान से छात्र एवम छात्राओं को परिचित कराया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में महाविद्यालय के प्राचार्य डा हरेंद्र सिंह ने छात्र एवम छात्राओं को महापुरुषों के जीवन संघर्ष को पढ़ने तथा एक जिम्मेदार नागरिक बन समाज एवम राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए प्रेरणा प्रदान की। इसके पश्चात एनसीसी प्रभारी डा राम कुमार द्वारा भारत के संविधान की प्रस्तावना का वाचन कराया गया। स्वच्छता पखवाड़ा के समापन के अवसर पर स्वच्छता की सेवा अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय प्राचार्य, प्राध्यापकों, एनएसएस एवम एनसीसी इकाइयों द्वारा परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर श्रमदान किया गया साथ ही मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत नवरात्रि में आयोजित नौ दिवसीय विशेष अभियान के अंतर्गत नारी सुरक्षा,नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन की शपथ भी ग्रहण की गई।

## जिला स्तरीय जूनियर कबड्डी टीम चयन ट्रायल शनिवार को होगा आयोजित

**कांधला।** जनपद में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से जिला स्तरीय जूनियर कबड्डी टीम के चयन के लिए ट्रायल आयोजित किया जा रहा है। जिला अम्मोचोर कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष चौहान ने जानक. ारी दी कि आगामी शनिवार सुबह 10 बजे क्षेत्र के गांव कनियान स्थित चौ। रतन पौड़िया खेल परिसर में यह ट्रायल संपन्न होगा।उन्होंने बताया कि ट्रायल में वही खिलाड़ी भाग लेने के पात्र होंगे जिनकी उम्र 20 वर्ष से कम द्धअर्थात 01-01-2006 के बाद जन्मत्रः और वजन 75 किलोग्राम से कम होगा। खिलाड़ियों को अपनी शारीरिक क्षमता और खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए चयनकर्ताओं के सामने अपनी दावेदारी पेश करनी होगी।अध्यक्ष मनीष चौहान ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों से बनी जिला शामली की टीम 11 से 12 अक्तूबर 2025 तक जनपद एटा में आयोजित होने वाली जोन-ए राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी। इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर की टीमें हिस्सा लेकर अपने-अपने जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि ट्रायल में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को अपना ओरिजिनल आधार कार्ड तथा उसकी छाया प्रति साथ लाना अनिवार्य होगा। चयन प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने की व्यवस्था की गई है ताकि योग्य खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अवसर मिल सके।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक लापता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के टीचर कॉलोनी निवासी महिला ने थाने पर अपने पुत्र की संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने की तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर लापता युवक की तलाश शुरू कर दी है।

कस्बे के टीचर कॉलोनी निवासी डॉक्टर किरण पत्नी स्वर्गीय तेजपाल सिंह ने गुरुवार को थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि पीड़िता का 21 वर्षीय पुत्र अनुचित संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया था। आरोप है कि काफी तलाश करने के बाद भी पीड़िता के पुत्र का कोई सुराग नहीं लग सका। पीड़िता ने अनहोनी की आशंका जताते हुए थाने पर तहरीर देकर अपने पुत्र की बरामदगी की की मांग की है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर लापता युवक की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पीड़िता की तहरीर मिली है। पीड़िता की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है। शीघ्र ही पीड़िता के लापता पुत्र को बरामद कर पीड़िता को सौंप दिया जाएगा।

### हिस्ट्रीशीटर ने बेटे संग मिलकर महिला को सरेराह पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** चौसाना बाईपास पर बस का इंतजार कर रही महिला के साथ मेडिकल स्टोर संचालक व उसके पिता पर मारपीट का आरोप लगा है। पुलिस ने तुरंत कार्यवाही करते हुए आरोपियों को तो पकड लिया लेकिन मामले मे खेल करते हुए शान्तिभंग मे जैल भेजा है। वही पीडिता के साथ छेडछाड व एक किशोर को घटना के दौरान गम्भीर चोटे आई है।

चौसाना के बिडौली मार्ग स्थित एक महिला शाहिन पत्नी बाला निवासी चौसाना अपने बेटे को डायलिसिस कराने के लिए करनाल जा रही थी और मेडिकल स्टोर के सामने बैठकर बस का इंतजार कर रही थी। उसी दौरान मेडिकल स्टोर संचालक खालिद ने महिला के साथ अभद्रता करनी शुरू कर दी। आरोप है कि विरोध पर मारपीट की गई और एक किशोर के साथ मारपीट करते हुए दांत तोड दिए गए। बताया गया है कि आरोपी युवक का हिस्ट्रीशीटर पिता भी मारपीट मे शामिल था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुॅची और आरोपियों को पकडा। जिसके बाद मोके पर छुटभैया नेताओं का जमावडा हो गया। जिस कारण पुलिस को बेकफुट पर आना पडा और आरोपियों को बिना मुकदमा दर्ज किए शान्ति भंग मे जैल भेजा। पुलिस की कार्यवाही क्षेत्र मे चर्चा का विषय बनी हुई है। वही चौकी प्रभारी खूब सिंह का कहना है कि दोनो पक्षो मे फैसला हो गया है। आरोपियों के खिलाफ 151 की चालानी कार्यवाही की गई है।

## शायर उस्मान उस्मानी कैरानवी की माता का इंतकाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** प्रसिद्ध शायर उस्मान उस्मानी कैरानवी की माताजी का लंबी बीमारी के बाद 89 साल की उम्र में निधन हो गया। वह दिल की बीमारी से पीड़ित थीं। स्व. महिला धार्मिक और सीधी-सादी प्रकृति की थीं। उनकी सादगी और ईमानदारी परिवार व चाहने वालों के लिए हमेशा याद रहेंगी। गुरुवार की सुबह 11 बजे दरबार वाली मस्जिद में नमाज-ए-जनाजा के बाद उस्मानी कब्रिस्तान द्धदरबार कलांत्रः में दफनाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। इनमें पूर्व चेयरमैन राशिद अली, शमशाद अंसारी चेयरमैन, मोहम्मद अली, सलीम चौधरी, सालिम एडवोकेट, डॉ। सलीम फारूकी, मुजम्मिल अंसारी, जुनैद अख्तर कांधलवी, अतीक शाद कैरानवी, डॉ। अजमतुल्लाह खान, शेर खघन साहिल, फैज, अहमद फैज, कुरैशी, फरीद एडवोकेट, हाजी साजिद समेत नगर पालिका बोर्ड के सदस्य और सैकड़ों लोग शामिल रहे। इस मौके पर मौलाना बरकतुल्ला अमीनी, पीरजी निसार अहमद उस्मानी, अब्दुर्रहमान अदीब, मुईनुद्दीन अंसारी, कौसर जैदी, अमेरिका से हाफिज सईद अहमद, इमरान सिद्दीकी द्धचेयरमैन द न्यूज हाइट अकैडमीत्रः, नौशाद सिद्दीकी और शहजाद सिद्दीकी ने गहरी संवेदना व्यक्त की। परिवार में पांच बेटे और चार बेटियां हैं। उस्मान उस्मानी ने लोगों से अपनी माता की आत्मा की शांति के लिए दुआ और प्रार्थना करने की अपील की है।

# असामाजिक तत्वों ने छापुर में की माहौल बिगाड़ने की कोशिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़/अम्बेहटा।** क्षेत्र के गांव छापुर में असामाजिक तत्वों ने माहौल बिगाड़ने की कोशिश की। शिव मंदिर जूनियर हाई स्कूल कुराली छापुर परिसर में बने शिव मंदिर को निशाना बनाते हुए शरारती तत्वों ने खिड़कियां, दरवाजे और चारों ओर की दीवारों में जमकर तोड़फोड़ कर दी।

घटना की जानकारी मिलते ही गांव और आसपास के क्षेत्र में आक्रोश फैल गया। वादी विकास ने कोतवाली में तहरीर देकर घटना का समय रात्रि करीब 9:30 बजे बताया है। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने एकजुट होकर दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी और कठोर कार्रवाई की मांग की। सूचना पर सीओ नकुड़ अशोक कुमार सिसोदिया पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने आक्रोशित ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि दोषियों को किसी भी कीमत पर छोड़ा नहीं जाएगा। सीओ ने बताया कि गांव के पंकज द्वारा सूचना दी गई थी। उन्होंने कहा कि जल्द ही मामले का खुलासा कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों का कहना है कि इस प्रकार की घटनाएं आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द को ठेस पहुंचाने वाली हैं। उन्होंने प्रशासन से कड़े कदम उठाने की मांग की। घटना की तहरीर मिलते ही पुलिस मुकदमा



दर्ज कर लिया है। तथा एहतियातन गांव में पुलिस की तैनाती बढ़ा दी गई है।

# श्वेता सैनी बनी कांग्रेस की महिला जिलाध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** उत्तर प्रदेश महिला कॉंग्रेस की पश्चिमी जोन की अध्यक्ष भारती त्यागी ने श्रीमती श्वेता सैनी को सहारनपुर का जिलाध्यक्ष मना. नीत किया है।श्वेता सैनी ने कहा कि पार्टी ने जो सम्मान और जिम्मेदारी दी है वह उस कसौटी पर खरी उतरेंगी।



प्रसिद्ध कांग्रेस नेत्री पीसीसी सदस्या श्रीमती श्वेता सैनी को कॉंग्रेस महिला अध्यक्ष श्रीमती अलका लांबा के निर्देश पर कांग्रेस पश्चिमी जोन की अध्यक्ष भारती त्यागी ने सहारनपुर की महिला जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है।मनोनयन पर श्वेता से पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट करते हुए कहा कि शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें जो सम्मान और जिम्मेदारी दी है वह उस खरी उतरेंगी।उन्होंने कहा कि हम शुरू से ही पार्टी के लिए मेहनत कर रहे हैं अब और ज्यादा जिम्मेदारी के साथ काम करते हुए पार्टी को मजबूत किया जाएगा।श्वेता सैनी ने कहा कि निश्चित रूप से आने वाला समय कांग्रेस का ही है।क्योंकि कांग्रेस सभी वर्गों धर्मो का सम्मान करती है और संविधान में पार्टी की पूरी आस्था रही है।

श्वेता सैनी के मनोनयन पर कॉंग्रेस प्रदेश सचिव इंजीनियर सत्य संयम भूर्यान,अशोक गोयल,श्रीमती सीता भारद्वाज,पूर्व कॉंग्रेस नगर अध्यक्ष अजीम मलिक ने कहा कि कॉंग्रेस ही देश को विकसित बना सकती है।उन्होंने कहा कि देश आपसी एकता से आगे बढ़ता है।श्वेता सैनी कांग्रेस की कर्मठ सिपाही हैं जो पार्टी के प्रत्येक कार्यक्रम में अपनी टीम के साथ पूरा सहयोग करती हैं।

# बरेली जाने से रोके गए सांसद चन्द्रशेखर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** आजाद समाज पार्टी के सुप्रीमो और सांसद चंद्रशेखर आजाद को बरेली जाने से रोकने के लिए पुलिस ने उनके छुटमलपुर स्थित आवास पर कड़ा पहरा बैठा दिया।

सुबह से ही उनके घर को छावनी में तब्दील कर दिया गया था। पुलिस का तर्क था कि उनके बरेली दौरे से कानून व्यवस्था बिगड़ सकती है। सांसद ने काफिले को कम करने का प्रस्ताव भी दिया, लेकिन अधिकारियों ने अनुमति देने से इनकार कर दिया। सांसद आजाद ने अधिकारियों से सवाल किया कि आई लव मुहम्मद लिखने पर भारतीय न्याय संहिता की कौन सी धारा लागू होती है। इस सवाल पर पहले तो अधिकारी मौन रहे, फिर एक अधिकारी ने हैरान करने वाला जवाब दिया कि ये शब्द इस्लाम में नहीं है। यह बयान सुनकर सभी स्तब्ध रह गए, क्योंकि इस्लाम का मूल आधार ही मोहब्बत और भाईचारा है। अधिकारी का यह तर्क न केवल उनकी जानकारी की कमी को दर्शाता है, बल्कि उनके दृष्टिकोण पर भी सवाल उठाता है। इस घटना ने पुलिस और प्रशासन के रवैये पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। सांसद आजाद के समर्थकों ने इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला बताया और प्रशासन के इस रवैये की कड़ी निंदा की। यह घटना सोशल मीडिया पर भी चर्चा का विषय बन गई है, जहां लोग अधिकारी के कुतर्क और सांसद को रोकने के फैसले पर सवाल उठा रहे हैं।

# चैकिंग के दौरान ट्रक समेत दो वाहन पकड़े

**चिलकाना।** थाना पुलिस टीम ने चैकिंग के दौरान अवैध खनन से भरा एक ट्रक 12 टायरा व 1 ट्रैक्टर ट्राली बिना नम्बर प्लेट के पकड़ा है। वहीं अवैध खनन को लेकर आमादा फसाद करने वाले दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है।

बताते चलें कि अवैध खनन परिवहन के खिलाफ पुलिस व राजस्व टीम द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। लेकिन अवैध खनन माफिया बावजूद इसके भी बाज नही आ रहे है। और चोरी छिपे अवैध खनन करने पर लगे पड़े है, लेकिन पुलिस टीम ने भी अवैध खनन परिवहन पर रोक लगाने के लिए कमर कस ली है। इसी के चलते आज बृहस्पतिवार को एसएसपी व सीओ सदर के निकट पर्यवेक्षण तथा थाना प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार की अगुवाई में पुलिस टीम ने खनिज से भरे 1ट्रक 12 टायरा व एक महेंद्रा ट्रैक्टर ट्राली को नल्हेड़ा तिराहे से अपने कब्जे में लिया है। वहीं एक दूसरे की गाड़ी पकड़वाए जाने की बात कहते हुए आमादा फसाद करने वाले एक पक्ष के जीशान पुत्र मो. खान निवासी मोहल्ला सडक पार कस्बा व थाना बेहट एवं द्वितीय पक्ष के दिलशाद पुत्र शमशाद निवासी मोहल्ला मनिहारन कस्बा व थाना बेहट को भी मौके से गिरफ्तार किया गया है। जिनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई विनोद कुमार, हैड कांस्टेबल अंकित कुमार व अरविन्द कुमार शामिल रहे।

# महाराजा अग्रसैन की भव्य शोभायात्रा निकाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानौता।** अग्रवाल समाज सभा के तत्वावधान में भव्य शोभायात्रा नगर में निकली गयी। दिलकश शोभायात्रा का शुभारंभ आचार्य मुक. ेश मित्तल ने महाराज अग्रसेन की आरती उतारकर किया।

महाराज अग्रसेन के जयकारों के साथ शोभायात्रा शुरू हुई। शोभायात्रा में महाराज अग्रसेन की जगह जगह आरती उतारी गई। शोभायात्रा ने नगर के विभिन्न मार्गों पर भ्रमण किया। शोभायात्रा में विभिन्न तरह की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। महाराज अग्रसेन के रथ के अजब 18 बाल स्वरूपों की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। शोभायात्रा नगर के किसान सेवक इंटर कॉलेज से शुरू होकर देवबंद रोड स्थित अग्रवाल बैंकेट हॉल पर सम्पन्न हुई। तत्पश्चात बैंकेट हॉल में महाराज अग्रसेन जी



की पूजन पाठ एवं विधि विधान के साथ हवन हुअ । पूजन का कार्यक्रम कमेटी अध्यक्ष सुनील मित्तल के नेतृत्व में हुआ। अध्यक्षता सतीश अग्रवाल शिमलाना ने की। कार्येक्रम में बाल प्रतियोगिता बंसल फैमली द्वारा की गई। बाल प्रतियोगिता संच. ालन दिव्या-अर्पित बंसल ने किया। लोकगीत व सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रतियोगिता भी हुई। अग्रसेन जयंती महोत्सव में प्रतिभा सम्मान एवं प्रोत्साहन सम्मान समारोह के मंच पर विराजमान अतिथि घनश्याम दास गर्ग, अनिल बंसल, भूषण लाल गर्ग ने अग्रसेन महाराज जी की 5179 वां जन्मोत्सव पर सभी को शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर कमेटी अध्यक्ष सुनील मित्तल, वीरेंद्र बंसल, प्रवीण गर्ग, भूषण लाल गर्ग, राजकुमार गुप्ता, सतीश गर्ग ब्रेड वाले, धनश्याम दास गर्ग, अनिल बंसल, कृष्ण गुप्ता, राजेन्द्र गर्ग, आंनद गर्ग, धुर्व प्रकाश मित्तल, पवन गुप्ता, मुनीराज गर्ग, हरिओम गर्ग, अजय सिंघल, जितेंद्र मित्तल, विजय बंसल, सुशील मित्तल, आदेश गुप्ता, अंशुल गुप्ता, अनुपम अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, अंकुर गर्ग, निरंकार गर्ग, विपिन गर्ग, विशाल बंसल, कमल गुप्ता, लिटिल अग्रवाल, शरद बंसल, विनीत अग्रवाल, मा0 सुनील गुप्ता व महिलाओं में रेखा गुप्ता, ममता बंसल, सुधा मित्तल, दिव्य बंसल, प्रियंका बंसल मौजूद रहे। कार्ये क्रम का सफल संचालन वीरेंद्र बंसल व सुनील मित्तल ने किया।

# नगर पंचायत अध्यक्ष के भाई पर धमकी का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** नगर पंचायत में 2 अक्टूबर को आयोजित एक बैठक के दौरान उस समय माहौल गरमा गया, जब नगर पंचायत अध्यक्ष के भाई अमजद पर सभासदों को धमकी देने और बदतमीजी करने का आरोप लगा।

बैठक में विकास कार्यों को लेकर सभासदों ने अध्यक्ष से कुछ सवाल किए, जिस पर अध्यक्ष ने कथित तौर पर सख्त रवैया अपनाते हुए कहा कि वह केवल अपनी पार्टी के निर्देशों पर काम करेंगी। इस दौरान सभासदों और अध्यक्ष के बीच तीखी बहस हुई। इसी बीच सुजानपुर निवासी अमजद, जो अध्यक्ष का भाई बताया जा रहा है, बैठक में अनाधिकृत रूप से शामिल हो गया। आरोप है कि उसने सभासदों के साथ बदतमीजी की, उन्हें धमकाया और कहा कि वह मुजफ्फरनगर का रहने वाला है और ऐसों का इलाज करना अच्छे से जानता है। अमजद ने खुलेआम सभासदों को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी। सभासदों ने बताया कि अमजद का यह व्यवहार पहली बार नहीं है। वह पहले भी सभासदों और आम नागरिकों के साथ बदतमीजी कर चुका है। इस घटना के बाद सभासदों ने थाना फतेहपुर के थानाध्यक्ष से इस मामले में कठोर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। सभासदों ने अपने निवेदन में कहा,ष्हमारी मांग है कि इस प्रकरण में तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# बलिदान से व्यक्ति होता है महानः मांगेराम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** राष्ट्र पिता महात्मा गांधी व गुदडी के लाल लालबहादुर शास्त्री की जंयती क्षेत्र मे श्रद्धा के साथ मनायी गयी। इस अवसर पर उनके चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हे भावपूर्ण ढंग से याद किया गया।

जिला पंचायत कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम मे जिला पंचायत अध्यक्ष चौधरी मांगेराम द्वारा दोनों महापुरुषों के चित्रों पर पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति अपने त्याग, बलिदान से महान बनता है। बापू की स्वच्छता और स्वदेशी विचारधारा आज भी प्रासंगिक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वच्छ भारत व स्वदेशी अपनाओं अभियान भी बापू की विचारधारा से प्रेरित है। उनके नेतृत्व में आज हमारा देश विकास की नयी कहानी लिख रहा है। आम जनता मे स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढी है। इस अवसर पर कर्मचारियों व सदस्यों ने स्वच्छता अभियान चलाकर कार्यालय परिसर मे सफाई कार्य किया और शपथ ली कि वे अपने आसपास को स्वच्छ रखेंगे।

इस दौरान मुख्य रूप से अपर मुख्य अधिकारी चन्द्र वीर सिंह, मुक. ेश कुमार, पूर्व ब्लाक प्रमुख चौधरी विजेंद्र सिंह, हंसराज गौतम, सतेंद्र वैदिक, आशीष कुमार ,जगमाल सिंह, रामेंद्र सिंह, मुकेश चौहान, ईशांत चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# हातिम अली का जोरदार स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साढौली कदीम।** कर्नाटक में आयोजित 13 वीं सब-जूनियर, जूनियर और प्री-टीन राष्ट्रीय पेंचक सिलाट प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर वापस लौटे नन्हे खिलाड़ी हातिम अली का कस्बे के पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया।

कर्नाटक के कोप्पल शहर में आयोजित हुई 13 वीं सब-जूनियर, जूनियर और प्री-टीन राष्ट्रीय पेंचक सिलाट प्रतियोगिता में कस्बे के मौहल्ला शहरी दरवाजा निवासी शाह साजिद उर्फ बब्बू मियां के पौत्र और तौसीफ शाह के बेटे हातिम अली ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। 10 वर्षीय हातिम के वापस कस्बे के पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। हातिम अली के आवास पर बधाई देने पहुंचे बेहट नगर पंचायत चेयरमैन अब्दुल रहमान उर्फ शालू भैया ने कहा कि ये हमारे लिए फख्र की बात है कि छोटे छोटे बच्चे भी हमारे कस्बे का नाम देशभर में रोशन कर रहे हैं। इस मौके पर सय्यद फरहादन सभासद मास्टर जमील, लोकतंत्र सेनानी मोहम्मद अहमद काजमी मौजूद रहे।

# जहां धर्म वहां अंधेरा नहीं: स्वामी आर्यवेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** जिला आर्य उप प्रतिनिधि सभा देववृंद के तत्वाधान में आयोजित मधुर प्रकाशन के संस्थापक, वैदिक प्रचारक एवं आर्य समाज के कार्यों में अथक परिश्रम करने वाले स्वर्गीय पंडित राजपाल सिंह शास्त्री की 17वीं पुण्यतिथि एवं मधुर प्रकाश द्वारा 1914 में स्थापित आर्य समाज नगली मेहनाज का जीर्णोद्धार कर समाज को समर्पित करने के अवसर पर यज्ञ एवं प्रेरणा सभा का आयोजन गांव नगली मेहनाज में किया गया।




इस अवसर पर नई दिल्ली से पधारे स्वामी आर्यवेश ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि नियमित रूप से परमात्मा की स्तुति से बुद्धि, वाणी आदि में परिवर्तन हो जाता है। गायत्री महामना ऐसा मंत्र है जिसके उच्चारण से ही जीवन बदल सकता है। वेद ईश्वरीय ज्ञान है। धर्म क्या है? इसकी विस्तृत व्याख्या की। मनुष्यता के कार्य करने पड़ेंगे, धर्म के मूल्य जीवन को नहीं बदले तो जीवन निरर्थक है। जहां धर्म होता है वहां कभी अंधेरा नहीं होता।

पंडित अमरेश आर्य व सुरेंद्र आर्य ने अपने भजनों के माध्यम से वेद मार्ग पर चलने की बात कही। इस अवसर पर महिपाल आर्य प्रधान जिला आर्य प्रतिनिधि सभा सहारनपुर, मुकेश आर्य, डॉक्टर सुरेंद्र आर्य, अजब सिंह आर्य ,चौधरी विपिन सिंह आर्य, देवेंद्र आर्य गंगोह, अभय आर्य एडवोकेट, स्वामी कृष्णानंद, हाकम सिंह हरिद्वार, सरिता आर्या, मधु शास्त्री, राजेंद्र आर्य पानीपत,नरेशनां आर्या, बलराज चौधरी दिल्ली, मुकेश आर्य, विजयपाल आर्य, सुनीता आर्य, आदि सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष उपस्थित रहे। यज्ञ ब्रह्मा विनीत शास्त्री रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मांगेराम आर्य व संचालन चौधरी विपिन आर्य ने किया।

# मनोज कुमार ने संभाला कार्यभार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मंडी परिषद निर्माण विभाग के पूर्व उपनिदेशक खालिद हसन के सेवानिवृत होने के पश्चात अब उनके स्थान पर नवनियुक्त मंडी उपनिदेशक मनोज कुमार होंगे।

हालांकि उन्होंने आठ सितंबर को ही पद ग्रहण कर लिया था, पद ग्रहण के दौरान उन्होंने कार्यभार संभालते ही विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास कार्यों की समीक्षा की। साथ ही मंडी उपनिदेशक ने यह भी स्पष्ट किया कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता उनकी पहली प्राथमिकता होगी। साथ ही उन्होंने सभी को अधूरे प्रोजेक्ट्स को समय पर पूरा करने और नई योजनाओं को तेज गति से लागू करने के निर्देश दिए। उनके चार्ज संभालने से कार्यदाई लोगों को अपेक्षाएं हैं की विभाग में नई ऊर्जा और कार्यकुशलता की उम्मीदें और अधिक देखने को मिलेंगी।

# मेयर डा. अजय ने सम्मानित किए 16 सफाई मित्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आज नगर निगम में गांधी जयंती व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती सौल्लास मनायी गयी।

महापौर डॉ. अजय कुमार ने ध्वज फहराया और अहिंसा के पुजारी व स्वच्छता के प्रेरक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा हरित क्रांति के नायक और देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों का अनावरण कर पुष्पांजलि के साथ अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये। कार्यक्रम में स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले 16 सफाई मित्रों को उपहार देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर महापौर डॉ. अजय कुमार ने गांधी के दर्शन-चिंतन और व्यक्तित्व-कृतित्व पर विस्तार से विचार व्यक्त किये। इससे पूर्व अपर नगरायुक्त प्रदीप




कुमार यादव, मुख्य अभियंता निर्माण सुरेश चंद, महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार, नगर स्वास्थय अधिकारी डॉ. प्रवीण शाह, उपसभापति मयंक गर्ग, पार्षद राजू सिंह ने भी गांधी जयंती पर 'मेरा कूड़ा मेरी जिम्मेदारी' के साथ स्वच्छता को समझाते हुए लोगों से अपने घर-प्रतिष्ठान और परिवेश को साफ-सुथरा रखने पर जोर दिया। महापौर डॉ. अजय कुमार ने मिशन शक्ति के तहत सेल्फी प्वाइंट पर निगम की महिला कर्मचारियों के साथ चित्र भी खिंचवाए। कार्यक्रम में अपर नगरायुक्त मृत्युंजय, प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल एच बी गुरुंग, सहायक लेखाधिकारी राजीव कुशवाह, पार्षद मुकेश गक्खड, सुधीर पंवार व राजेंद्र सिंह कोहली आदि मौजूद रहे। संच. ालन डॉ.वीरेन्द्र आजम ने किया।

# महापुरूषों के आदर्श अपनाएं: मयंक




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सर्किट हाउस रोड स्थित मयंक शर्मा भारतीय के कैंप कार्यालय पर महात्मा गांधी की जयंती और लाल बहादुर शास्त्री जयंती का आयोजन किया गया।

मयंक शर्मा भारतीय ने कहा हमें इन दोनों महापुरुषों के सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए,ताकि हम एक अच्छे देश की स्थापना कर सकें। वहीं प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी के सदस्य धर्मपाल जोशी जी ने कहा महात्मा गांधी का दिखाया हुआ रास्ता ही भारत को समृद्ध बना सकता है। इस अवसर पर कई प्रमुख लोग मौजूद रहे, विपिन कांत शर्मा महानगर कांग्रेस कमेटी के सचिव,भूपेंद्र शर्मा,वरिष्ठ कांग्रेस नेता अमित राठौर भारतीय,धार्मिक एकता ट्रस्ट के जिला अध्यक्ष संजय यादव खलासी लाइन मंडल अध्यक्ष, अनिकेत भारतीय वार्ड26 अध्यक्ष, इस अवसर पर महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जीवन और सिद्धांतों पर चर्चा की गई और उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया गया।

# मुत्ताहिदा मजलिस-ए-अमल की बैठक में 5 प्रस्ताव पास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** विभिन्न इस्लामी व मिल्ली संस्थानों के प्रतिनिधियों के ग्रुप मुत्तहिदा मजलिस ए अमल की बैठक में मुसलमानों के खिलाफ सरकार द्वारा चलाई जा रही मुहिम की कडे शब्दों में निंदा करने के साथ ही पांच प्रस्ताव पास किये गये।

मुफ्ती मुजफ्फर हुसैन वाली गली, मदरसा मजाहिर उलूम वक्फ स्थित पीरजादा शेरशाह आजम आवास पर आयोजित बैठक की शुरूआत मौलाना इकबाल फलाही के द्वारा कुरआन-ए-पाक की तिलावत से हुई। जिसके बाद ताजदार खान के द्वारा पेश किये गये है, जिन्हें सर्वसम्मति से पारित किया गया। प्रस्ताव एक में कहा गया कि मुत्तहिदा मजलिस-ए-अमल वर्तमान हालात की संगीनी के मद्देनजर मुसलमानों से यह अपील करता है कि किसी



भड़कावे मे आये बगैर अपनी आस्थाओं और अपनी अत्यधिक प्रेम को आकाये नामदार हजरत मुहम्मद सल्ल को जाहिर करे। मुसलमानों को जिस तरह से बी.जे.पी सत्तासीन प्रदेशों मे अत्याचार, क्रूरता और अमानवीय तरीको और बदनाम करने की जो मुहिम चलायी जा रही है, वह नाकाबिले बर्दाश्त और निन्दनीय है। कानपुर के जिला प्रशासन के खिलाफ कार्यवाही किये जाने की मांग की जाती है। प्रस्ताव दो में कहा गया कि बरेली की घटना को लेकर जिस प्रकार नेशनल मीडिया और हिन्दू, फासीवादी शक्तियों ने हालात को तोड़ मरोड़ कर पेश किया वह घृणित है। प्रस्ताव तीन में कहा गया कि मुत्तहिदा मजलिस-ए-अमल मुख्यमंत्री के बयानात की कठोर निन्दा करता है और मौलाना तौकीर रजा व दीगर निर्देश लोगो की रिहाई की मांग करता है। प्रस्ताव चार में कहा गया कि महाराष्ट्र में रसूल सल्ल की शान मे गुस्ताखी करने वालों को सरकार फांसी दे।

प्रस्ताव पांच में कहा गया कि हुकूमतों और जिलो के पुलिस प्रशासन को हिन्दू फासीवादी शक्तियों और शरारती तत्वों के दबाव मे आये बिना ईमानदारी के साथ अपनी ड्यूटी और अपने कत्तर्वव्य की अदायगी करनी चाहिये।

बैठक में हाफिज मौहम्मद सईद, जिलाध्यक्ष एवं पीरजादा शेरशाह आजम, प्रमुख महासचिव, कार्यकारी अध्यक्ष, मौलाना अजीजुल्लाह नदवी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मौलाना अब्दुल मालिक मुगैसी, मौलाना शाहिद मजा. हिरी, हाजी इरफान, सचिव, ताजदार खान, शान मौहम्मद और मौहम्मद इनाम आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता हाफिज सईद द्वारा की गई।

# वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान करें: अर्चना

**शहा टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिला समाज कल्याण अधिकारी अर्चना ने कहा कि हमें वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान करते हुए उनके अनुभव का सदुपयोग करना चाहिए।

जिला समाज कल्याण अधिकारी अर्चना आज सीनियर सिटिजन वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस समारोह को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रही थी। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस दिन वरिष्ठ नागरिक हित चिंतन पर मंथन किया जाता है, वृद्ध आश्रम हमारी भारतीय संस्कृति के अनुकूल नहीं है, हमें इसको हतोत्साहित करना चाहिए। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों को समाज कल्याण से संबंधित अनेक लाभकारी योजनाओं यथा वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन आदि की




जानकारी दी।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन, पुष्प अर्पण एवं संस्था गीत गाकर किया गया। संस्थापक के. एल. अरोड़ा, अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, महामंत्री अनिल तलूजा, कोषाध्यक्ष संदीप गुप्ता, माता-पिता भरण पोषण समिति सदस्य आर के जैन, आर. सी. शर्मा, पी. एन. छोकरा एवं कार्यक्रम संयोजक सी. पी. छाबड़ा द्वारा मुख्य अतिथि जिला समाज कल्याण अधिकारी अर्चना का पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया। राष्ट्रीय सेवा समिति की सेवा प्रमुख श्रीमती सरिता भाटिया, ब्रह्मकुमारी आश्रम नवीन नगर से पधारे प्रेरक वक्त तथा राजयोग प्रशिक्षक बीके सौरभ लूथरा ने अपने विचार व्यक्त किए।

# हर्षोल्लास से मनाई राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। कोतवाली के अलावा विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं में कार्यक्रमों का आयोजन कर दोनों महापुरुषों को याद करते हुए उनके बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री के जन्म दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में कोतवाली देवबंद में झंडा फहराया गया और सलामी दी गई। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र कुमार शर्मा ने गांधी जी और लाल बहादुर शास्त्री के त्याग और बलिदान को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी और पुलिसकर्मियों को शपथ दिलाई। वहीं, केएल जनता इंटर कालेज में गांधी जी और शास्त्री जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए पूर्व प्रबंधक दीपकराज सिंघल ने कहा कि यह दोनों महापुरुष संपूर्ण जनमानस के प्रेरणास्रोत हैं। हमें उनसे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य राजकुमार, संजय धीमान, बलदेव शर्मा, अनुज त्यागी आदि अध्यापक शामिल रहे। राजकीय मॉडल महाविद्यालय कपूरी गोविंदपुर में जयंती पर हुए कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डा. राकेश कुमार ने किया। विद्यार्थियों ने रघुपति राघव राजाराम भजन प्रस्तुत किया। डा. वीरेंद्र कुमार, डा. पूर्णिमा सिंह आदि शामिल रहे। मोहल्ला खानकाह स्थित एमएम पब्लिक स्कूल प्रागण में आयोजित कार्यक्रम में बच्चो ने देश भक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। प्रधानाध्यापिका इफ्फत फातमा ने कहा कि हमें अपने महापुरूषो के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। तभी हम तरक्की कर सकते हैं। कार्यक्रम में निशात फातमा, बरीरा आदि अध्यापिकाएं शामिल रही।





## सराहनीय कार्य के लिए पुलिस कर्मियों को किया पुरुस्कृत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती के मौके पर सराहनीय कार्य के लिए चयनित पुलिस कर्मियों को नकद राशि देकर पुरूस्कृत किया गया। कोतवाली में तैनात पीआरवी के जवान पुष्पेंद्र और महिला कांस्टेबल मधु शर्मा को सराहनीय कार्य करने पर नकद धनराशि से पुरस्कृत किया गया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि दो अक्तूबर गांधी जयंती के उपलक्ष्य में सराहनीय कार्य करने के लिए पुष्पेंद्र और मधु शर्मा का चयन किया गया, जिन्हें 1100-1100 रुपये की नकद धनराशि देकर पुरस्कृत किया गया। कहा कि पुलिस महकमे में सराहनीय कार्य करने वाला का हमेशा से सम्मान किया जाता रहा है, इससे ओर पुलिसकर्मियों को भी प्रेरणा मिलती

## पुलिस ने युवती को नई दिल्ली से किया बरामद

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** घर से सोने व चांदी के जेवरात लेकर गई युवती को पुलिस ने सर्विलांस की मदद से 24 घंटे के भीतर नई दिल्ली से बरामद कर लिया। खेड़ामुगल क्षेत्र से घर में रखे लाखों रुपये कीमत के सोने चांदी के आभूषण लेकर गई युवती को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर नई दिल्ली से तलाश कर लिया, पुलिस के मुताबिक शिकायत मिलने पर सर्विलांस की मद्द से युवती की लोकेशन को ट्रेस किया गया, तुरंत ही पुलिस टीम नई दिल्ली के लिए रवाना हो गई, जिसे मधुर विहार से पकड़ा गया। उसके पास से सोने चांदी के आभूषण भी बरामद हुए हैं।

# भव्य शोभायात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** वैश्य अग्रवाल समाज के तत्वावधान में महाराजा अग्रसेन के जन्मोत्सव पर नगर में निकाली गई भव्य शोभायात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा में महाराजा श्री के रथ समेत अन्य झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं।

रामलीला मैदान में महाराजा अग्रसेन के जन्मोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लोक निर्माण विभाग राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह ने कहा कि महाराजा अग्रसेन समाजवाद, उदारता और सेवा भाव के प्रतीक थे। उन्होंने व्यापार, शिक्षा और सामाजिक सहयोग की जो परंपरा स्थापित की, वह आज समाज की सबसे बड़ी धरोहर है। हमें उनके आदर्शों को आत्मसात कर समाज में सद्भाव और समानता का संदेश फैलाना चाहिए। इसके उपरांत रामलीला मैदान में शोभायात्रा का शुभारंभ उद्योगपति अजय गोयल, अजय मित्तल, पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग ने कुल देवी मां लक्ष्मी और वैश्य शिरोमणि महाराजा अग्रसेन के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। शोभायात्रा मेन बाजार, सब्जी मंडी चौक, हुनमान चौक, सराफा बाजार होते हुए पांचों पांडव धर्मशाला पर पहुंच कर संपन्न हुई। वैश्य अग्रवाल समाज के अध्यक्ष मनोज सिंघल समेत आयोजकों ने अतिथि सम्मान करते हुए आगंतुकों का आभार जताया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता हुलाशराय सिंघल ने की। विनोद गुप्ता, राजकिशोर गुप्ता, अशोक गुप्ता, राकेश सिंघल, विशाल गर्ग, संजय सिंघल, अजय गर्ग, पुनीत बंसल, घनश्याम गुप्ता, धीरज गर्ग, अरुण अग्रवाल, अमित सिंघल, योगेंद्र गोयल, आशुतोष गुप्ता आदि वैश्य समाज के लोग शामिल रहे।






## शुगर मिल में विधि विधान से सम्पन्न हुई बायलर पूजा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** त्रिवेणी शुगर मिल में विधि विधान से बायलर पूजन हुआ। पंडित सच्चिदानंद भट्ट ने मंत्रोच्चार एवं हवन यज्ञ के साथ पूजा संपन्न कराई।



पूजन कार्यक्रम में इकाई प्रमुख एवं उपाध्यक्ष पुष्कर मिश्र समेत सभी विभागों के अध्यक्ष, अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। यूनिट हेड पुष्कर मिश्र ने बताया कि यह आयोजन आगामी पेराई सत्र के शुभारंभ की प्रतीकात्मक प्रथम पूजा के रूप में होता है। उन्होंने कहा कि किसानों की सुविधा के लिए इस वर्ष मिल को पहले ही चालू किया जाएगा, जिससे उन्हें अपने गन्ने की आपूर्ति में और अधिक सुविधा मिल सके। साथ ही वह गेहूं व अन्य फसलों की बुवाई समय से कर सकें। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वह अपना संपूर्ण गन्ना चीनी को ही आपूर्ति करें। कोल्हू अथवा अन्य स्रोतों पर गन्ना ले जाने से बचें। कहा कि चीनी मिल में आपूर्ति करने से समय पर उचित मूल्य प्राप्त होने के साथ-साथ आगामी वर्षों का बेसिक कोटा बना रहता है और चीनी मिल की उत्पादन क्षमता भी सुचारु रहती है।

## विद्यालयों में हुए ग्रामीण विकास, कृषि खेल महिला सशक्तिकरण विषयों पर कार्यक्रम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत परिषदीय विद्यालयो में विकसित भारत वर्ष 2047 थीम प्रस्तुत की गई। इसमें आत्मनिर्भर, भारत डिजिटाइजेशन, विकसित राष्ट्र की संकल्पना की गई।

प्रदेश सरकार के संस्कृति अनुभाग व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय सहारनपुर के आदेश के तहत 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक सेवा पखवाड़ा का संचालन किया गया। बृहस्पतिवार को गुनारसा में आयोजित कार्यक्रम में वर्ष 2047 तक अनेक विषयों जैसे नवाचार, ग्रामीण विकास, कृषि खेल, महिला सशक्तिकरण, वैश्विक नेतृत्व, उद्यमिता, शिक्षा, चिकित्सा, आधार भूत संरचना और सुशासन आदि विषयों पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। चित्रकला के माध्यम से छात्रों ने 2047 में विकसित भारत की तस्वीर कैसी होगी पर अपनी परिकल्पना का चित्रण किया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी नीलम तोमर ने बताया गया की कार्यक्रम में बच्चों ने उत्साहपूर्व भाग लिया, इसमें सैनपुर, तल्हेड़ी खुर्द, दुगचाडी, जहीरपुर, रणखंडी, बहादरपुर, मेघराजपुर आदि विद्यालयों की गतिविधि सराहनीय रही।




## शोभायात्रा का पुष्पवर्षा से स्वागत

शाह टाइम्स संवाददाता

**हल्दौर।** नगर के बड़ा शिव मंदिर पर मां दुर्गा प्रभात मैमोरियल युवा कमेटी के तत्वावधान में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में मां दुर्गा, मां गंगा, माता सरस्वती, लड्डू गोपाल, नरसिंह भगवान, अहिल्या उद्धार, तिरुपति बालाजी, मां गंगा अवतरण, राजा हरिश्चंद्र, सीता जन्म, पंचमुखी हनुमान, राम दरबार और महिषासुर वध जैसी मनमोहक झांकियों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। जगह-जगह नगरवासियों ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया, जिससे वातावरण भक्तिमय हो उठा। शोभायात्रा का शुभारंभ पालिका चेयरपर्सन विमला देवी एवं उनके पति समाजसेवी दीपक सैनी ने संयुक्त रूप से किया।

# हमारी दोस्ती की लोग ताबिश कदर करते हैं: ताबिश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** महफिल ए मुशायरा का आयोजन किया गया। इसमें शायरों ने अपना खूबसूरत कलाम पेश कर देर रात तक श्रोताओं से खूब वाहवाही लूटी।

मोहल्ला दीवान में शायर काविश समर के आवास पर आयोजित महफिल ए मुशायरा का आगाज नाते पाक से हुआ। मुंबई से आए शायर ताबिश रामपुरी ने अपना कलाम सुनाया 'हमारी दोस्ती की लोग ताबिश कदर करते हैं, लिहाजा दुश्मनी का शहर में चर्चा नहीं करना'। हकीम जुनैद कोठारी असगर का यह कलाम भी खूब पसंद किया गया 'जिंदगी दर तो कभी दार लगे है मुझको, शाखे गुल ऐसी कि तलवार लगे है मुझको'। अब्दुल्लाह राही ने कुछ यूं कहा 'मेरे सलाम पर दुश्मन का मुस्कुरा देना, मुझे यकीन है पत्थर पिंघलने वाला है'। जकी अंजुम सिद्दीकी ने सुनाया 'हम तो तुम्हारी बज्म में कपड़े पहन के आ गए, कुछ लोग इतने तेज हैं चेहरे पहन के आ गए'। काविश समर का यह कलाम भी लोगों ने खूब पसंद किया 'दिन भर का थका हारा हुआ एक परिंदा, हर शाख पे चाहत की थकन छोड़ रहा है'। इनके अलावा शमीम किरतपुरी, तनवीर अजमल, वली वकास, वसीम शहर, दिलशाद खुशतर, सरवर देवबंदी, अनवर मुज्तर, सुहैल आमिर ने भी अपना कलाम पेश किया। शमसुल हक, मोहम्मद हुमेद, हाफिज यूनुस, मोहम्मद यूसुफ, शाहरुख, मारूफ, फरीद काशिफ आदि शामिल रहे।



# धामपुर में महापुरुषों को दी श्रद्धांजलि

## शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर स्वतंत्रता सेनानियों को किया नमन

शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** गांधी जयंती के अवसर पर नगर में विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए इस दौरान महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के प्रतिमा के समक्ष श्रद्धांजलि दी गई।

नगर पालिका में कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह और अधिशासी अधिकारी रवि शंकर शुक्ला ने तिरंगा फहराकर किया। स्वच्छता ही सेवा 2025 के तहत मनोज कुमार, रणवीर सिंह, राजेंद्र सिंह और विकास गुप्ता को प्रशस्ति पत्र और प्रशस्ति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मिशन शक्ति के अंतर्गत सोमवती देवी और मिथलेश देवी को भी प्रमाण पत्र एवं सम्मान चिन्ह प्रदान किया गया।

विधायक अशोक राणा, भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, राघव शरण गोयल, पुरुषोत्तम अग्रवाल और प्रदीप कुमार उर्फ सोनू भी मौजूद रहे।



इसके बाद शिवाजी पार्क में स्वच्छता अभियान के तहत सफाई कार्य किया गया।

वहीं विकास खंड अल्हैपुर में भी गांधी जी और भूतपूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। ब्लॉक प्रमुख क्षमा हेमलता चौहान और खंड विकास अधिकारी त्रिलोकचंद ने ध्वजारोहण किया। गांधी और शास्त्री जी के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। ब्लॉक परिषद में शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया गया। सभा का संचालन लेखाकार गौरव महिंद्रा ने किया। ब्लॉक प्रमुख क्षमा हेमलता चौहान ने गांधी और शास्त्री जी के जीवन एवं योगदान पर प्रकाश डाला। एडीओ पंचायत अनिल कुमार ने देश की स्वतंत्रता में गांधी जी की भूमिका और स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के महत्व पर जानकारी दी।

कार्यक्रम में सहायक विकास अधिकारी शैलेंद्र नायक, ब्लॉक मैनेजर सानुमति, ग्राम पंचायत सचिव योगराज सिंह, कृपाल सिंह, विनीत कुमार, अंकुश कुमार, विनीता रानी, सलमान, मनोज, दिव्यांशु, अमित, मोहित, हिमांशु चौहान, सहदेव, त्रिवेंद्र कुमार, नसीम अहमद, अंकुश कुमार सहित समस्त ब्लॉक कर्मचारी उपस्थित रहे। एसबीडी महिला महाविद्यालय में गांधी जयंती और लाल बहादुर जयंती बहुत हर्षोल्लास से मनाई गई। महाविद्यालय में नशा मुक्ति की शपथ ली गई और सभी को नशा मुक्ति अभियान से जोड़ने के लिए कहा गया। इस अवसर पर मिशन शक्ति फेज-5 के तत्वाधान में महिला स्वावलम्बन एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान जी ने सभी को राष्ट्रीय पर्व की महत्ता बताते हुये गांधी जी एवं शास्त्री जी के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर सभी को नशे से दूर रहने के प्रति कृत संकल्प होना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन हिन्दी विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डा. अल्पना सिंह, शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त कर्मचारी के साथ ही छात्राऐं भी उपस्थित रही। आरएसएम महाविद्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं श्रद्धेय लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर रश्मि एस. रावल ने की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विनय दुआ ने किया। कार्यक्रम में डॉ. एसएस कटियार, डॉ. ओपी मौर्य, डॉ. राजेश कटियार, डॉ. भारती चौहान, डॉ. मदनपाल सिंह, डॉ. भावना वत्सल डॉ. आकाश, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. सुमेधा चौहान, डॉ. आशीष, डॉ. नाजिम, डॉ. चन्द्रकला, अन्नू एवं अनेक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### जन्मतिथि पर गांधी व शास्त्री जी को नमन

**नकुड़।** गांधी जयंती व लाल बहादुर शास्त्री जयंती जैसे राष्ट्रीय पर्व पर गांव छापुर स्थित शिव लक्ष्मी जूनियर हाईस्कूल में ध्वजारोहण तक नहीं किया गया। विद्यालय प्रशासन की इस लापरवाही से क्षेत्रवासियों में गुस्से की लहर दौड़ गई है। प्रधानाचार्य अश्वनी कुमार ने अपनी सफाई में कहा कि विभाग की ओर से विजयदशमी का अवकाश घोषित था इसलिए कार्यक्रम आयोजित नहीं हुआ। उनकी यह दलील किसी के गले नहीं उतर रही है। घटना सामने आते ही शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया। उधर खंड शिक्षा अधिकारी सोमवीर सिंह ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि 2 अक्टूबर को ध्वजारोहण हर विद्यालय में अनिवार्य है। यदि कहीं इसका पालन नहीं हुआ तो कठोर कार्रवाई होगी। वहीं राष्ट्रीय पर्व पर ध्वज न फहराने का मामला अब बड़ा विवाद बन चुका है। शिक्षा विभाग की कड़ी चेतावनी ने माहौल गरमा दिया है और संबंधित विद्यालय पर कार्रवाई तय मानी जा रही है।

### महात्मा गांधी की जयंती मनाई

**बुढ़नपुर।** एनएस इन्टरनेशनल स्कूल सदाफल दशहरा पर्व, महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। प्रिंसिपल रूचि सिंह ने असत्य पर सत्य की जीत- दशहरा के पर्व के महत्व को समझाया एवं महात्मा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री के जीवन पर प्रकाश डालते हुये उनके बताये गये पथ पर चलने के लिये प्रेरित किया। मैनेजर निखिल कुमार व चेयरमैन पवन सिंह ने सभी को बधाई दी और अधिक से अधिक विद्यार्थियों को प्रोग्राम में भाग लेने के लिये प्रेरित किया।

### प्रगितशील गन्ना किसानों की गोष्ठी

**अफजलगढ़।** द्वारिकेश शुगर इंडस्ट्रीज लिमिटेड यूनिट बहादरपुर के सभागार में चीनी मिल क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों के 70 प्रगतिशील गन्ना कृषकों की एक गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में कृषकों को शरद काल में अधिक से अधिक क्षेत्रफल में नवीनतम स्वीकृत एवं उन्नतशील गन्ना प्रजातियों की बुआई करने हेतु अपील की गई। कृषकों को शरद काल में ट्रेंच विधि से गन्ने की बुआई एवं गन्ने के साथ साथ एक सहफसल (जैसे आलू, मूली, धनिया, अदरक, गोभी, लहसुन, चुकंदर, हरी मटर, चना, मसूर आदि) की बोआई से होने वाले लाभ के बारे में विस्तार से बताया गया। उपस्थित कृषकों को गोष्ठी संपन्न हो जाने के बाद चीनी मिल फार्म पर ट्रेंच विधि से बोए गए को.लख. 14201, को.लख. 16202 एवं को. 0118 गन्ने की शरदकालीन, बसंतकालीन एवं पेड़ी गन्ने की खड़ी फसल का भ्रमण भी करवाया गया। इस कार्यक्रम के आयोजन से कृषकों में उत्साह एवं शरद काल में गन्ना बुवाई हेतु मोटिवेशन स्पष्ट दिखाई दे रहा था।

### गांधी जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

**बुढ़नपुर।** कामिल वेलफेयर सोसाइटी के कैंप कार्यालय पर महात्मा गांधी की 156 वीं जयंती का उत्सव मनाया गया। सोसाइटी के अध्यक्ष द्वारा गांधी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने गांधी जी के जीवन में विचार पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। समिति के अध्यक्ष डा. साजिद ने अहिंसा का महत्व और स्वच्छ भारत का सपना विषयों पर विचार रखे। उन्होंने कहा कि गांधी जी के सिद्धांत आज भी समझ में शांति ,एकता और प्रगति के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। इस मौके पर सोसाइटी के अध्यक्ष डा. साजिद, कामिल, वसीम, अजीत सिंह, शादाब, माजिद, फैयाजूद्दीन, ऋषिपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

### स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन

**नहटौर।** नहटौर खंड के पप्सरा मंडल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में संघ अपना शताब्दी उत्सव मना रहा है। विजयदशमी के दिन सन् 1925 को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना हुई थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता सागर सिंह ने की तथा मुख्य वक्ता के रूप में जिला प्रचारक प्रवीण ने सभी स्वयंसेवकों को विजयदशमी उत्सव और संघ के निर्माण के बारे में और कार्यकर्ता निर्माण के बारे में उद्बोधन दिया। उन्होंने दशहरा का महत्व बताते हुए अपने अंदर की बुराई को नष्ट करने के लिए सभी स्वयंसेवकों को प्रेरित किया। इस अवसर पर खंड सह कार्यवाह विनेश कुमार, खंड संपर्क प्रमुख प्रदीप, खंड सह संपर्क प्रमुख मास्टर बालेश्वर, खंड बौद्धिक प्रमुख नेपाल, जिला बौद्धिक प्रमुख हेमेंद्र तथा पूर्व ब्लाक प्रमुख नवनिहाल आदि सभी स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

## प्रधनाचार्य व शिक्षकों की ऑफलाइन स्थानांतरण सूची को लेकर धरना जारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** माध्यमिक शिक्षक संघ ठकुराई गुट के आह्वान पर प्रदेश सरकार द्वारा माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों की ऑफलाइन स्थानांतरण सूची जारी कराने की मांग को लेकर चंदौसी में चल रहा धरना लगातार जारी है। गुरूवार को शामली जिलाध्यक्ष कैप्टन रजनीश कुमार, जिलामंत्री जिया उल हक अंसारी, कार्यकारी जिलामंत्री देवेंद्र कुमार, मुजफ्फरनगर जिलामंत्री समीर चौधरी, सहारनपुर मंडल मंत्री अरुण मलिक सहित दर्जनों शिक्षक चंदौसी पहुंचे और धरने को समर्थन दिया। धरनास्थल पर शिक्षकों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष कैप्टन रजनीश कुमार ने कहा कि प्रदेश का प्रत्एक शिक्षक आपके साथ है। जरूरत पड़ने पर एक आह्वान पर सभी शिक्षक चंदौसी पहुंचकर आंदोलन को और मजबूत करेंगे।

समीर चौधरी ने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक महत्व रखता है क्योंकि यह राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती का दिन है। गांधी जी ने सत्य और अहिंसा का जो संदेश दिया, उसी मार्ग पर चलते हुए हम शिक्षक अपनी मांगों के समर्थन में शांतिपूर्ण धरना जारी रखेंगे। यह आंदोलन ऑफलाइन स्थानांतरण सूची जारी होने तक चलता रहेगा।

## शून्य से शतक तक संघ की 100 वर्ष की यात्रा

**थानाभवन।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ साल पूरे होने पर इस वर्ष शताब्दी वर्ष मनाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत नगर में कार्यकर्ताओं द्वारा पूर्ण गणवेश धारण कर पथ संचालन दयाल आश्रम से निकाला गया। जो नगर के मुख्य मार्गो में होते हुए, नगर डा. हडेगेवार चौक पर पहुंच कर संपन्न हुआ। नगरवासियों द्वारा जगह जगह स्वयं सेवको पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। कार्यक्रम के बौद्धिक सत्र में बोलते हुए राजेश तिवारी ने संघ की स्थापना से लेकर आज तक की यात्रा पर प्रकाश डाला और बताया कि यह यात्रा चुनौतियों से भरी रही हैं। भारत एक अति प्राचीन राष्ट्र है जिस कारण से उसके इतिहास में अनेक उतार चढ़ाव आए है। हमने स्वर्णिम काल भी देखा है अरे घोर निराशा के दिन भी देखे है। राष्ट्रीय स्वाभिमान को जगाने के लिए डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार ने सन् 1925 में नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की और समाज के सभी भेदभाव को भुलाकर समाज के रूप में संगठित होकर देश की सर्वांगीण उन्नति और विश्व कल्याण की दिशा में कार्य करने वाला भारत बने ऐसा प्रयास 100 वर्षो तक चला है। स्वयंसेवकों के अनवरत प्रयासों और संघ के प्रति उनकी निष्ठा और समर्पण के द्वारा ही यह संभव हो पाया हैं। उन्होंने बताया कि आने वाला समय और अधिक चुनौती पूर्ण होने वाला हैं, परन्तु हमें राष्ट्र चिंता करते हुए लगातार आगे बढ़ते जाना है। सत्य प्रकाश गोयल ने कहा पिछले सौ बर्षो मे संघ ने समाज के सभी भेदभाव को भुला कर संगठन के बल पर देश की सर्वागीण उन्नति और विश्व कल्याण की दिशा मे कार्य किया है हमे राष्ट्र चिंतन करते हुए निरंतर आगे बढना है।

**सार्वजनिक सूचना**

पहले मेरा नाम AKHLAQ था, अब मैंने अपना नाम AKHLAQ AHMAD पुत्र JAHUR, छिम्पीवाडा देवबन्द रख लिया है। भविष्य मे इसी नाम से जाना जाये।

खेल विशेष

## भारत के पास अच्छे और अग्रणी तैराक हैं: माइकल बोहल

**अहमदाबाद, वार्ता।** चीन की टीम के तैराकी कोच माइकल बोहल ने कहा है कि भारत के पास अच्छे और अग्रणी तैराक हैं, बस उसे और अधिक तैराकों की जरूरत है। भारत ने 11वीं एशियाई एक्वेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए चार रजत, नौ कांस्य सहित कुल 13 पदक जीते और नौवां स्थान हासिल किया, जो कि वाटर स्पोर्ट्स में देश की बढ़ती प्रभुता का प्रमाण है।

भारत ने इस खेल में अपनी पहचान बनाना शुरू कर दिया है, जिसमें श्रीहरि नटराज, ऋषभ दास, कुशाग्र रावत, रोहित बी बेनेडिक्टॉन, साजन प्रकाश और भव्या सचदेवा जैसे युवा तैराक उभर रहे हैं। इन सबने तैराकी में भारत के लिए व्यक्तिगत पदक जीते, जबकि इंदिवर सैरेम और विल्सन सिंग निंगथौजम ने डाइविंग में भारत को पहला पदक दिलाकर इतिहास रच दिया। बोहल ने कहा कि मुझे लगता है कि भारत ने यहां बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। कुछ बेहतरीन खिलाड़ी भी हैं।पुरुषों ने विशेषकर बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। मुझे लगता है कि बुधवार रात 400 मीटर फ्रीस्टाइल में एक महिला ने पदक जीता। इसलिए जब भी आप किसी एशियाई स्तर की प्रतियोगिता में पोडियम पर पहुंचते हैं, तो यह देश के लिए अच्छी बात होती है। श्रीहरि नटराज ने सात पदक (3 व्यक्तिगत, 4 रिले) के साथ भारतीय दल का नेतृत्व किया। इसके अलावा भारतीय दल में वृत्ति अग्रवाल, धीनिधि देसिंघु, सान्वी देशवाल, अद्वैत पेज, निथिक नथेला और जशुआ थॉमस दुरई जैसे प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी भी शामिल हैं, जिन्होंने इस एशियाई प्रतियोगिता में अपार संभावनाएं और क्षमता दिखाई।

# अहमदाबाद टेस्ट: पहले दिन भारत का स्कोर 121/2




## केएल राहुल फिफ्टी बनाकर नाबाद लौटे, विंडीज पहली पारी में 162 रन पर ऑलआउट

**अहमदाबाद, वार्ता।** भारत और वेस्टइंडीज के बीच 2 टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मैच अहमदाबाद में खेला जा रहा है। इंडिया ने गुरुवार को पहले दिन का खेल समाप्त होने तक दो विकेट पर 121 रन बनाए। केएल राहुल 53 और कप्तान शुभमन गिल 18 रन पर नाबाद लौटे हैं। राहुल ने टेस्ट करियर की 20वीं फिफ्टी लगाई है। साई सुदर्शन 7 रन और यशस्वी जायसवाल 36 रन बनाकर आउट हुए। टॉस जीतकर बैटिंग करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम टी-ब्रेक से पहले 162 रन पर ऑलआउट हो गई थी। जस्टिन ग्रीव्स ने सबसे ज्यादा 32 रन बनाए। विकेटकीपर शाई होप 26 और कप्तान रोस्टन चेज 24 रन बनाकर आउट हुए। मोहम्मद सिराज ने 4 विकेट झटके, जबकि जसप्रीत बुमराह को 3 विकेट मिले। बुमराह घरेलू मैदानों पर सबसे तेज 50 विकेट लेने वाले भारतीय तेज गेंदबाज बने। 34वें ओवर में केएल राहुल ने फिफ्टी पूरी की। उन्होंने रोस्टन चेज के ओवर की 5वीं बॉल को लान्ग की ओर खेला और एक रन दौड़कर फिफ्टी पूरी की। राहुल ने राहुल टेस्ट करियर की 20वीं फिफ्टी पूरी कर ली है। उन्होंने भारत में 11 फिफ्टी लगाई है। 30वें ओवर में भारतीय टीम ने 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। खारी पियर के ओवर की चौथी बॉल पर गिल ने चौका लगाकर टीम स्कोर 100 पार पहुंचाया। 25वें ओवर में भारतीय टीम ने दूसरा विकेट गंवाया। यहां पर साई सुदर्शन 7 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें रोस्टन चेज ने एलबीडब्ल्यू कर दिया। यशस्वी जायसवाल (36 रन) को जैडन सील्स ने कैच कराया। 19वें ओवर में भारतीय टीम ने पहला विकेट गंवाया। यहां यशस्वी जायसवाल 36 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें जैडन सील्स ने विकेटकीपर शाई होप के हाथों कैच कराया। 15वें ओवर में यशस्वी जायसवाल ने जस्टिन ग्रीव्स के ओवर में तीन चौके लगाए। उन्होंने पहली, दूसरी और छठी बॉल को बाउंड्री लाइन के बाहर पहुंचाया।




## बुमराह भारत में सबसे तेजी से 50 विकेट पूरे करने वाले भारतीय बने

**अहमदाबाद, वार्ता।** भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुम. राह ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के शुरुआती दिन प्रभावित किया। बुमराह एशिया कप में भी शानदार फॉर्म में थे और उन्होंने इस लय को टेस्ट प्रारूप में भी बरकरार रखी। बुमराह ने पहली पारी में तीन विकेट लिए और इसके साथ ही उन्होंने जवागल श्रीनाथ के रिकार्ड की बराबरी कर ली। बुमराह भारत में सबसे तेज 50 विकेट पूरे करने वाले तेज गेंदबाज बन गए। बुमराह ने इस दौरान बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। उन्होंने भारत में 24 टेस्ट पारियों में 50 विकेट पूरे कर लिए। बुमराह से पहले श्रीनाथ ने भी इतनी ही पारियों में भारत में 50 टेस्ट विकेट पूरे किए थे। इस सूची में तीसरे स्थान पर कपिल देव हैं जिन्होंने 25 पारियों में भारत में 50 टेस्ट विकेट पूरे किए थे। वहीं, ईशांत शर्मा और शमी ने 27-27 पारियों में ऐसा किया है।

## राष्ट्रव्यापी फिट इंडिया फ्रीडम रन 6-0 का हुआ आयोजन

- **भारत के प्लॉग मैन नीतू दमन विशिष्ट अतिथि थे, यह दौड़ देशभर के विभिन्न स्थानों पर आयोजित की गई**

**नई दिल्ली, वार्ता।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर गुरुवार को फिट इंडिया मिशन ने एकल-प्लास्टिक के उपयोग को समाप्त करने और नागरिकों को सभी सार्वजनिक स्थानों को कूड़ा-कचरा मुक्त रखने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु पूरे उपमहाद्वीप में फ्रीडम रन 6-0 का आयोजन किया।

आज यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में युवा मामले एवं खेल मंत्रालय और फिटस्पायर, रेड एफएम और रैपिडो के सहयोग से 'फिट इंडिया फ्रीडम रन 6-0' का आयोजन किया गया। इसमें मंत्रालय के अधिकारियों और व्यक्तियों ने प्लॉग रन में भाग लिया इस दौरान सुबह-सुबह कूड़ा उठाने के साथ-साथ एक छोटी दौड़ भी हुई। इस पहल के मुख्य अतिथि स्वच्छता अभियान की अगुवाई खेल मंत्रालय के सचिव हरि रंजन राव ने की। भारत के प्लॉग मैन रिपु दमन विशिष्ट अतिथि थे। यह दौड़ का देश भर के विभिन्न स्थानों पर आयोजित की गई। 'स्वच्छता से स्वास्थ्य की ओर', अर्थात 'स्वच्छता के माध्यम से अच्छे स्वास्थ्य की ओर', की टैगलाइन के साथ, फिट इंडिया फ्रीडम रन में संयुक्त सचिव खेल कुणाल और भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के उप महा. निदेशक मयंक श्रीवास्तव भी शामिल हुए।

## डीके का हांगकांग सिक्सेज के साथ करार



- **हांगकांग सिक्सेज में टीम इंडिया का नेतृत्व करना मेरे लिए बेहद सम्मान की बात है: दिनेश कार्तिक**

**हांगकांग, वार्ता।** दिनेश कार्तिक ने हांगकांग सिक्सेज के साथ करार किया है। हाल ही में आईएलटी-20 में शारजाह वॉरियर्स के लिए खेलने के लिए सहमत होने के बाद, कार्तिक (40) अपने पूर्व भारतीय और तमिलनाडु टीम के साथी आर अश्विन के साथ जुड़ेंगे, जिन्होंने पहले इस सिक्स-ए-साइड टूर्नामेंट में भाग लेने की पुष्टि की थी। आयोजकों, क्रिकेट हांगकांग,ने कहा कि कार्तिक भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे।

कार्तिक ने कहा कि हांगक. ांग सिक्सेस में टीम इंडिया का नेतृत्व करना मेरे लिए बेहद सम्मान की बात है। यह एक ऐसा टूर्नामेंट है जिसका इतिहास इतना समृद्ध और वैश्विक है। मैं ऐसे खिलाड़ियों के समूह का नेतृत्व करने के लिए उत्सुक हूं जिनके नाम अविश्वसनीय रिकॉर्ड हैं। हम साथ मिलकर प्रशंसकों को खुशी प्रदान करेंगे और निडर और मनोरंजक क्रिकेट खेलेंगे। यह टूर्नामेंट 7 से 9 नवंबर तक चलेगा। क्रिकेट हांगकांग चीन के अध्यक्ष बुर्जी श्रॉफ ने कहा कि हमें हांगकांग सिक्सेस 2025 के लिए टीम इंडिया के कप्तान के रूप में दिनेश का स्वागत करते हुए बेहद खुशी हो रही है। उनका नेतृत्व और अनुभव इस प्रतियोगिता में अपार मूल्य जोड़ेंगे, और हमें विश्वास है कि उनकी उपस्थिति दुनिया भर के प्रशंसकों को इस शानदार क्रिकेट उत्सव का गवाह बनने के लिए आकर्षित करेगी। इस तीन दिवसीय आयोजन में कुल 12 टीमें भाग लेंगी: दक्षिण अफ्रीका, अफगानिस्तान, नेपाल, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, यूएई, भारत, पाकिस्तान, कुवैत, श्रीलंका, बंगलादेश और हांगक. ांग। टीमों को चार ग्रुप में बांटा गया है और भारत और पाकिस्तान को, उम्मीद के मुता. बिक, एक ही ग्रुप (ग्रुप सी) में रखा गया है। प्रत्येक ग्रुप की शीर्ष दो टीमें क्वार्टर फाइनल में प्रवेश करेंगी। क्वार्टर फाइनल की विजेता टीमें कप सेमीफाइनल में खेलेंगी।

## दबंग दिल्ली को हराकर जीत की पटरी पर लौटना चाहेंगे यूपी योद्धाज

**चेन्नई, वार्ता।** यूपी योद्धाज अपने हालिया अनुभवों को सीखे हुए सबक में बदलने के इरादे से टेबल-टॉपर्स दबंग दिल्ली केसी एम से भिड़ने के लिए तैयार हैं। यह मुकाबला 3 अक्टूबर को चेन्नई के एसडीएटी मल्टी-पर्पज इंडोर स्टेडियम में रात 8 बजे से शुरू होगा और दर्शकों को अटैकिंग कौशल और डिफेंसिव मजबूती का अनोखा मिश्रण देखने को मिलेगा। पिछले मैच में यूपी योद्धाज गुजरात के खिलाफ 27-33 से हार गए थे, लेकिन प्रदर्शन ने टीम की बढ़ती संतुलन क्षमता को उजागर किया, खासकर रेडिंग व डिफेंस दोनों में। कई खिलाड़ी इस मुकाबले में सामने आए और टीम अब इस प्रतिस्पर्धी आत्मा को लीग लीडर्स के खिलाफ जीत में बदलने के इरादे से मैदान में उतरेगी।



## चाइना ओपन के सेमीफाइनल में कोको

**बीजिंग, वार्ता।** अमेरिकी टेनिस स्टार कोको गॉफ ने गुरुवार को जर्मनी की ईवा लिस को हराकर चाइना ओपन के महिला एकल वर्ग के सेमीफाइन में जगह बना ली। आज यहां खेले गए क्वार्टर फाइनल में गॉफ ने डेढ़ घंटे तक चले मुकाबले में जर्मनी की लिस को सीधे सेटों में 6-3, 6-4 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अब गॉफ का सामना सेमीफाइनल में दो बार की ग्रैंड स्लैम फाइनलिस्ट जैस्मीन पाओलिनी या अमांडा अनिसिमोवा से होगा। यह तीसरी बार होगा जब 21 वर्षीय खिलाड़ी डब्ल्यूटीए 1000 टूर्नामेंट के इस चरण में पहुंची हैं। मैच के बाद अपनी प्रतिद्वंद्वी के बारे में गॉफ ने कहा कि वह एक कड़ी प्रतिद्वंद्वी हैं, उन्होंने दौड़ते हुए कुछ अविश्वसनीय शॉट लगाए। मैं आक्रामक बने रहने की पूरी कोशिश कर रही थी। बस अपने खेल पर भरोसा बनाए रखना चाहती थी और जब मैं बढ़त बना रही थी तो बहुत अधिक निष्क्रिय नहीं रहना चाहती थी।

## अश्विन ने पूरे बीबीएल सीजन के लिए अनुबंध किया




**नई दिल्ली, वार्ता।** पूर्व भारतीय स्पिनर आर अश्विन ने बिग बैश लीग (बीबीएल) में पूरे सीजन के लिए प्रतिबद्धता जताई है और सिडनी थंडर के सभी मैचों में खेलेंगे। उन्होंने शुरुआत में एक छोटे कार्यकाल के लिए अनुबंध किया था, जिसमें केवल कुछ लीग मैच और प्लेऑफ शामिल थे, लेकिन अब उन्होंने पूरे टूर्नामेंट के लिए उपलब्ध रहने के लिए अपने अनुबंध को बढ़ा दिया है। बीबीएल इस वर्ष 14 दिसंबर से 25 जनवरी तक चलेगा।

अश्विन की बीबीएल में विस्तारित भागीदारी एक स्पष्ट कारण से है। बुधवार को नीलामी के पहले दौर में न बिकने के बाद आईएलटी-20 में उनका नियोजित कार्यकाल पूरा नहीं हो सका। उन्होंने बाकी राउंड से तुरंत अपना नाम वापस ले लिया, क्योंकि वे कम वेतन पर लीग में खेलने को तैयार नहीं थे। अश्विन ने आईएलटी-20 नीलामी में 120,000 डॉलर के आधार मूल्य के साथ प्रवेश किया था, जो पंजीकृत खिलाड़ियों में सबसे ज्यादा था, लेकिन घटनाक्रम से निराश थे। अश्विन ने क्रिकबज से कहा कि यही वह कीमत थी जो मैं न्यूनतम चाहता था, और अगर मेरी कीमत पूरी नहीं होती है तो मैं अपने करियर के इस पड़ाव पर नहीं खेलने को लेकर खुश हूं। अगले राउंड में चुने जाने की हमेशा संभावना थी, लेकिन उन्होंने आगे नहीं खेलने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि थंडर के साथ हुए सौदे के कारण मैं नीलामी से कुछ दिन पहले ही नाम वापस लेने वाला था, लेकिन चूंकि मैंने पहले ही आईएलटी-20 के लिए नीलामी में भाग लेने का वादा कर दिया था, इसलिए मैंने अपना वादा निभाया। हालांकि, मैं अपना आधार मूल्य कम करने के लिए सहमत नहीं हुआ। उन्होंने गुरुवार को इस वेबसाइट से यह भी पुष्टि की कि उन्होंने पूरे सीजन के लिए सिडनी थंडर के साथ अनुबंध कर लिया है। उन्होंने कहा कि मैंने पूरे सीजन के लिए सिडनी थंडर के साथ अनुबंध कर लिया है।

## आईएल टी-20 के पहले प्लेयर ऑक्शन में अनसोल्ड रहे रविचन्द्रन अश्विन

**दुबई, वार्ता।** दुबई में हुए आईएल टी-20 के पहले ऑक्शन में छह अंकों में अपना बेस प्राइस रखने वाले इकलौते खिलाड़ी रविचंद्रन अश्विन अनसोल्ड रहे हैं। पूर्व भारतीय स्पिनर का नाम एक्सीलेटर राउंड के दौरान नहीं बोला गया लेकिन इस बात की उम्मीद है कि वह वाइल्ड कार्ड के रूप में आगामी सीजन का हिस्सा बन सकते हैं। एमआई एमिरेट्स और डेजर्ट वाइपर्स दो ऐसी फ्रेंचाइजी हैं जिन्होंने अब तक अपनी वाइल्डकार्ड साइनिंग नहीं की है। पाकिस्तान से बाहर टी-20 लीग में हिस्सा लेने के लिए इच्छुक खिलाड़ियों के अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) को पीसीबी द्वारा रद्द किए जाने के बावजूद वाइपर्स इकलौती टीम रही जिसने पाकिस्तान के खिलाड़ियों के लिए बोलियां लगाई। ऐसा क्यों किया गया इसका कोई कारण सामने नहीं आया है।

## विश्व कप के पहले मैच ने दर्शक संख्या का नया रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, वार्ता।** गुवाहाटी में आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप के उद्घाटन मैच ने महिला क्रिकेट में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 की गुवाहाटी में ऐतिहासिक शुरुआत हुई, जहां भारत और श्रीलंका के बीच खेले गए पहले मैच ने किसी भी महिला क्रिकेट विश्व कप में दर्शकों की संख्या का नया रिकॉर्ड बनाया। एसीए स्टेडियम में खेले गए इस मैच में 22,843 दर्शक आए, जो किसी भी महिला विश्व कप के ग्रुप चरण के सबसे अधिक दर्शकों वाले मैच का रिकॉर्ड है। 15,935 दर्शकों का पिछला रिकॉर्ड 2024 में भारत-पाक महिला टी20 विश्व कप ग्रुप ए मुकाबले के दौरान बना था। यह कीर्तिमान इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का नवीनतम कीर्तिमान है, जिसने प्रशंसकों की पहुंच और महिला क्रिकेट इतिहास में रिकॉर्ड पुरस्कार राशि के मामले में भी नए मानक स्थापित किए हैं।

## मूलर 35वां खिताब जीतकर जर्मनी के सबसे सफल खिलाड़ी बने

- **मूलर ने अपने करियर का 300वां गोल भी किया, जिसमें उन्होंने अपनी टीम के लिए दूसरा गोल पेनल्टी में बदला**

**बर्लिन, वार्ता।** वैंकूवर व्हाइटकैप्स के स्ट्राइकर थॉमस मुलर ने कहा कि अपने करियर का 35वां खिताब जीतने के बाद से उनके फोन की घंटी बजती ही रही है, जिससे वह जर्मन फुटबॉल इतिहास के सबसे सफल खिलाड़ी बन गए हैं।

दोस्तों, पूर्व साथियों और रिश्तेदारों ने 36 वर्षीय इस खिलाड़ी को बधाई देने के लिए फोन किए, जिन्होंने बायर्न म्यूनिख के अपने पूर्व साथी टोनी क्रूस (34 खिताब जीतने वाले) को पीछे छोड़ दिया। दोनों ने 2014 फीफा विश्व कप साथ मिलकर जीता था। मुलर को सबसे हालिया उपलब्धि कैनेडियन चैंपियनशिप के साथ मिली, जब व्हाइटकैप्स ने फाइनल में वैंकूवर एफसी को 4-2 से हराकर कॉनकाकाफ चैंपियंस लीग में जगह पक्की की। उन्होंने अपने करियर का 300वां गोल भी किया, जिसमें उन्होंने अपनी टीम के लिए दूसरा गोल पेनल्टी में बदला। इसके बाद, उन्होंने सुनहरे '300' से सजा एक छोटा सा केक भेंट करके इस उपलब्धि का जश्न मनाया। 13 सितम्बर को अपने जन्मदिन के कुछ ही हफ्ते बाद, मुलर ने मजाक में कहा कि अपने माता-पिता से मिलने के दौरान कि मैंने उनसे कहा था, यह मैच का दिन है, जन्मदिन का नहीं।




अपने रिकॉर्ड जीत के बावजूद, मुलर ने कहा कि वह खुद को 'खिताब संग्रहकर्ता' नहीं मानते। तुलना करना बेमानी है। कुछ ने चैंपियंस लीग ज्यादा बार जीती है, तो कुछ ने ज्यादा राष्ट्रीय खिताब। उन्होंने क्रूस के छह चैंपियंस लीग खिताबों और उनके दो खिताबों का जक्रि करते हुए कहा कि मैं मैदान पर भावनाओं के लिए खेलता हूं, खिताबों के लिए नहीं। मुझे इस बात की कद्र है कि हमने साबित कर दिया कि हम कनाडा की सर्वश्रेष्ठ टीम हैं। उन्होंने आगे कहा कि आंकड़े ज्यादा मायने नहीं रखते: मैं अपनी विरासत को बेहतर बनाने के लिए नहीं खेलता।

## अंडर-19 टीम ने ऑस्ट्रेलिया को पारी और 58 रनों से रौंदा

**ब्रिसबेन, वार्ता।** दीपेश देवेंद्रन और खिलन पटेल ने (तीन-तीन विकेट) तथा अनमोलजीत सिंह और किशन कुमार (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर भारतीय अंडर 19 टीम ने पहले मैच के तीसरे दिन गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया को दूसरी पारी में 49.3 ओवर में 127 के स्कोर पर ढेर कर मुकाबला पारी और 58 रनों से जीत लिया। इसी के साथ भारतीय टीम ने दो मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। ऑस्ट्रेलिया ने कल के आठ रन पर एक विकेट से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में अभी ऑस्ट्रेलिया के कल के स्कोर में दो रन का इजाफा हुआ था कि देवेंद्रन ने स्टीवन होगन (तीन) को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद 13वें ओवर में देवेंद्रन ने एलेक्स ली यंग (शून्य) को भी अपना शिकार बना लिया। भारतीय गें. दबाजी आक्रमण के आगे ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजी अधिक देर तक नहीं टिक सके और विकेट गंवाते रहे। कप्तान विल मालाजचुक (22), जेड हॉलिक (13) को खिलन पटेल ने आउट किया। अनमोलजीत सिंह ने साइमन बुडग (शून्य) को खाता खोलने भी नहीं दिया।

## विदेशी एथलीटों ने बनाए दो विश्व रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, वार्ता।** इंडियनऑयल नई दिल्ली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में गुरुवार को सईद अफरोज (ईरान) ने पुरुषों की भाला फेंक एफ 34 स्पर्धा के फाइनल में और सफिया जेलल (अल्जीरिया) ने महिलाओं की गोला फेंक एफ 57 स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्व रिकार्ड बनाए।

यहां जवाहरलाल नेहरु स्टेडियम में सईद अफरोज ने 41.52 मीटर की दूरी नापी और 2024 में कोबे में बनाए गए अपने ही 41.16 मीटर के रिकॉर्ड को बेहतर बनाया, जबकि सफ़िया जेलल ने 11.67 मीटर की दूरी नापी और 2024 में बनाए गए अपने ही 11.62 मीटर के रिकॉर्ड को बेहतर बनाया। यहां स्थापित विश्व रिकॉर्डों की संख्या बढ़कर 21 हो गई है, जबकि अब तक 65 नए चैंपियनशिप रिकॉर्ड स्थापित किए जा चुके हैं। विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों की डिस्कस थ्रो एफ37 स्पर्धा के फाइनल में अपने पदार्पण पर भारत के 19 वर्षीय हैनी के लिए यह निराशाजनक रहा।

# किसानों के संघर्ष में साथ खड़ा हूं: उमर अली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर/चिलकाना।** बेहट विधानसभा क्षेत्र के टोडरपुर गांव स्थित शाकुम्भरी शुगर मिल के गन्ना किसानों का बकाया भुगतान न होने से आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। किसानों ने 28 सितम्बर से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर रखा है। शनिवार को इस आंदोलन को नया बल तब मिला जब बेहट के विधायक उमर अली खान स्वयं किसानों के बीच पहुंचे और उनके संघर्ष को अपना समर्थन दिया।

धरना स्थल पर पहुंचे विधायक उमर अली खान ने कहा कि गन्ना किसानों का खून-पसीना बकाया रखने वाली मिलों की मनमानी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने साफ कहा कि गन्ना किसान गांव-गांव में मेहनत कर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को सहारा देते हैं, लेकिन समय पर भुगतान न होना उनके साथ बहुत बड़ा अन्याय है।



विधायक ने मांग की कि उत्तर प्रदेश सरकार तत्काल हस्तक्षेप कर शाकुम्भरी शुगर मिल सहित सभी मिलों से किसानों का बकाया भुगतान सुनिश्चित कराए।

उन्होंने किसानों को भरोसा दिलाया कि जब तक उनका हक उन्हें नहीं मिल जाता, वे आंदोलन में किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहेंगे। विधायक के पहुंचने पर किसानों में नया जोश देखने को मिला और उन्होंने सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए अपने आंदोलन को और तेज करने की चेता. वनी दी।

धरना स्थल पर मौजूद किसानों ने कहा कि गन्ना उनका जीवन है और बकाया भुगतान न मिलने से वे आर्थिक संकट में हैं। स्कूल-कॉलेज की फीस, घर के खर्च और अन्य जरूरतें पूरी करना कठिन होता जा रहा है। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द भुगतान नहीं हुआ तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। धरना प्रदर्शन में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय किसान मौजूद रहे और उन्होंने एक स्वर में कहा कि जब तक बकाया नहीं मिलेगा, आंदोलन जारी रहेगा।

इस दौरान नरेश स्वामी, ताहिर चेयरमैन, चौधरी जाबिर हसन, सतीश शर्मा, हाजी मुक्करम, चौधरी हाशिम, कय्यूम प्रधान, अशरफ अली, श्याम कंबोज, ललित कंबोज, ऋतु सैनी आदि के साथ साथ अन्य किसान मौजूद रहे।

# सभी धर्मों का सम्मान करते थे महात्मा गांधी: मौलाना फरीद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** गांधी जंयती कार्यक्रमों की श्रृंखला में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित सर्वधर्म शांति सभा में विभिन्न धर्मो के लोगों ने अपनी वाणी के माध्यम से सर्वधर्म एकता पर जोर दिया।



गांधी पार्क में महात्मा गांधी प्रतिमा स्थल पर जामा मस्जिद प्रबंधक व समाज चिंतक मौलवी फरीद मजा. हिरी ने कहा कि महात्मा गांधी सभी धर्मो का सम्मान करते थे, जो सभी को साथ लेकर भारत का विकास चाहते थे। इसलिये आज आवश्यकता इस बात की है कि हर धर्म के लोग गांधी का सम्मान करें। उन्होंने कहा कि देश के मौजूदा हालात में गांधी दर्शन की बेहद जरूरत है। देश के नागरिकों को गाधी दर्शन पढकर देश के विकास में अपना योगदान देना चाहिये। उन्होंने कहा कि स्वदेशी की शुरूआत महात्मा गांधी द्वारा ही की गई थी। गुरू सिंह सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष स.दलजीत सिंह कोचर एडवोकेट ने कहा कि गांधी दर्शन दुनिया में शांति और अहिंसा फैलाना वाला दर्शन है जो इंसानियत को बढावा देता है।

अध्यक्षता मौ.आलम व संचालन अमीर खान ने किया।

# ग्लोकल विवि में चलाया स्वच्छता अभियान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ग्लोकल विश्व. विद्याल के अतिरिक्त प्रतिकुलाधिपति सैयद निजामुद्दीन के संरक्षण, कुल. पति प्रोफेसर जॉन फिन्बे की प्रेरणा तथा कुलसचिव प्रोफेसर शिवानी तिवारी की अनुप्रेरणा से भारत सरकार के निर्देशों के अवलोक में गांधी जयंती के अवसर पर ग्लोकल विश्वविद्यालय में स्वच्छता अभियान एवं संविधान पालन की शपथ का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संयोजन विश्वविद्यालय के चीफ प्रॉक्टर जमीर उल इस्लाम एवं हॉस्पिटल इंचार्ज जोगिंदर के मार्गदर्शन में किया गया।

कार्यक्रम का प्रारंभ विश्वविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान से हुआ ,जिसमें डीन, प्रवक्तागण, कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और 'स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत' का संदेश दिया। इसके पश्चात इस वर्ष की टैगलाइन हमारा संविधान हमारा स्वाभिमानष्का अनुपालन करते हुए उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने भारतीय संविधान का पालन करने और उसके मूल्यों को जीवन में आत्मसात करने की शपथ ली। अतिरिक्त प्रतिकुलाधिपति ने महात्मा गांधी के जीवन, उनके सत्य एवं अहिंसा के आदर्शों को याद किया और कहा कि गांधी जी का सपना केवल राजनीतिक आजादी नहीं था, बल्कि स्वच्छ और सशक्त समाज का निर्माण करना भी था। कुलपति प्रोफेसर जॉन फिन्बे ने कहा कि संविधान लोकतंत्र की रीढ़ है, जो राष्ट्र को एकता प्रदान करता है।

## चरस समेत पकड़ा

**बेहट।** एस एस पी आशीष तिवारी के निर्देशन तथा सीओ एस एन वैभव पांडेय के कुशल नेतृत्व में नशा कारोबार करने वालो के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत कोतवाली बेहट पुलिस ने एक युवक को अवैध चरस सहित गिरफ्तार किया है। पुलिसने आरोपी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय में पेश किया है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी ने बताया कि कोतवाली पुलिस के उप निरीक्षक रोबिल्स कुमार,हेड कांस्टेबल तरुण कुमार, कास्टेबल सावन तोमर शान्ति व्यवस्था को लेकर गश्त कर रहे थे तो पुलिस ने एक सूचना पर गांव दबकौरा के मोड़ पर वहां संदिग्ध खड़े एक युवक को पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान पकड़े गए युवक ने अपना नाम हारून पुत्र शौकत निवासी दबकौरा कोतवाली बेहट बताया।

# सामाजिक समरसता बेहद जरूरी: साहब सिंह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता साहब सिंह सैनी ने कहा कि देश और समाज के विकास के लिये सामाजिक समरसता जरूरी है, क्योंकि सामाजिक समरसता के अभाव में कोई भी राष्ट्र विकसित नहीं होता।

साहब सिंह सैनी ने यह बात मंडी समिति रोड स्थित गत्ता मिल कालोनी में राष्ट्रीय सैनी सभा द्वारा आयोजित सामाजिक समरसता कार्यकर्ता सम्मेलन में कही। उन्होंने कहा कि पिछले पांच दशक से वह समाज की सक्रिय राजनीति में है और समाज के हितों की लडाई लड रहे है। आज भी हमारे समाज के लोग अनेक क्षेत्रों में अग्रणी होते हुए भी राजनी. तिक रूप से जागरूक नहीं है। जिसका खामियाजा समाज के लोगों को भुगतना पडता है। उन्होंने कहा कि कोई राष्ट्र तभी विकसित बनता है जब उस राष्ट्र के सभी समाज समान रूप से हर क्षेत्र में विकास के शिखर पर हो। उन्होंने कहा कि सभी लोग मतभेद भुलाकर समाज को संगठित कर मजबूती देने का काम करें। युवा नेता मयंक प्रताप सैनी ने एकजुटता का आहवान किया।




राष्ट्रीय सैनी सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश सैनी ने कहा कि समाज के पिछडेपन को दूर करने के लिये मिलकर प्रयास करना होगा। प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र कुमार ने कहा कि समाज की प्रगति में सभी को समपर्ण की भावना से काम करना होगा।

इस दौरान नरेश सैनी ने एडवोकेट अनुज प्रधान को संगठन को जिलाध्यक्ष घोषित किया। इस दौरान प्रधान अनिमेष, सौरभ सैनी, प्रवीण सैनी, अंकित पठेड, नवनीत प्रधान, जयपाल चमनपुरा, हुकम सिंह तकीपुर, वेदपाल दमकडी, डा.राधेश्याम, सत्यप्रकाश, राकेश समेत हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे। संचालन प्रेमचंद सैनी ने किया।

# असत्य पर सत्या की जीत: धूं-धूंकर जले रावण, मेघनाथ व कुम्भकर्ण के पुतले



दशहरा महोत्सव को सम्बोधित करते सांसद इमरान मसूद।







**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक पर्व विजयदशमीं पर्व श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुक्ति संग्राम शोभायात्रा निकालकर रावण, मेघनाद व कुम्भकर्ण के प्रतीकात्मक पुतलों का दहन कर भगवान श्रीराम के आदर्शो को अपनाने पर बल दिया गया।

चिलकाना रोड स्थित प्राचीन श्री रामलीला कमेटी के तत्वाधान में असत्य पर सत्य की विजय विजयदशमी पर्व पर अपराजिता देवी का पूजन व श्री रामचन्द्र जी का पायता एवं शस्त्र पूजन रामलीला भवन में किया गया। देर शाम श्रीरामलीला भवन से भगवान श्रीराम, लंका नरेश रावण की सवारी निकाली गयी, जो भगत सिंह चौक से आरंभ होकर बाजार मोरगंज, चौक फव्वारा, नया बाजार, सर्राफा बाजार, हलवाई हट्टा, बाजार दीनानाथ, बडतला यादगार से होते हुए रामलीला मैदान पर पहुंची। शोभायात्रा में सबसे आगे एक युवा धर्म ध्वज लिया चल रहा था तथा दो युवक कमेटी का बैनर लिये चल रहे थे। भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा एक विशेष रथ पर विराजमान थी, जो शोभायात्रा का नेतृत्व कर रही थी। नगर के प्रमुख बैंड धार्मिक धुनों से वातावरण को भक्तिमय किये हुये थे। इनके अलावा भगवान श्रीराम के जीवन से जुडी झाांकियां सभी को अपनी ओर आर्किषत कर रही थी। इस दौरान राम-रावण युद्ध का प्रतीकात्मक मंचन कर रावण के पुतले का दहन किया गया। इस अवसर पर कमेटी के प्रधान विनय जिंदल, चौधरी माई दयाल सिंह मित्तल, मनुज तायल, आलोक अग्रवाल, पूर्व प्रधान अनिल अग्रवाल, हितेश गर्ग, अमित सिंघल, सचिन गोयल, लक्ष्य कम्बोज राजा जैन, दशहरा प्रमुख विश्वनाथ गोयल, सजंय कर्णवाल, नीरज गर्ग, अमित गर्ग, ादि उपस्थित रहे। इसके अलावा श्रीकृष्णा राम नाटक क्लब के तत्वावधान में जुबली पार्क के मैदान से मुक्ति संग्राम शोभा यात्रा निकाली गयी। जिसमें सबसे आगे एक युवक धर्म ध्वज लिये चल रहे था, तो वही एक रथ पर भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा विराजमान थी। उनके साथ रावण की सवारी सभी को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी, तो भगवान श्रीराम, लक्ष्मण तथा हनुमान जी एक विशेष रथ पर सवार थे। शोभायात्रा में नगर के प्रमुख बैंड धार्मिक धुनों से वातावरण को भक्तिमय किये थे, तो वही बैग पाईपर बैंड अपना-अलग ही जलवा बिखेर रहा था। मुक्ति संग्राम जुलूस जुबली पार्क से आरंभ होकर नेहरू मार्केट, चौकी सराय, बाजार शहीद गंज, चौक फव्वारा, बाजार मोरगंज, पुल दालमण्डी, मटियामहल, नवाबगंज चौक, विजय टॉकिज रोड से होता हुआ राजकीय सेवादल स्टेडियम पहुंचा, जहां भगवान श्रीराम व रावण के बीच भयंकर युद्ध की लीला का मंचन कर विजयदशमीं पर्व मनाया गया और रावण, मेधनाथ व कुम्भकरण के विशालकाय पुतलों का दहन किया गया। इस दौरान क्लब प्रधान महेन्द्र तनेजा, वरिष्ठ उपप्रधान राजकुमार नरूला, रामलीला संयोजक रम्मी धवन, मनोज विज, बिट्टू बजाज, लाम्बा आदि लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन रम्मी धवन ने किया। गांधी पार्क में राधा कृष्ण मंदिर क्लब द्वारा दशहरा महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। आज दोपहर बाद अम्बाला रोड स्थित श्रीराधा कृष्ण मंदिर से मुक्ति संग्राम की शोभा यात्रा निकाली गयी। जिसमें सबसे आगे एक युवा धर्म ध्वज लिये चल रहा था। उनके साथ दो युवक रामलीला कमेटी का बैनर थामे चल रहे थे। साथ ही भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा एक विशेष रथ पर विराजमान थी, तो वहीं लंकापति नरेश राजा रावण, मां जानकी के साथ एक विशेष रथ पर विराजमान थे। जिसमें भगवान श्रीराम, लक्ष्मण व हनुमान जी एक विशेष रथ पर सवार थे। इनके अलावा अन्य देवी देवताओं की झांकियां सभी के लिए आकर्षण का केन्द्र बनी थी, तो वहीं नगर के प्रमुख बैण्ड धार्मिक धुने बजाकर वातावरण को भक्तिमय किये हुए थे। शोभा यात्रा अम्बाला रोड से आरंभ होकर चौक घंटाघर, रेलवे रोड, रेलवे स्टेशन रोड, माल गोदाम रोड, अम्बाला रोड से होते हुए गांधी पार्क के मैदान पर पहुंची, जहां लीला निर्देशक के दिशा-निर्देशन में भगवान श्रीराम व रावण के बीच भयंकर युद्ध हुआ। इस दौरान रावण, मेघनाथ व कुम्भकर्ण के विशालकाय पुतलों का दहन किया गया। इस दौरान प्रधान चौ.जोगेन्द्र कुमार, महामंत्री स.गुरदीप सिंह बावा, लवनीश पुरी, गगन भाटिया, विपिन सलूजा, आशु सागर, राकेश वत्स, रमेश चंद छबीला, राकेश शर्मा, संकल्प नैब, अरविंद नैब सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। श्री आशुतोष मन्दिर रामलीला समिति द्वारा आज जला कांग्रेस कमेटी में मैदान में दर्शकों की भारी भीड़ के बीच रावण के विशाल पुतले का दहन किया गया। इस से पूर्व प्रभु श्री राम,लक्ष्मण व रावण में संवाद हुए और युद्ध का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा.राहुल सिंह रहे। प्रभु राम के रूप में दिनेश सक्सेना,लक्ष्मण के रूप में गौरव चौहान ने,हनुमानजी के रूप में तरुण अरोड़ा,रावण के रूप में मनोज शर्मा,विभीषण के रूप में शिवम कक्कड़ ने बहुत सुंदर अभिनय किया।इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष गौरव चौधरी,महामंत्री राकेश छाबड़ा,मोहित छाबड़ा कोषाध्यक्ष गौरव पुरी,मुख्य संयोजक संजय भसीन, प्रबन्धक विनय दुग्गल,दशहरा प्रधान नरेश कुमार,प्रभु राम के सारथी संजीव टन्डन, स्वागताध्यक्ष डा एमपी सिंह चावला,विजय खुराना, राकेश राणा, योगेश टंडन,अमन भाटिया, राघव सेठ,राजा छाबड़ा,दीक्षित छाबड़ा,मनीष कालरा,संजय आनन्द,आनन्द भाटिया,राजेन्द्र महेंद्रा,शिवम महेंद्रा,गौरव चौहान कुमार,विकास कुमार,सन्नी शर्मा,लकी भण्डारी,सिद्धार्थ पुरी, शिवम ग्रोवर व अन्य अतिथि उपस्थित रहे। संचालन डॉ एम पी सिंह चावला,अमित वत्ता व संजय भसीन ने किया। गोविंद नगर के मैदान पर भारतीय कला मंच रामलीला सभा द्वारा दशहरा पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गोविंद नगर से आरंभ हुई शोभा यात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमें अपने भीतर रावण को समाप्त कर प्रभु श्रीराम के आदर्शो को आचरण में उतारना चाहिए। वक्ताओं ने भौतिकवादी चीजों से बचने एवं व्यस्नों से दूर रहने की अपेक्षा समाज से की। शोभा यात्रा गोविंद नगर से आरंभ होकर रामनगर, पठानपुरा, कोर्ट रोड, देहरादून रोड होते हुए पुन: गोविंद नगर मैदान पहुंची, जहां राम-रावण के बीच युद्ध हुआ और विशालकाय रावण-मेघनाथ व कुम्भकर्ण के पुतलों का दहन किया गया। इस दौरान नरेन्द्र शर्मा, कांग्रेस महानगर अध्यक्ष वरूण शर्मा, सर्वजीत सिंह, धीर सिंह, स.पुनीत धीर, विशाल बजाज, देवांग बजाज, राजीव गुप्ता, रविन्द्र गुप्ता, प्रभजीत सिंह, नीरज शर्मा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। रेलवे टी-2 कालोनी में भारतीय कला संगम श्रीरामलीला सभा के तत्वावधान में भी दशहरा महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया और रावण, मेघनाथ के विशालकाय पुतलों का दहन किया गया। इस अवसर पर प्रधान जसबीर मोंगा, बीपी राय, दीपक मलिक, कमल मखीजा, कोषाध्यक्ष चेतन कौशिक, प्रमोद धीमान, प्रबंधक अनिरूद्ध, विवेक, शिवा गांधी, दिग्विजय राणा, अभिषेक मोंगा आदि मौजूद रहे। माल गोदाम रोड स्थित रेलवे क्लब घर में उत्तर रेलवे नाटक क्लब द्वारा दशहरा पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान राम-रावण के बीच भयंकर युद्ध हुआ और विशाल. काय रावण-मेघनाथ व कुम्भकर्ण के पुतलों का दहन किया गया। इस मौके पर रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों समेत भारी जनसमूह मौजूद रहा। सुशील सडाना, सुनील शर्मा, प्रधान रवि जुनेजा, अध्यक्ष संजीव शर्मा आदि का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन रवि जुनेजा ने किया। रेलवे यूथ सोशल क्लब द्वारा श्रीराम लीला दशहरा महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विशालकाय रावण, मेघनाथ, कुंभकर्ण के पुतलों का दहन किया गया और राम रावण युद्ध के भयंकर दृश्य दिखाये गये और आतिशबाजी सभी के लिए आकर्षण का केन्द्र बनी रही। नवीन नगर स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर से भव्य शोभायात्रा आंरभ हुई, जिसमें राम-रावण की सवारियों के साथ-साथ बजरंग बलि की झांकी सभी के आकर्षण का केन्द्र बनी थी। शोभयात्रा मंदिर से आरंभ होते हुए विभिन्न मार्गों से होती हुई रेलवे कालोनी के मैदान पर पहुंची, जहां श्री राम व लंकापति रावण के बीच भंयकर युद्ध हुआ। इस दौरान आतिशबाजी का प्रदर्शन सभी के लिए आकर्षण का केन्द्र बना रहा। इस दौरान युद्ध में रावण वीरगति को प्राप्त हो गये और विशालकाय रावण, मेघनाथ, कुंभकर्ण के पुतलों का दहन किया गया। इस अवसर पर अनुराग शर्मा, अंकुश जोशी, संदीप, सुनील, राहुल का अभिनय सराहनीय रहा। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष गौरव जोशी, संयोजक व पूर्व पार्षद चंद्रजीत सिंह निक्कू, एस.एस. वालिया, संजीव धींगडा, राजेश मीणा, योगराज सैनी, महीप सिंह, मिन्टा, राजीव कुमार, विकास सहित आदि मौजूद रहे। संचालन सरदार चन्द्रजीत सिंह निक्कू व मिन्टा ने किया।

**बेहट।** कस्बे में संसार को बुराइयां खत्म कर सत्य के मार्ग पर चलने की सीख देने वाला पर्व विजय दशमी बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। रावण दहन के बाद कस्बें में भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए।

श्री रामलीला उत्सव समिति के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम विजय दशमी पर्व पर बतौर मुख्य अतिथि पहुंचें पूर्व विधायक नरेश सैनी ने कहा कि विजय दशमी का त्यौहार असत्य पर सत्य, अन्याय पर न्याय की जीत के साथ-साथ मानव जीवन मे मर्यादा कायम करने का त्यौहार हैं। उन्होंने कहा कि हम सबको मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जीवन चरित्र से प्रेरित होकर समाज में फैली बुराइयों को खत्म करने का संकल्प लेना चाहिए। भगवान श्रीराम ने रावण का वध कर अन्याय पर न्याय की जीत हासिल की। उसके बाद रावण, अहिरावण व मेघनाथ के पुतलों का दहन किया गया। उसके बाद श्रीरामलीला उत्सव समिति द्वारा विजयी शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा मौहल्ला महा. जनान स्थित प्राचीन शिव मंदिर से प्रारंभ होकर कस्बें के विभिन्न मोहल्लों से होते हुए मेन बाजार, गांधी चौक, दिल्ली-यमुनोत्री हाईवे, शाकंभरी द्वार व मौहल्ला खालसा होते हुए वापिस शिव मंदिर पहुंची जहां शोभायात्रा का विधिवत समापन हुआ। मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम जी के सारथी बनने का सौभाग्य खालसा निवासी समाजसेवी नीरजकुमार को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर मुख्य रूप से वरिष्ठ समाजसेवी व समिति के अध्यक्ष अजय जैन, प्रबंधक व भाजपा नेता संजीव कर्णवाल उर्फ बॉबी, भाजपा कोषाध्यक्ष अनिल सिंघल, नगर पंचायत अध्यक्ष अब्दुल रहमान उर्फ शालू, गन्ना समिति के चेयरमैन मुल्कीराज सैनी, व्यापारी नेता राकेश गाबा, अवनीश अग्रवाल, वशिष्ठ गुप्ता, भाजपा मंडलाध्यक्ष विजेन्द्र सैनी, सुधीर कर्णवाल, मोहित जैन, दिनेश सिघंल, सचिन गर्ग अजय सिंघल, सभासद सत्य प्रकाश रोहिला, मास्टर जमील अहमद, सभासद प्रतिनिधि बंटी शर्मा, टीपू सुलतान, अजय नौटियाल, पूर्व सभासद फजलुर्रहमान मिर्जा, अमित गुप्ता, सचिन, उमेश राजदेव, उप जिलाधिकारी बेहट मानवेंद्र सिंह, सीओ एस. एन. वैभव पांडे, कोतवाल सतपाल सिंह भाटी आदि मौजूद रहे। शोभायात्रा के दौरान पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही।



**गंगोह।** नगर एवं क्षेत्र में विजय दशमी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जगह-जगह रावण, कुंभकर्ण व मेघनाथ के पुतले जलाए गए। इससे पूर्व राम का विजय जुलूस निकाला गया।

विजय दशमी पर्व पर लोगों ने घरों में पूजा अर्चना की हनुमान मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। सांय-काल पंचायती धर्मशाला स्थित रामलीला भवन से राम का विजय जुलूस निकाला गया। विजय यात्रा में राम के साथ लक्ष्मण, हनुमान, अंगद व अन्य वानर सेना मौजूद रही। विभिन्न मार्गों से होती हुई विजय यात्रा ककराली सरोवर किनारे पहुंची, जहां रावण, मेघनाथ व कुंभकर्ण के पुतलों का दहन किया गया। आर्य समाज ने भी इस पर्व को यज्ञ आयोजित कर मनाया। बच्चों ने भी रावण, कुम्भकर्ण व मेघनाथ के पुतले बनाये और बाकायदा उनका दहन किया। नगर के मोहल्ला सराय में में भी रामलीला भवन से राम का विजय जुलूस निकाला गया। विजय यात्रा में राम के साथ लक्ष्मण, हनुमान, अंगद व अन्य वानर सेना मौजूद रही। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी रावण दहन किया गया।

## परम्परागत तरीके से मनाया गया दशहरा पर्व



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक दशहरा महोत्सव क्षेत्र में परम्परागत तरीके से मनाया गया इस अवसर पर श्रीरामलीला समिति द्वारा कस्बे मे दशहरा जलूस निकाल कर पुराना भट्टा मैदान पर श्रीराम रावण की लीला का मंचन कर रावण के पुतले का दहन किया गया। दशहरा जलूस श्रीराम लीला भवन से प्रारंभ होकर कस्बे के मुख्य मार्गो से होता हुआ पुराना भट्टा मैदान पंहुचा । जहां पर कलाकारों द्वारा श्रीराम रावण युद्ध का सजीव प्रर्दशन किया गया । जिसने दर्शकों का मन मोह लिया। बाद मे अग्नि बाण से रावण के प्रतीक पुतले को आग के हवाले कर दिया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से समिति के प्रधान दीपांशु चौधरी, रजनीश नौसरान, लक्ष्मीचंद भगत, हिमांशु चौधरी,अशोक रोहिला, विमल बतरा,यश्वनी धीमान, राजेश्वर त्यागी, अनिल शर्मा,विनोद भाटिया,धनप्रकाश नौसरान सहित समिति से जुडे पदाधिकारी व कलाकार उपस्थित रहे।

# नवरात्र पूजा उत्सव का समापन



**गंगोह।** छड़ी पूजन के साथ ही नवरात्र उत्सव पूजा का समापन हो गया है। पीठ बाजार स्थित काली मंदिर में गुरुवार को धर्म ध्वजा व छड़ी स्थापित की गई।

बुधवार की रात को क्षेत्र में दुर्गा नवमी का कार्यक्रम संपन्न हो गए। नौ दिन से देवी मंदिरों में चल रही विशेष पूजा का भी समापन हो गया। पूजा संपन्न होने के साथ ही हवन आयोजित कर जन कल्याण की प्रार्थना की गई। दर्जन भर स्थानों पर भंडारे भी आयोजित किए गए। दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ ही नवरात्र उत्सव संपन्न हो गए। बुधवार की रात ही राम बाग मार्ग स्थित वैष्णो देवी धाम व बालाजी धाम में माता के गुणगान के साथ कार्यक्रम का समापन कर दिया गया। पीठ बाजार स्थित काली मंदिर पर गुरुवार को धर्म ध्वजा के अलावा छड़ी की स्थापना की गई। इससे पूर्व मोहल्ला कानूनगोयान से ध्वजा को ढोल-ढमाकों के साथ विभिन्न मार्गो से मंदिर तक लाया गया। विधि-विधान से ध्वजा की स्थापना कर दी गई। मां दुर्गा का गुणगान भी किया गया। नव रात्रों के दौरान देवी मां की नगर में भ्रमण कर रही ज्योति को भी गुरूवार को ही विराम दे दिया गया। इस अवसर पर पुजारी सूर्यकांत शर्मा, शशीकांत शर्मा, आदित्य, यतेंद्र शर्मा, गौरव, अर्जुन, अज्ञेश, सचिन, आशु आदि मौजूद रहेेे

## युवक की मौत

**गंगोह।** जंधेडा मार्ग पर निर्माणाधीन हाईवे के नजदीक बाइक सवार दो युवकों की रेत से भरी बुग्गी से आमने सामने की जबरदस्त टक्कर हुई। टक्कर में एक युवक की मौत जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बुग्गी चालक बुग्गी को सड़क पर छोड़कर फरार हो गया। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी।

बताया गया है कि मोहल्ला निवासी तरूण कश्यप पुत्र नवीन कश्यप व मोहल्ला गुलाम औलिया निवासी पंकज सैनी पुत्र ऋषि सैनी बाइक पर जाते समय एक बुग्गी से टकरा गए। गंभीर रूप से घायल दोनों को पुलिस ने सीएचसी में भर्ती कराया। चिकित्सक ने जांच के बाद तरुण को मृत घोषित कर दिया जबकि पंकज को गंभीर अवस्था मे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया

शाह टाइम्स

# सम्पादकीय

शुक्रवार, 3 अक्टूबर 2025

## घर में घिर रहे ट्रम्प

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दुनियाभर के देशों पर टैरिफ लगाने के फैसले के बाद अब खुद अमेरिका आार्थिक संकट से बुरी तरह जूझ रहा है। ट्रम्प लगातार दूसरे दिन सरकार को फंड देने वाला बिल पास नहीं करा पाए हैं। इससे गैरजरूरी सरकारी कामकाज ठप हो गया है। कृषि विभाग, श्रम विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, लायब्रेरी ऑफ कांग्रेस, सुप्रीम कोर्ट, फेडरल कोर्ट, अमेरिकी बॉटनिकल गार्डन, पर्यावरण संरक्षण एजेंसी और राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान जैसी कई संस्थाओं और विभागों के ऑफिस बंद हो गए हैं। ट्रम्प भले ही हर बार यही कह रहे हों कि उनकी ओर से लगाए गए टैरिफ देशहित में हैं, लेकिन इसका असर अब उनके यहां काम करने वाले कर्मचारियों पर भी दिखने लगा है। हालात ये हैं कि अमेरिका की ट्रम्प सरकार अब शटडाउन के हालात से जूझ रही है। रिपब्लिकन और डेमोक्रेट सांसद बजट पर सहमति बनाने में नाकाम रहे हैं, जिसके बाद सरकारी कामकाज एक अक्टूबर से ठप हो गया है। इस गतिरोध ने पूरे देश में दिक्कतें खड़ी कर दी हैं। हवाई यात्रा से लेकर चिड़ियाघर तक, लगभग हर क्षेत्र इससे प्रभावित दिख रहे हैं। इस शटडाउन से सबसे ज्यादा मार सरक. ारी कर्मचारियों पर पड़ी है। करीब 40 प्रतिशत यानी साढ़े सात लाख कर्मचारी बिना वेतन के घर बैठने को मजबूर हो गए हैं। सुरक्षा और सीमा से जुड़े अधिकारी, अस्पतालों का स्टाफ और एयर ट्रैफिक कंट्रोलर जैसे जरूरी कर्मचारी डड्ूटी तो करेंगे, लेकिन उन्हें वेतन तभी मिलेगा जब शटडाउन खत्म होगा। पिछले शटडाउन में कई कर्मचारियों ने दूसरी अस्थायी नौकरियां तक पकड़ ली थीं। जब अमेरिकी सीनेट (संसद) से साल का फंडिंग बिल पास नहीं होता, तो कुछ खर्चे रोकने पड़ते हैं। इसे ही शटडाउन कहा जाता है। इस दौरान सरकार के कुछ काम बंद हो जाते हैं। शटडाउन का असर सोशल सिक्योरिटी से लेकर एयर ट्रैवल सहित कई चीजों पर पड़ता है। यह टकराव हेल्थकेयर सब्सिडी और मेडिकेड फंडिंग को लेकर है। ट्रम्प की पार्टी मेडिकेड में कटौती चाहती है, जबकि डेमोक्रेटिक पार्टी सब्सिडी बढ़ाने की मांग कर रही है। डेमोक्रेट्स का कहना है कि जब तक उनकी मांगें नहीं मानी जातीं, वे खर्च से जुड़े बिल को मंजूरी नहीं देंगे। अमेरिका की सीनेट में फंडिंग बिल पास कराने के लिए 60 वोट चाहिए थे, लेकिन ट्रम्प की पार्टी को सिर्फ 55 वोट ही मिल पाए जबकि विरोध में 47 वोट पड़े। सीनेट में 100 सदस्य हैं, जिनमें 53 रिपब्लिकन, 47 डेमोक्रेट्स और 2 निर्दलीय सांसद शामिल हैं। इस नतीजे से बिल पास नहीं हो सका। बता दें कि साल 2018 में भी ट्रम्प सरकार को ऐसे ही हालात झेलने पड़े थे, जब अमेरिका-मैक्सिको बॉर्डर पर दीवार बनाने के लिए फंडिंग नहीं मिल पाई थी। उस वक्त शटडाउन 35 दिनों तक चला था। अमेरिका में नया वित्तीय वर्ष 1 अक्टूबर से शुरू होता है। अगर समय पर फंडिंग बिल पास नहीं हुआ, तो करीब 8 लाख सरकारी कर्मचारी बिना वेतन छुट्टी पर भेजे जा सकते हैं। अमेरिका में हुए शटहाउन का सबसे ज्यादा असर रक्षा विभाग के कर्मचारियों पर पड़ता दिख रहा है। लगभग 3.34 लाख कर्मचारियों को फर्लो पर भेजा गया है, जबकि करीब 4 लाख को ड्यूटी पर रखा गया है।

### भारत की तुलना चीन से करना सही नहीं




भारत जैसे विविधताओं से भरे देश को लोकतंत्र की जरूरत है, लेकिन वर्तमान समय में यह व्यवस्था सभी तरफ से दबाव और हमले झेल रही है, भारत की तुलना चीन से करना सही नहीं है, चीन एक केंद्रीकृत और एकरूप प्रणाली पर चलता है, भारत विकेंद्रीकृत है, यहां कई भाषाएं, धर्म और परंपराएं हैं,भारत का सिस्टम बहुत जटिल है, हमारी ताकत इसी विविधता में है, हम चीन की तरह लोगों को दबाकर तानाशाही नहीं चला सकते, भारत का ढांचा लोकतांत्रिक है और इसे वही तरीका चाहिए, जिसमें सबको जगह और सम्मान मिले, भारत एक संवाद है, जहां अलग-अलग धर्म, विचार और परंपराएं साथ रहती हैं।

-राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा

## राहुल की कोलंबिया यात्रा से चीन तक



पवन सिंह




देश के मेंन स्ट्रीम मीडिया और आई टी सेल ने मिलकर जितना नुकसान भारत का किया है, उतना कोई बदनाम खुफिया एजेंसी ने कर सकी। झूठे नैरेटिव सेट करना और उन्हें फ्लोट करना व मूल सवालों से मुंह चुराते हुए भाग जाना जैसी नापाक हरकतों ने इस मुल्क के सामा. जिक, आर्थिक राजनीतिक, धार्मिक और सामरिक हितों को बहुत गहरे नुकसान पहुंचाया है। अब राहुल गांधी के कोलंबिया दौरे पर एक घटिया नैरेटिव सेट किया जा रहा है। वैसे एक नया फैशन चल निकला है। आपने सवाल पूछें नहीं कि आप देशद्रोही हुए। वो सब देशद्रोही हैं जो 89 तक गिर चुकी भारतीय करेंसी पर सवाल उठाते हैं। वो सब देशद्रोही हैं जो लाखों हेक्टेयर जंगल काटने पर सवाल उठाते हैं। वो सब देशद्रोही है जो अडानी को पूरा देश लुटा देने पर सवाल करते हैं। वो सब देशद्रोही हैं जो चीन द्वारा समूचे मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को चबा जाने पर सवाल उठाते हैं। वो सब देशद्रोही हैं जो आपरेशन सिंदूर के सच को जानते हैं और सवाल उठाते हैं। वो सब देशद्रोही हैं कि एक क्यूबा जैसे देश के नागरिकों को अमेरिका हथकड़ी लगाकर भेजने की हिम्मत न कर सका लेकिन भारतीयों को जानवरों की तरह सैन्य विमान में भर कर हथकड़ी लगाकर फेंक दिया। भारत की धरती पर सैन्य परिवहन विमान उतरा और भारत सरकार की हैसियत नहीं थी कि रोक ले। एक भी पड़ोसी देश भारत के साथ न खड़ा हुआ। वो सब देशद्रोही हैं जो यह सवाल करते हैं कि एक के बाद एक संवैधानिक संस्थाओं को तबाह क्यों किया गया। वो सब देशद्रोही हैं जो जानना चाहते हैं कि बीफ निर्यात में भारत नंबर वन क्यों हुआ। बीफ कंपनियों से चंदा क्यों लिया। वो सब देशद्रोही हैं जो यह सवाल करते हैं कि पूनावाला के साथ क्या धंधा तय हुआ। राफेल की फाइल क्यों और कैसे गायब हुई। ऐसा कौन सा सच था जो मनोहर परिकर जान गए थे। रूपाणी और गुजरात वायु दुर्घटना का सच क्या है। चीफ आफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत का सच क्या है? पुलवामा क्या था? देवेन्द्र सिंह कहां गायब है? तत्कालीन सीआरपीएफ अभय प्रताप सिंह का छन्नीरामा कैंप को लेकर लिखा गया खत कहां गया? चीन ने अरुणाचल प्रदेश और लेह लद्दाख में कितनी जमीन हथिया ली। वामपंथ अपराध है? समाजवाद अपराध है? सेक्युलरिज्म अपराध है? ये अपराध है तो भगवापंथ क्या है? ऐसा कोई देश आपको विश्व में नहीं मिलेगा जो अपने देश के राष्ट्रपति/प्रधानमंत्री के विदेश आगमन पर इवेंट करवाकर ढोल मंजीरे बजवाता हो? उसमें एक दो भावुक होकर रोने वाले कलाकारों की जमात भी होती है। जिन्हें कैमरामैन शानदार तरीके से कवर करते हैं। कभी आपने चीन, अमेरिका, रूस, जापान, फ्रांस, जर्मनी के राजनयिकों को फोटोबाजी/शोशेबाजी करते देखा है? विभिन्न देशों के राजनयिक अपने देश के लिए यात्राएं करते हैं कुछ ऐसे भी होते हैं जो केवल अपने मित्र के लिए यात्राएं करते हैं। केन्या, आस्ट्रेलिया, लंका का मामला तो खुल ही चुका है। आखिरकार क्या कारण हैं कि भारतियों पर विदेशों में हमले अप्रत्याशित रूप से बढ़े हैं? कभी गो बैक इंडियन्स के नारे नहीं लगे। भारतियों को विदेशों में गजब का सम्मान मिलता रहा और अब अचानक उनसे नफरत क्यों बढ़ गई? रिजर्व बैंक से बार-बार रिजर्व फंड आखिरकार क्यों निकाला जा रहा है? भारत दुनिया का सबसे बड़ा कर्जदार देश कैसे बन गया? जब क्रूड आयल सस्ता है तो प्रति लीटर 65-66 रुपये का मुनाफाखोरी क्यों और किसके लिए? इलेक्ट्रोलर बांड का क्या खेल है?

आइए कोलंबिया पर भी बात कर लेते हैं कोलंबिया के साथ न तो भारत का कभी कोई युद्ध हुआ न ही कोलंबिया ने भारत पर कोई टैरिफ ठोका, लेकिन जिस चीन ने भारत को गहरी चोट दी बतौर गुजरात के मुख्यमंत्री आदरणीय मोदी जी आठ बार चीन क्यों गए? केंद्र की सत्ता में आने के 6 सालों के अंदर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच 18 बार मुलाकात हो चुकी है। पाकिस्तान बिरयानी खाने क्यों गए? कोलंबिया ड्रग्स सप्लाई करता है चलो ठीक है लेकिन 2014 से 2024 के 10 वर्षों में सात गुना बढ़ोजरी के साथ 24 लाख किलोग्राम ड्रग्स पकड़ी गई। ड्रग्स कौन भेज रहा है और कहां आप रही है? एक खास पोर्ट पर करोड़ों की ड्रग्स पकड़ी गई। कौन गिरफ्तार हुआ? कहां गई ड्रग्स? भारत के प्रभुत्व वाला सार्क संगठन चीन ने अंदरखाने कैसे भोथरा कर दिया? चीन से आगाह करने वाले वांगचुक को गिरफ्तार क्यों किया गया? जबरदस्त माउंटेन स्ट्राइकर गोरखाओं की सैन्य भर्तियां बंद क्यों? चार साल की सेना में नौकरी क्यों? भारत में बेरोजगारी अपने चरम पर क्यों?

अब तो कोई पड़ोसी तक नहीं सुनता है। भारत सरकार ने लंका से कहा कि हंबनटोटा बंद. रगाह पर चीन का सबसे शक्तिशाली टोही पोत को लंगर न डालने दे। इससे भारत की सुरक्षा को खतरा है। लंका ने ठेंगा दिखा दिया। नेपाल चीनी प्रभाव में चला गया। बांग्लादेश और मालदीव कन्नी काट गए। भूटान पर भी जबरदस्त चीनी प्रभाव है। चलते-चलते। अर्थव्यवस्था की छीछालेदर करेंगे। रोजी-रोजगार का सत्यानाश करेंगे। बेरोजगारी को महिमान्वित करेंगे, महंगाई पर खामोश रहेंगे और मुनाफाखोरों के साथ गलबहियां करेंगे। युवा नौकरियां मांगेगा तो लाठीचार्ज करेंगे और फिर कहेंगे कि जनता को भड़काया जा रहा है?

एक चुटकी मैं ले लूं और पूछ रहा हूं कि पीडीपी के साथ सरकार क्यों बनाई? कहीं कोई तो मानक व नैतिकता बरकरार रहती।

**वो सब देशद्रोही हैं जो 89 तक गिर चुकी भारतीय करेंसी पर सवाल उठाते हैं। वो सब देशद्रोही हैं जो लाखों हेक्टेयर जंगल काटने पर सवाल उठाते हैं। वो सब देशद्रोही है जो अडानी को पूरा देश लुटा देने पर सवाल करते हैं। वो सब देशद्रोही हैं जो चीन द्वारा समूचे मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को चबा जाने पर सवाल उठाते हैं। वो सब देशद्रोही हैं जो आपरेशन सिंदूर के सच को जानते हैं और सवाल उठाते हैं।**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## मौसम से बचे तो सड़क पर कसैला होता है कश्मीरी सेब



पंकज चतुर्वेदी

बीते कुछ सालों से जलवायु परिवर्तन की मार से बेहाल धरती के स्वर्ग कहलाने वाले कश्मीर पर संकट मंडरा रहा है कि कहीं यहां का किसान सेबफल की बागवानी से तौबा न कर ले। पहले देर तक गर्मी पड़ी, फिर कम बर्फबारी और वह भी अल्प दिनों के लिए, इस सब विपदाओं से जूझते हुए जब शरद ऋतु के पतझड़ में उम्मीद के सेबफल आए तो रास्तों में लगे लम्बे जाम ने पुरे साल की मेहनत को सड़क पर फैंकने को मजबूर कर दिया। हालांकि इस साल कश्मीर का सेब दिल्ली तक रेल से लाने का प्रयोग हुआ है लेकिन इस सेवा का लाभ बहुत कम लोगों तक ही पहुंच पा रहा है।

भादो विदा हुआ तो पुलवामा, सौपोर, शोपियां जैसे जिलों में बर्फ गिरने से पहले पेड़ों पर लाल-गुलाबी और सुनहरे सेबफल झुमने लगे। इस समय सारा अपरिवर एकजुट हो कर पहले सेब तोड़ता है, फिर उसे छंटता है और लकड़ी की पेटियों में सुरक्षित पैक करता है। फिर इन्हें ट्रकों में चढ़ा दिया जाता है। इस साल अगस्त के आखिरी हफ्ते में जम आकर बरसात हुई और कश्मीर को जम्मू से जोड़ने वाले एकमात्र 270 किलोमीटर आल वेदर रोड पर नासिरी, उधमपुर सहित दर्जनों जगह इतना भूस्खलन हुआ कि कोई तीन हफ्ते रास्ता बंद रहा। इस बीच कोई दस हजार ट्रक सड़कों पर फंसे रहे, जिन गाड़ियों से बदबू आने लगती, सेब को आसपास की घटी में लुढ़का कर निराश लोग वापस आने की सोचते। उधर पुराना मुगल रोड इसके लायक नहीं रहता कि बरसात में उससे भारी वाहन ले जाए जा सकें। सौपोर को सेबफल की सबसे बड़ी मंडी कहा जाता है। कभी यहां इस समय कंधे छीलने वाली भीड़ और लोगों का शोर होता था। इस समय यहां सन्नाटा है, जो लोग हैं भी तो उनके चेहरे पर खुशी नहीं हैं। बम्पर फसल ले कर आए किसान कि चिंता है कि दाम सही नहीं मिलेगा। कारण, रास्ते बंद हैं और ऐसे में सड़क पर माल फेंकने से बेहतर है बड़े डीलर को औने-पौने दाम पर बेच दिया जाए। डिलेशियस एप्पल के दाम 1200 रुपया पेटी से घट कर 600 हो गए, जबकि जल्दी सड़ने वाले गल्ला और किसेट के तो खरीदार नहीं हैं। मजदूर के पास काम नहीं है तो ढुलाई करने वाले ट्रक चालक इंतजार का रहे हैं कि रास्ते खुलने की खबर आए। अभी 17 सितम्बर से रास्ता खुला तो हफ्ते भर तो जाम में फंसे ट्रकों को निकलने में ही लगेगा। संकट केवल इतना ही नहीं हैं, माल ढुलाई के दाम तिगुने से अधिक हो गए, साढ़े तीन सौ रुपए पेटी। जो ट्रक टूटे फूटे मुगल रोड से जाने को राजी है तो उनका भाडा ज्यादा है। शोपियां से नगर के 48 किलोमीटर वाले हाईवे पर अब सड़क नहीं दिख रही। चारों तरफ सेब की पेटियां और उससे निकलती बदबू का साम्राज्य हैं जिनके बीच कौए उछलते-कूदते दिख रहे हैं। जान लें यह दृश्य पिछले साल भी इसी समय ऐसा ही था।

कश्मीर में कोई 35 लाख लोग सेबफल के उत्पादन से जुड़े हैं जिसका सालाना व्यापार 11 हजार करोड़ का है । बदलते मौसम का मिजाज किस तरह आम लोगों के जीवन को प्रभावित करता है, इसकी कड़वी सच्चाई कश्मीर के बागानों में दिख जाती है। हालांकि इस साल कश्मीर में ट्रेन पहुंचने से उम्मीद की एक किरन तो जागी है, लेकिन उसकी अपनी व्यावहारिक दिक्कते हैं। 17 सितम्बर को बड़गाम से आठ बोगियों में सेब लेकर कार्गो पार्सल ट्रेन कोई 23 घंटे में सुबह लगभग सवा छह बजे दिल्ली के आदर्श नगर रेलवे पहुंची लेकिन वहां से बमुश्किल आधा किलोमीटर आजादपुर मंडी तक माल पहुंचने में पांच घंटे लगे। लालफीता शाही के चलते कंटेनर की चाबी आने, माल ढुलाई के लिए वाहनों की अनुमति आदि में इतना समय लग गया। दिल्ली-एनसीआर की सबसे बड़ी आजादपुर फल-सब्जी मंडी में प्रतिदिन तीन से लेकर साढ़े तीन हजार टन सेब की प्रतिदिन की मांग है। जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश से सामान्यत: हर रोज लगभग तीन सौ ट्रक सेब लेकर आजादपुर मंडी पहुंचते हैं। एक ट्रक में औसतन 10 से लेकर 14 टन सेब लाने की क्षमता है। पार्सल ट्रेन में पहले दिन सात बोगी में 161 टन व दूसरे दिन आठ बोगी में 184 टन सेब बड़गाम से दिल्ली पहुंच पाया है। फिर उधर कश्मीर में भे बडगाम से शोपियां की दूरी कोई 57 किलोमीटर है और उसके लिए ढुलाई और मजदूरी देना पड़ता हैं। इससे लागत पर असर पड़ रहा हैं । यदि सेब को दिल्ली के अलावा अन्य किसी शहर को भेजा जाना है तो एक बार फिर नए सिरे से ढुलाई होगी। कश्मीर के कुछ लोगो सुझाव देते हैं कि राज्य में कोल्ड स्टोरेज क्षमता बढ़ाई जाए। इस समय शोपियां, अनंतनाग, नगर और पुलवामा में कोई 85 कोल्ड स्टोरेज हैं जिनकी क्षमता चार लाख मेट्रिक टन है। अब यहां 20 किलो की एक पेटी को चार महीने के लिए रखने का किराया 180 रुपये होता है। अधिकांश कोल्ड स्टोरेज को बड़े डीलर पूरा बुक कर लेते हैं और आम किसान को अवसर मिलता नहीं। वैसे भी किराया उर और बार-बार मॉल ढुलाई के व्यय से बढे दाम बाजार में मिलते नहीं। जान लें सितम्बर में यदि माल रखा तो उसे दिसम्बर में उठाना होगा और उस समय भारी बर्फबारी के कारण फिर से सड़क-रास्ते विपदा में होते हैं और फलों की खपत भी कम हो जाती है। फिर कश्मीर के पारम्परिक सेब के मुकाबले में बाजार में वाशिंगटन एप्पल है जो लम्बे समय तक खराब नहीं होता और उसकी उपरी चमक ज्यादा होती हैं।

## मोदी से डरना बंद कीजिए, भागवत से खौफ खाइए



श्रवण गर्ग

देश को किस एक व्यक्ति की महत्वाकांक्षाओं को लेकर ज्यादा चिंतित होना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी या राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यवाह मोहन भागवत की। मोदी की महत्वाकांक्षाएं उनके संघी अतीत पर हावी वर्तमान की भूमिका को देखते हुए नितांत 'व्यक्तिगत' और तात्कालिक स्वार्थ से प्रेरित नजर आती है। दूसरी ओर, हिंदुत्व और हिन्दू राष्ट्र की किसी भी कीमत पर स्थापना के प्रति भागवत की प्रतिबद्धता और आक्रामकता को देखते हुए उनकी महत्वाकांक्षाएं ज्यादा 'सामूहिक' और दीर्घकालिक उद्देश्यों से प्रेरित दिखाई पड़ती हैं। भागवत और मोदी दोनों ने अपने मंतव्य उजागर कर दिए हैं कि वे अनिश्चितकाल के लिए अपने पदों पर बने रहना चाहते हैं। भागवत ऐसा संघ के प्रावधानों के अनुसार करना चाहते हैं और मोदी अपनी इच्छा देश पर थोप कर भी ऐसा करना चाहते हैं। जिस तरह के संकेत मोदी इस समय दे रहे हैं उसके अनुसार उनकी 'इच्छा सत्ता' की आकांक्षा की पूर्ति में भागवत की भूमिका अति महत्वपूर्ण हो गई है।

भागवत द्वारा जारी संकेतों को 'डीकोड' करना हो तो संघ के उद्देश्यों 'हिंदू समुदाय को मजबूत करने के लिए हिंदुत्व की विचारधारा को फैलाना और भारतीय संस्कृति और उसके सभ्यागत मूल्यों को बनाए रखने के लिए आदर्श को बढ़ावा देना' की प्राप्ति के लिए मोदी की जरूरत अब क्षीण अथवा समाप्त हो चुकी है। संघ के शताब्दी वर्ष की तैयारियों को लेकर भागवत के उत्साह और संगठन के विकास में संघ-प्रमुख के



योगदान के प्रति मोदी द्वारा लगातार व्यक्त किए जा रहे समर्पण भरे उद्गारों को इसी परिप्रेक्ष्य में पढ़ा भी जा सकता है। साल 2024 के लोकसभा चुनाव-परिणामों को लेकर तब किए गए दावों और कार्य-योजना के अनुरूप मोदी के नेतृत्व में बीजेपी को अगर चार सौ सीटें प्राप्त हो ही जातीं तो दोनों नेताओं की भूमिकाएं बदल भी सकतीं थीं। संघ और विपक्ष के भाग्य से वैसा हो नहीं पाया। शताब्दी वर्ष के दौरान संघ की गतिविधियों को व्यापक बनाने की रणनीति के पीछे भागवत की इस चिंता को पढ़ा जा सकता है कि तमाम दबावों के बावजूद मोदी अगर नेतृत्व का हस्तांतरण नहीं करते हैं तो संगठन का यथासंभव विस्तार अगले चुनावों (2029) के पहले तक पूरा कर लिया जाना चाहिए। देश की समस्त महत्वपूर्ण संस्थाओंध्संस्थानों में संघ के स्वयंसेवकों के प्रवेश और उन पर उनके नियंत्रण को लेकर राहुल गांधी कई बार चिंताएं व्यक्त करे चुके हैं। जाहिर है भागवत राहुल गांधी की चिंताओं से भी वाकिफ हैं और स्वयं के इस खौफ से भी कि केंद्र की सत्ता अगर बीजेपी के हाथ से खिसक गई तो उसका संघ के अस्तित्व पर क्या प्रभाव पड़ सकता है ? अपने शताब्दी वर्ष में संघ की योजना है कि संगठन की शाखाओं की संख्या को साठ हजार से बढ़ाकर एक लाख तक पहुंच दिया जाए।

आश्चर्य नहीं होना चाहिए कि अपनी रणनीति के क्रियान्वयन में भागवत ने उन समर्पित और तपे-'तपाए गए' संघी-भाजपाइयों को जोड़ा है जो मोदी से नाराज हैं, जिन्हें लगभग निष्क्रिय 'मार्गदर्शक मण्डल' में खदेड़ दिया गया था। डॉ मुरली मनोहर जोशी को हाल में दिल्ली में आयोजित महत्वपूर्ण संगोष्ठी में भागवत द्वारा दिया गया सम्मान इसका ताजा उदाहरण है। भागवत जिस मूड में और मोदी जिस मुद्रा में हैं उसके अर्थ यह अर्थ भी निकाले जा सकते हैं कि उपराष्ट्रपति के पद पर संघ-समर्पित व्यक्तित्व की नियुक्ति से हुई शुरुआत अब थमने वाली नहीं है।

बीजेपी और संघ के क्षेत्रों में अवश्य ही गौर किया गया होगा कि भागवत के पचहत्तरवें जन्मदिन 11 सितंबर पर मोदी ने तो उनकी तारीफ में एक बड़ा आलेख लिखा जिसे देश भर के अखघ्बारों ने 'अनिवार्य' समझकर प्रकाशित भी किया।इसके पूर्व पंद्रह अगस्त को लाल कघ्लि से किए गए अपने संबा. ेधन में मोदी संघ के कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा कर चुके थे। इसके विपरीत 17 सितंबर को जब मोदी ने पचहत्तर वर्ष पूरे किए तो देश पीएम के नाम भागवत के शुभकामना संदेश को तलाशता रह गया। जो नजर आ रहा है वह यह है कि मोदी की कमर संघ के सामने झुक रही है और भागवत का सीना छप्पन इंच का हो रहा है।

सही पूछा जाए तो देश को इस समय मोदी द्वारा सत्ता बचाने के लिए किए जा रहे असफल रक्षात्मक टोटकों से डरने के बजाय भागवत की सफल होतीं आक्रामक रणनीतियों से ज्यादा खौफ खाना चाहिए। भागवत और मोदी दोनों के बारे में जितना ज्ञान सार्वजनिक रूप से उपलब्ध है उसमें एक बात उल्लेखनीय रूप से शामिल है कि दोनों ही नेता अपने प्रति व्यक्त किए गए सम्मान-असम्मान का चुकारा करना कभी नहीं भूलते। अत: दोनों नेताओं के बीच दिखाई पड़ रहे परस्पर अथवा एकतरफा सम्मान-प्रदर्शन को किसी आगामी शक्ति-प्रदर्शन के नतीजों तक के लिए 'सीजफायर' ही समझा जाना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## अमेरिका में डेमोक्रेट्स और रिपब्लिकन के बीच टकराव बढ़ा

# साढ़े सात लाख कर्मचारी छुट्टी पर भेजे

### अमेरिकी सीनेट में शटडाउन खत्म करने का बिल दूसरी बार भी खारिज, कई सरकारी ऑफिस बंद हुए



■ फंडिंग बिल पर दूसरी बार वोटिंग हुई, बिल के समर्थन में एक बार फिर से 55 और विरोध में 45 वोट पड़े
■ 100 सदस्यों वाली सीनेट में 53 रिपब्लिकन, 47 डेमोक्रेट और दो निर्दलीय सांसद हैं

**वाशिंगटन।** अमेरिका में करीब साढ़े 7 लाख सरकारी कर्मचारियों को छुट्टी (फरलो) पर भेज दिया गया है। इनमें से 3 लाख की छंटनी भी हो सकती है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प लगातार दूसरे दिन सरकार को फंड देने वाला बिल पास नहीं करा पाए हैं। इससे गैरजरूरी सरकारी कामकाज ठप हो गया है।

कृषि विभाग, श्रम विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, लायब्रेरी आफ कांग्रेस, सुप्रीम कोर्ट, फेडरल कोर्ट, अमेरिकी बाटनिकल गार्डन, पर्यावरण संरक्षण एजेंसी और राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान जैसी कई संस्थाओं और विभागों के आफिस बंद हो गए हैं। फंडिंग बिल पर दूसरी बार वोटिंग हुई। बिल के समर्थन में एक बार फिर से 55 और विरोध में 45 वोट पड़े।

इसे पास कराने के लिए 60 वोटों की जरूरत थी। इससे पहले मंगलवार को हुई वोटिंग में भी बिल पास नहीं हो पाया था, जिसके बाद अमेरिका में शटडाउन लागू हो गया। बुधवार देर रात पहले डेमोक्रेट्स के फंडिंग बिल पर वोट डाले गए, जिसमें वे स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी मांगें शामिल करना चाहते थे। इसके पक्ष में 46 और विरोध में 53 वोट पड़े। ये बिल भी पास नहीं हो पाया। सीनेट को अगले दो दिनों के लिए स्थगित कर दिया गया है। अब शुक्रवार को बिल पर एक बार फिर वोटिंग होगी। 100 सदस्यों वाली सीनेट में 53 रिपब्लिकन, 47 डेमोक्रेट और 2 निर्दलीय सांसद हैं। दोनों निर्दलियों ने बिल के समर्थन में वोटिंग की। ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी को विपक्षी डेमोक्रेट्स सांसदों का समर्थन जरूरी था, लेकिन डेमोक्रेट्स ने बिल के खिलाफ वोट किया।

**मेजोरिटी लीडर जॉन थ्यून:**

डेमोक्रेट्स ने अपने कट्टर वामपंथी समर्थकों के सामने झुककर संघीय सरकार को बंद कर दिया। सेना, बार्डर पेट्रोल एजेंट और एयर ट्रैफिक कंट्रोलर बिना वेतन के काम कर रहे हैं। डेमोक्रेट्स ने अमेरिकी लोगों को बंधक बना लिया है। उन्हें लगता है कि इससे उन्हें राजनीतिक रूप से लाभ होगा।

**माइनॉरिटी लीडर चक शूमर:**

डोनाल्ड ट्रम्प और रिपब्लिकन ने हमें शटडाउन की ओर धकेल दिया है। वे अमेरिका के स्वास्थ्य देखभाल की रक्षा से इनकार करते हैं। रिपब्लिकन, डेमोक्रेट्स को उनकी स्वास्थ्य देखभाल मांगों से पीछे हटने के लिए धमका नहीं पाएंगे।

**स्पीकर माइक जॉनसन:**

यह सब पूरी तरह से टाला जा सकता था। डेमोक्रेट्स को वही साधारण फंडिंग बिल पास करना चाहिए जो हाउस में पास हुआ था। सरकार का खुला रहना या दोबारा खुलना पूरी तरह उनके हाथ में है। वाशिंगटन में सरकारी शटडाउन के बाद नेशनल आर्काइव्स के सामने ब्सवेम का बोर्ड लगा है। अमेरिका में सरकार को हर साल अपना बजट पास कराना पड़ता है। अगर संसद बजट पर सहमत नहीं होती, तो फंडिंग बिल पास नहीं होता और सरकार को मिलने वाला पैसा रुक जाता है। इस वजह से कुछ सरकारी विभागों और सेवाओं को पैसे नहीं मिलते। गैर-जरूरी सेवाओं को बंद कर दिया जाता है। इसे ही सरकारी शटडाउन कहा जाता है। रिपब्लिकन पार्टी सीनेट में आज देर रात एक बार फिर से फंडिंग बिल पर वोट कराने की तैयारी में है। रिपब्लिकन नेताओं ने कहा है कि जब तक डेमोक्रेट्स बिल को समर्थन नहीं देंगे, तब तक इस बिल को रोजाना पेश किया जाएगा। ट्रम्प ने इस शटडाउन के लिए डेमोक्रेट्स को जिम्मेदार ठहराया है। वे पहले ही सरकारी कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की धमकी दे चुके है। अमेरिका में 2019 के बाद सरकारी शटडाउन लगा है। इससे पहले ट्रम्प के कार्यकाल में ही 35 दिन का शटडाउन लगा था।



**चेन्नई।** महात्मा गांधी की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करतीं छात्राएं।

# इजरायल ने पूर्व पाक सांसद को किया गिरफ्तार

■ पर्यावरण कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग भी हिरासत में, राहत सामग्री से लदे जहाज लेकर गाजा जा रहे थे

**तेल अवीव।** इजरायल ने पाकिस्तान के पूर्व सीनेटर मुश्ताक अहमद खान को बुधवार रात गिरफ्तार कर लिया है। वे पर्यावरण कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग के साथ राहत सामग्री से लदे 13 जहाज लेकर गाजा जा रहे थे। इस छापेमारी में ग्रेट समेत 37 देशों के 150 से ज्यादा कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया। ये सभी 47 जहाज वाले समुद्र फ्लोटिला (जहाजी बेड़े) का हिस्सा हैं।

इनका मकसद इजरायल की नाकाबंदी तोड़कर गाजा में मदद पहुंचाना है। इजरायल के विदेश मंत्रालय ने कहा कि सभी जहाज सुरक्षित रोक लिए गए हैं और यात्री इजरायली बंदरगाह पर भेजे जा रहे हैं। मंत्रालय ने यह भी पुष्टि की कि ग्रेटा थनबर्ग और उनके साथी सुरक्षित और स्वस्थ हैं। फ्लोटिला के प्रवक्ताओं का कहना है कि यह अभियान गाजा तक मानवीय सहायता पहुंचाने और इजरायल की नाकाबंदी को तोड़ने के लिए शुरू किया गया था। प्रवक्ता सैफ अबुकेशेक ने बताया कि अब तक 13 जहाजों को रोका जा चुका है, लेकिन करीब 30 जहाज अभी भी समुद्र में हैं और गाजा पहुंचने के लिए रास्ते में हैं। उन्होंने बताया कि रात 8:30 बजे (गाजा के समय के मुताबिक) कुछ जहाजों को इजरायली फोर्स ने रोककर कब्जे में ले लिया। इसके बाद कई जहाजों से संपर्क भी टूट गया।

## संक्षिप्त समाचार

### दक्षिण अफ्रीका के राजदूत पेरिस होटल के नीचे मृत पाए गए

**पेरिस।** दक्षिण अफ्रीका के राजदूत नकोसिनथी इमैनुएल नाथी मथेथ्वा फ्रांस के पेरिस होटल के नीचे मृत पाए गए हैं। इस हादसे के बाद फ्रांस के वकील उनकी मौत की कड़ियों को जोड़ने के लिए सबूत जुटाने में लगे हुए हैं। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, शुरुआती जांच में अधिकारियों ने कहा कि सोमवार को मथेथ्वा पेरिस के ऊंचे होटल से नीचे गिर गए थे।

### डबलिन में भारतीय दूतावास ने गांधी जयंती मनाई

**डबलिन।** आयरलैंड की राजधानी डबलिन में कार्यरत भारतीय दूतावास में महात्मा गांधी की जयंती पर गुरुवार को उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर राजदूत अखिलेश मिश्र ने वहां उपस्थित लोगों को बापू के विचारों के बारे में बताया और कहा कि भारतीय समाज में फैलती बहुआयामी असहिष्णुता और बढ़ते विद्वेषपूर्ण राजनीतिक ध्रुवीकरण को शांत करने के लिए गांधी जी के तीन अराजनीतिक विचार अत्यन्त प्रासंगिक हैं।

### पिछले तीन दशकों में वृद्धजनों की संख्या दोगुनी हुई

**न्यूयार्क।** अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस प्रत्येक वर्ष 1 अक्टूबर को मनाया जाता है। इस वर्ष संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में वक्ताओं ने बताया कि पिछले तीन दशकों में 60 वर्ष या उससे अधिक की आयु के लोगों की संख्या दोगुनी से भी ज्यादा बढ़कर 1.2 अरब हो गई है और 2050 तक इसके 2.1 अरब तक पहुंचने का अनुमान है।

# कट्टरपंथी को बढ़ावा दे रहा पाक

■ यूरोपीय सांसदों ने की जीएसपी प्लस दर्जा खत्म करने की मांग

**जिनेवा।** पाकिस्तान का यूरोपीय देशों में मिला व्यापार प्राथमिकता वाले देश का दर्जा छिन सकता है। दरअसल यूरोप के कई सांसदों ने पाकिस्तान में मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघन, कट्टरपंथ को बढ़ावा देने जैसे आरोप लगाए। यूरोपीय सांसदों ने कहा कि पाकिस्तान के व्यापार प्राथमिकता वाले जीएसपी प्लस दर्जे को अस्थाई तौर पर वापस ले लेना चाहिए और पाकिस्तान द्वारा कट्टरपंथ पर रोक लगाने के बाद ही इसे बहाल किया जाना चाहिए।

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 60वें सत्र से इतर एक कार्यक्रम में यूरोपीय संसद की सदस्य बारबरा बोन्टे ने यूरोपीय संघ को चेताया कि यूरोप द्वारा पाकिस्तान को शिक्षा के लिए दी जा रही आर्थिक मदद वहां चरमपंथ और धार्मिक शिक्षा को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में बड़ी संख्या में मदरसे खुल रहे हैं, जो धार्मिक कट्टरपंथ को बढ़ावा दे रहे हैं। उल्लेखनीय है कि यूरोपीय संघ द्वारा विकासशील देशों को सतत विकास और सुशासन के लिए सामान्ईकृत वरीयता योजना प्लस (जीएसपी+) का दर्जा दिया जाता है। इसके तहत विकासशील देशों को मानवाधिकार, श्रम अधिकार, पर्यावरण, सुशासन आदि पर अंतर्राष्ट्रीय नियमों का पालन सुनिश्चित करना होता है। इसके बदले में यूरोपीय संघ के देश जीएसपी प्लस दर्जा प्राप्त देशों से होने वाले आयात पर आयात शुल्क घटाकर शून्य कर देते हैं। पाकिस्तान को जीएसपी प्लस दर्जे से काफी फायदा होता है और उसका सामान बिना किसी शुल्क के यूरोपीय संघ के देशों के बाजार में पहुंचता है।

# कतर पर हमला अब अमेरिका पर माना जाएगा

### इजरायली हमले के बाद ट्रम्प ने सुरक्षा गारंटी दी, नेतन्याहू से माफी भी मंगवाई थी



हमले की स्थिति में अमेरिका सभी तरह के उपाय करने के लिए तैयार रहेगा, चाहे वो राजनयिक हों, या आर्थिक हों

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें कहा गया है कि अगर कतर पर किसी भी तरह का हमला होता है तो अमेरिका उसकी रक्षा करेगा। आदेश में कहा गया है कि कतर पर हमला अमेरिका की शांति और सुरक्षा के लिए खतरा माना जाएगा।

इसमें यह भी जोड़ा गया है कि हमले की स्थिति में अमेरिका सभी तरह के उपाय करने के लिए तैयार रहेगा, चाहे वो राजनयिक हों, आर्थिक हों या फिर जरूरत पड़ने पर सैन्य कार्रवाई ही क्यों न करनी पड़े। इजरायल ने 9 सितम्बर को दोहा में हमास आतंकियों को निशाना बनाकर हमला किया था, जिसमें 6 लोगों की मौत हुई थी। इसके बाद ट्रम्प पर कतर की सुरक्षा का दबाव बढ़ गया था। इसके बाद ट्रम्प ने 29 सितम्बर को इजरायली पीएम नेतन्याहू से कतर के पीएम शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी को फोन कराकर माफी भी मंगवाई थी। नेतन्याहू तब ट्रम्प ने मिलने व्हाइट हाउस पहुंचे थे। एक दिन बाद व्हाइट हाउस ने इससे जुड़ी तस्वीरें भी जारी की। ट्रम्प के कार्यकारी आदेश पर दस्तखत करने के फैसले के बाद कतर के विदेश मंत्रालय ने इसे दोनों देशों के रक्षा संबंधों को मजबूत करने वाला कदम बताया। कतर के मशहूर चैनल अल-जजीरा ने इसे इजरायली हमले के बाद सुरक्षा की अमेरिकी गारंटी करार दिया। इससे पहले ट्रम्प ने कतर के शासक शेख तमीम बिन हमद अल थानी से भी फोन पर बातचीत भी की। हालांकि व्हाइट हाउस ने बातचीत की डिटेल शेयर नहीं की, लेकिन कतर ने कहा कि दोनों नेताओं ने गाजा युद्ध में सीजफायर की कोशिशों पर चर्चा की ट्रम्प के कतर को सुरक्षा गारंटी देने की अहमियत को लेकर सवाल उठ रहे हैं। अमेरिका में आमतौर पर किसी भी रक्षा संधि को कानूनी रूप से मान्यता देने के लिए संसद की मंजूरी जरूरी होती है। हालांकि कई बार राष्ट्रपति खुद ही ऐसे समझौते कर लेते हैं, जैसे बराक ओबामा ने संसद की मंजूरी के बिना ही 2015 में ईरान के साथ परमाणु समझौता किया था। लेकिन आखिर में सैन्य कार्रवाई करना या न करना पूरी तरह राष्ट्रपति के हाथ में होता है। यही वजह है कि ट्रम्प के इस आदेश को लेकर संदेह बना हुआ है, क्योंकि पहले भी उनके कार्यकाल में नाटो जैसे पुराने समझौतों की विश्वसनीयता पर सवाल उठ चुके हैं। ट्रम्प के फैसले की अमेरिका में आलोचना भी हुई। ट्रम्प की करीबी और विवादित दक्षिणपंथी कार्यकर्ता लारा लूमर ने सोशल मीडिया पर लिखा कि 'मैं कतर के लिए मरना नहीं चाहती, क्या आप चाहते हैं?' वाल स्ट्रीट जर्नल के संपादकीय बोर्ड ने भी इसे बिना सार्वजनिक बहस के अचानक लिया गया फैसला बताया।

## 130 फलस्तीन एक्शन समर्थकों पर आतंकवाद का लगा आरोप

**लंदन।** ब्रिटेन की राजधानी लंदन में प्रतिबंधित फिलीस्तीन समर्थक समूह 'फिलीस्तीन एक्शन' के 134 समर्थकों पर आतंकवादी संगठन को बढ़ावा देने का आरोप लगाया गया है। लंदन पुलिस ने यह जानकारी दी है। इस समूह को ब्रिटेन में उस समय आतंकवादी संगठन घोषित किया गया था जब फलस्तीन एक्शन के समर्थन में विरोध प्रदर्शन जुलाई में शुरू किए गए थे। मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने कल एक बयान में कहा कि कुल 20 और लोगों के खिलाफ आरोप लगाये गए है। मेट के आतंकवाद निरोधी कमान के अधिकारियों ने इन लोगों को गिरफ्तार किया और प्रतिबंधित समूह फलस्तीन एक्शन को समर्थन देने की संलिप्तता की जांच की जा रही है।

# POK में 25 पाक सैनिकों को बंधक बनाया

### सब्सिडी कटौती का विरोध तय हुआ, सेना के रास्ते बंद किए, आंदोलन में 10 की मौत, 100 घायल



**मुजफ्फराबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में बुनियादी जरूरतों पर सब्सिडी कटौती का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षाबलों के 25 सैनिकों को बंधक बना लिया है। इन जवानों को मानव ढाल की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे सुरक्षा बल कोई सीधी कार्रवाई नहीं कर पा रहे। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि खुफिया एजेंसियां आंदोलन को तोड़ने के लिए गुप्त हमले करा रही हैं। सादे कपड़ों में आए अज्ञात लोग नेताओं को निशाना बनाते हैं और भीड़ में अफरातफरी फैलाते हैं। चार दिन जारी इन प्रदर्शनों में अब तक 10 लोग मारे जा चुके हैं और 100 घायल हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, कल बाघ जिले के धीरकोट में 4 लोग मारे गए, मुजफ्फराबाद में 2 और मीरपुर में 2 मौतें हुईं। ये प्रदर्शन जम्मू-कश्मीर जाइंट अवामी एक्शन कमेटी (जेकेजेएएसी) की अपील पर हो रहे हैं। प्रदर्शनकारी सरकार पर मौलिक अधिकारों की अनदेखी और महंगाई कंट्रोल न कर पाने का आरोप लगा रहे हैं। लोगों का हुजूम आज पीओके की राजधानी मुजफ्फराबाद की तरफ मार्च कर रहा है। इन्होंने सरकार के सामने 38 मांगें रखी हैं, जिनमें पीओके विधानसभा की 12 रिजर्व सीटें खत्म करने की मांग शामिल है। सरकार के सामने 38 मांगें रखी हैं, जिनमें 3 प्रमुख हैं- पाकिस्तान में बसे कश्मीरी शरणार्थियों के लिए बनी 12 विधानसभा सीटें खत्म करने की मांग। बिजली परियोजनाओं में लोकल लोगों के फायदे को ध्यान रखा जाए। आटे और बिजली के बिलों पर छूट देने की मांग, क्योंकि महंगाई से लोग परेशान हैं। गुरुवार सुबह भी प्रदर्शन का पीओके की राजधानी मुजफ्फराबाद की तरफ मार्च जारी रहा। पीओके में सेना की गोलीबारी में मारे गए लोगों के लिए प्रार्थना की गई। ये सीटें भारत के हिस्से वाले जम्मू-कश्मीर के शरणार्थियों या प्रवासियों के लिए आरक्षित हैं। ये लोग 1947, 1965, 1971 युद्ध या बाद के संघर्षों की वजह से भारत से पीओके चले गए थे। आरक्षित सीटों के कारण स्थानीय आबादी का प्रतिनिधित्व कम हो जाता है। स्थानीय लोग चाहते हैं कि उनकी समस्याओं और जरूरतों के लिए अधिक विधायक चुने जाएं। जेकेजेएएसी का कहना है कि रिजर्व सीटें होने से कुछ ही परिवारों को फायदा मिल रहा है। जेकेजेएएसी नेता शौकत नवाज मीर ने कहा-यह सरकार राक्षस बन चुकी है। यह अपने ही लोगों को मार रही है, मीडिया को चुप कर रही है और हम पर गोलीबारी कर रही है।

# भारत ने संयुक्त राष्ट्र में पाक को किया बेनकाब

### मानवाधिकारों में सबसे खराब रिकॉर्ड वाला देश बताया

■ भारत ने पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न को उजागर किया

**जिनेवा।** भारत ने जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) के 60वें सत्र में मानवाधिकारों के मुद्दे पर पाकिस्तान के पाखंड को बेनकाब किया। भारत ने पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न को उजागर करते हुए उसकी तीखी आलोचना की।

भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए, राजनयिक मोहम्मद हुसैन ने कहा कि यह विडंबना ही है कि मानवाधिकारों के मामले में सबसे खराब रिकॉर्ड वाला देश दूसरे देशों को उपदेश देने की कोशिश कर रहा है। भारतीय राजनयिक मोहम्मद हुसैन ने मानवाधिकार परिषद की 34वीं बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि वे (पाकिस्तान) भारत के खिलाफ मनगढ़ंत आरोप लगाकर इस मंच का दुरुपयोग करते हैं, जो उनके पाखंड को ही उजागर करता है। दुष्प्रचार का सहारा लेने के बजाय, पाकिस्तान को अपने ही देश में हो रहे धार्मिक और जातीय अल्पसंख्यकों के खिलाफ 'राज्य प्रायोजित उत्पीड़न और व्यवस्थित भेदभाव' की तरफ देखना चाहिए। गौरतलब है कि मानवाधिकार परिषद का यह सत्र ऐसे समय आयोजित हो रहा है, जब पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में असंतोष के हालात हैं और बीते कई दिनों से वहां विरोध प्रदर्शन और हिंसा हो रही है, जिसमें कई लोगों की हत्या कर दी गई है। यूनाइटेड कश्मीर पीपुल्स नेशनल पार्टी (यूकेपीएनपी) के प्रवक्ता नासिर अजीज खान ने यूएनएचआरसी को संबोधित करते हुए, पीओके में पाकिस्तान के बढ़ते दमन के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय हस्तक्षेप की मांग की। खान ने पीओके में हालिया विरोध प्रदर्शनों पर बात की, जिसमें 29 सितम्बर को संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी के नेतृत्व में पूर्ण बंद और चक्का जाम हड़ताल की गई। उन्होंने इस्लामाबाद पर असहमति को दबाने के लिए सेना तैनात करने, इंटरनेट सेवाएं बंद करने और संचार व्यवस्था ठप करने का आरोप लगाया। खान ने कहा कि पीओजेके में 30 लाख से ज्यादा कश्मीरी घेरे में हैं, जबकि विदेशों में 20 लाख लोग अपने परिवारों से कटे हुए हैं। पीओके में बिजली की दरों में कमी, सब्सिडी वाले गेहूं के आटे और बेहतर स्वास्थ्य सेवा जैसी मांगों को लेकर कई दिनों से विरोध प्रदर्शन चल रहे हैं।

# 500 अरब डॉलर का आंकड़ा छूने वाले पहले शख्स बने मस्क



**फोर्ब्स के अरबपतियों की सूची के अनुसार एक ही दिन में छह अरब डॉलर से ज्यादा का इजाफा**

**वाशिंगटन।** टेस्ला के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क दुनिया के पहले ऐसे व्यक्ति बन गए हैं, जिनकी कुल संपत्ति 500 अरब डॉलर तक पहुंच गई। यह उपलब्धि उन्हें टेस्ला के शेयरों में तेजी और उनकी दूसरी टेक कंपनियों के तेजी से बढ़ते मूल्यांकन की वजह से मिली। फोर्ब्स के अरबपतियों की सूची के अनुसार, बुधवार शाम सवा चार बजे (पश्चिमी समयानुसार) तक मस्क की संपत्ति 500.1 अरब डॉलर थी। मस्क की संपत्ति का बड़ा हिस्सा टेस्ला से जुड़ा है। 15 सितम्बर तक मस्क के पास टेस्ला में 12.4 फीसदी से ज्यादा हिस्सेदारी थी। टेस्ला के शेयर इस साल अब तक 14 फीसदी से ज्यादा बढ़े हैं और इसमें 3.3 फीसदी की और तेजी आई, जिससे मस्क की संपत्ति में एक दिन में छह अरब डॉलर से ज्यादा का इजाफा हुआ। साल की शुरुआत में टेस्ला के शेयरों में गिरावट देखी गई थी। लेकिन अब उनमें फिर से मजबूती आई है। निवेशकों का भरोसा तब और बढ़ा, जब मस्क ने फिर से अपने कारोबार की ओर ध्यान देना शुरू किया है। टेस्ला के निदेशक मंडल की अध्यक्ष राबिन डेनहोल्म ने पिछले महीने कहा था कि मस्क अब कंपनी में फिर से पूरी तरह से सक्रिय हो चुके हैं। इससे पहले वह कुछ महीनों तक व्हाइट हाउस से जुड़े कामों में व्यस्त थे। इसके कुछ ही दिन बाद मस्क ने करीब एक अरब डॉलर के टेस्ला शेयर खरीदने की जानकारी दी, जो टेस्ला के भविष्य को लेकर उनके मजबूत भरोसे को दिखाता है। कंपनी अब पारंपरिक कार निर्माता से आगे बढ़कर एआई और रोबोटिक्स की दुनिया में बड़ी ताकत बनने की दिशा में काम कर रही है। हालांकि, कारों की घटती बिक्री और लगातार मुनाफे पर दबाव की वजह से टेस्ला के शेयरों को नुकसान हुआ है। इसी कारण श्मैग्निफिसेंट सेवनश कहे जाने वाले बड़ी टेक कंपनियों के समूह में इसके शेयर सबसे कमजोर प्रदर्शन करने वाले शेयरों में से एक रहे हैं। टेस्ला के निदेशक मंडल ने पिछले महीने एलन मस्क के लिए एक ट्रिलियन डॉलर (लगभग 83 लाख करोड़ रुपये) की मुआवजा योजना प्रस्तावित किया था

## पीओके में गोलीबारी में आठ प्रदर्शनकारियों की मौत

**मुजफ्फराबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू कश्मीर के कई शहरों और कस्बों में गरीबी और बदइंतजामी से नाराज होकर सड़क पर प्रदर्शन कर रहे लोगों पर पाक सुरक्षा बलों की गोलीबारी की अलग-अलग घटनाओं में आठ लोगों की मौत हो गई और 26 अन्य घायल हो गए। सूत्रों के अनुसार जम्मू और कश्मीर अवामी एक्शन कमेटी (जेकेएएसी) के प्रमुख नेता शौकत नवाज मीर के आह्वान पर इन नाराज लोगों ने कई इलाकों से मुजफ्फराबाद की ओर एक लंबा मार्च शुरू किया था। अपुष्ट सूत्रों के अनुसार कोटली इलाके में रावलकोट और बाग से मुजफ्फराबाद की ओर कूच कर रहा करीब दो हजार लोगों का काफिला जब धीरकोट इलाके में पहुंचा तो पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर गोलीबारी करनी शुरू कर दी। इस घटना में चार नागरिक मारे गए और लगभग सोलह घायल हो गए। धीरकोट में हुई हिंसा के विरोध में जब मुजफ्फराबाद के लाल चौक पर लोगों ने धरना दिया तो पुलिस ने धरना दे रहे इन लोगों पर गोलीबारी की और आंसू गैस के गोले दागे।

